e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 93
शुक्रवार
05.04.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
गुरु केवल आपको शिक्षा दे सकता है, उसका उपयोग कैसे करना है यह आपके ऊपर निर्भर करता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

**रोजा का समय**
इफ्तार (05.03.24): शाम 06:07 बजे
सेहरी (06.04.2024) सुबह 04 : 13 बजे



# गिरिडीह : बस से 1.09 करोड़ कैश बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने गुरुवार की सुबह बिहार के गया से कोलकाता जा रही महारानी बस से एक करोड़ नौ लाख 50 हजार करोड़ बरामद किए हैं। इस मामले की पुष्टि करते हुए गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार की रात उन्हें यह सूचना मिली कि बिहार के गया से कोलकाता जा रही महारानी बस में एक करोड़ से अधिक राशि को रखा गया है। इस राशि से चुनाव को प्रभावित किया जाना है। इस सूचना पर एफएसटी (फ्लाइंग स्कवॉड टीम) को एक्टिव किया गया। टीम में बगोदर बीडीओ अजय कुमार वर्मा, एसडीपीओ धनंजय कुमार राम और बगोदर थाना प्रभारी समेत अन्य कर्मियों को शामिल किया गया। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने वाहन जांच अभियान चलाया। बगोदर के औरा में बस की जांच की।

इस दौरान पुलिस तीन व्यक्तियों को पकड़ा, जिनमें से दो व्यक्ति के पास से करीब 67 लाख और एक व्यक्ति के पास करीब 42.5 लाख रुपया यानी कुल 1.09 करोड़ बरामद किये। तीनों व्यक्तियों बरामद पैसे के संबंध में पूछताछ की जा रही है। एसपी ने कहा कि पैसे कहां से उठायी गयी थी और कहां ले जाने की तैयारी थी व इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं, सभी की जांच चल रही है। आयकर विभाग को भी इसकी सूचना दी जायेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है और 50 हजार से अधिक रकम नगद ले जाने पर प्रतिबंध है।



## वाहन चेकिंग के दौरान अब तक 2.20 करोड़ रुपया बरामद : एवी होमकर

रांची : झारखंड पुलिस ने आचार संहिता लागू होने से अब तक राज्य के अलग-अलग जिलों में चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान 2.20 करोड़ रुपये बरामद किये हैं। आचार संहिता के दौरान किसी के पास 50 हजार से ज्यादा कैश मिलने पर इसके स्रोत की जानकारी पूछी जायेगी। अगर 10 लाख से अधिक कैश होगा तो यह आयकर विभाग की जांच के दायरे में आयेगा। आईजी अभियान सह राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने गुरुवार को बताया कि चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू है और 50 हजार सें अधिक रकम नगद ले जाने पर प्रतिबंध है। राज्य के सभी जिलों के एसपी को लगातार सभी चेकपोस्ट पर चेकिंग करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान अब तक 2.20 करोड़ बरामद किया गया है। इसके अलावा शराब सहित मादक द्रव्य पदार्थ बरामद किए गए हैं। 18 मार्च को धनबाद के मैथन में पुलिस ने कार से 2.91 लाख जब्त किये। 23 मार्च को बोकारो पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन कार से करीब 3.50 लाख बरामद किये। 24 मार्च को रामगढ़ एसपी ने बरलांगा मुख्य मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक वाहन से 1.95 लाख जब्त किये। 27 मार्च को लातेहार के बारियातू में कार से 1.21 लाख बरामद। 27 मार्च को दुमका में चेकपोस्ट पर जांच के दौरान अलग-अलग वाहनों से 16.53 लाख जब्त। 29 मार्च को लातेहार में वाहन चेकिंग के दौरान 21.95 लाख कैश बरामद। 31 मार्च को धनबाद के धनसार में ओला वाहन से पांच लाख जब्त। 01 अप्रैल को जमशेदपुर के कमलपुर में वाहन चेकिंग के दौरान 10 लाख बरामद। 01 अप्रैल को गिरिडीह पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 2.58 लाख जब्त किये। 03 अप्रैल को लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र में बुधवार को चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने एक कार से लगभग 5 लाख 65 हजार रुपए बरामद किए। 03 अप्रैल को जामताड़ा के नाला थाना क्षेत्र के इंटरस्टेड चेक पोस्ट से छह लाख 40 हजार रुपये बरामद किए गए। 03 अप्रैल को निमियाघाट के अरगाघाट के पास वाहन चेकिंग के दौरान अलग-अलग वाहनों से कुल 29.31 लाख रुपये और धनवार के खोरीमहुआ चौक के समीप से 1.60 लाख रुपये नगद राशि जब्त की गई। 04 अप्रैल को गिरिडीह से 1.09 करोड़ बरामद।

आचार संहिता लागू है और 50 हजार से अधिक रकम नगद ले जाने पर प्रतिबंध है।



# भ्रामक खबरों पर करें त्वरित कार्रवाई : के. रवि कुमार

*** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दुमका समाहरणालय में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की समीक्षा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** लोकसभा चुनाव 2024 में तकनीक के इस्तेमाल से फेक न्यूज, डीप फेक वीडियो का उपयोग कर भ्रामकता फैलाई जाने की संभावनाओं पर सक्रियता से ध्यान रखा जाना चाहिए। सभी जिलों में कार्यरत मीडिया मोनीटरिंग सेल प्रो-एक्टिव मोड में कार्य करें और भ्रामक खबरों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसी कोई खबरों को प्रसारित होने से रोकने के लिए निर्धारित गाइडलाईन के अनुसार त्वरित कार्य करें। सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट का तत्काल फैक्ट चेक करें। पोस्ट का पूर्वानुमान लगाते हुए सम्भावित भ्रामक खबरों की रोकथाम की दिशा में सख्ती से कार्रवाई आवश्यक है। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वे आज दुमका समाहरणालय में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने संताल परगना प्रमंडल के दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, जामताड़ा, पाकुड़ एवं देवघर जिलों में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा तय की गई जिम्मेवारियों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा तय की गई जिम्मेवारियों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। लोकसभा चुनाव 2024 की गंभीरता को समझें और शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सभी ठोस कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।विधि-व्यवस्था के संधारण में किसी तरह की कोर-कसर नहीं रहे।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संताल-परगना प्रमंडल के जिलों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिन्हित मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया। उन्होंने पुलिस एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर वारंटियों के विरुद्ध सघन छापेमारी करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने का निदेश दिया।

**चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग अभियान चलाएं:** के. रवि कुमार ने सभी जिलों के चेक पोस्टों पर सघन चेकिंग करने एवं अंतराज्यीय सीमाओं पर सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी रखने का निदेश दिया। साथ ही सघन जांच अभियान चलाकर अवैध शराब, शस्त्र एवं अवैध नगदी की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाने का निदेश दिया।

**मतदाता एवं मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य का रखें ध्यान:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर मेडिकल किट, स्थाई शौचालय एवं उसमें रनिंग वाटर कनेक्शन एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित रखें। इसके साथ-साथ मतदाताओं एवं मतदान कार्य में लगे कर्मियों के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा जाना है। चिकित्सा की बेहतर सुविधा के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी। इस बाबत अपने-अपने क्षेत्र के सरकारी एवं गैरसरकारी उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों को चिन्हित कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का आकलन करें और कमियों को दूर कर आकस्मिक सेवाओं के लिए तैयार रखें।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति:** समीक्षा बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संताल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा सहित वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### श्रीलंका नौ सेना ने 19 भारतीय मछुआरों को छोड़ा

**चेन्नई (तमिलनाडु) :** केन्द्र सरकार के प्रयास से श्रीलंका की नौसेना ने पकड़े 19 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है। यह मछुआरे कोलंबो से चेन्नई के लिए रवाना हो गए। श्रीलंका सरकार ने अपने एक्स एकाउंट पर आधिकारिक पोस्ट में बताया है कि श्रीलंका में भारतीय दूतावास के प्रयास से 19 मछुआरों की वापसी की रही है। यह भारतीय मछुआरे श्रीलंका के कोलंबो से चेन्नई आ रहे हैं। इन तमिलनाडु के मछुआरों को 23 जनवरी 2024 को श्रीलंकाई नौसेना ने पकड़ लिया था। अपनी शिकायतों के समाधान की मांग को लेकर 5 फरवरी को रामेश्वरम के मछुआरों ने प्रतीकात्मक हड़ताल रख दी थी। मछुआरों ने घोषणा की थी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे अपने मतदाता पहचान पत्र केंद्र सरकार को लौटा देंगे और चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

### शराब की तस्करी करने छह आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार :** पथरी थाना अंतर्गत फेरूपुर चौकी पुलिस ने चौकी इंचार्ज नवीन चौहान के नेतृत्व में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर 100 लीटर कच्ची शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। फेरूपुर चौकी पुलिस को मुखबिर से फेरूपुर और टिकोला गांव में शराब की तस्करी करने की सूचना मिली। सूचना पर कार्यवाई करते हुए चौकी प्रभारी ने टिकोला गांव से देशराज पुत्र तेजपाल और फेरूपुर से शुभम पुत्र मांगे राम को उनके घर से गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने 50-50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्यवाई करते हुए धारा 60 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया है। दूसरी ओर लक्सर पुलिस ने छापेमारी कर अलग-अलग जगह से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने दो सौ लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। साथ ही पुलिस ने शराब बनाने के उपकरण भट्टी इत्यादि सामान बरामद किया है।

### रेलवे लाइन पर बैठकर शराब पी रहे दो दोस्तों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**नदिया :** गुरुवार सुबह रेलवे लाइन पर बैठकर शराब पी रहे दो दोस्तों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना नदिया जिला अंतर्गत फुलिया प्रफुल्ल नगर के रेलगेट नंबर-5 से सटे इलाके की है। खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान का खुलासा नहीं हो सका था। हालांकि, स्थानीय सूत्रों के मुताबिक दोनों में से एक का घर शांतिपुर इलाके में है।सूत्रों के अनुसार, दोनों दोस्त रेलवे लाइन पर बैठकर शराब पी रहे थे। उसी समय उस लाइन पर डाउन सियालदा शांतिपुर लोकल आ रही थी। दोनों इतने नशे में थे कि उन्हें ट्रेन आने का पता नहीं चला। परिणामस्वरूप, लोकल ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। हादसे की सूचना पाकर राणाघाट जीआरपी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दोनों की शिनाख्त में जुटी हुई है।

### सोनिया गांधी ने राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

**नई दिल्ली :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ ली। वह राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई। सोनिया राजस्थान से राज्यसभा की सदस्य चुनी गई हैं। उच्च सदन में यह सोनिया गांधी का पहला कार्यकाल होगा। 77 वर्षीय कांग्रेस नेता उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करती थीं। वह आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। 1999 में कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने के बाद वह पहली बार सांसद चुनी गईं थी। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद सोनिया गांधी राज्यसभा में प्रवेश करने वाली गांधी परिवार की दूसरी सदस्य होंगी। इंदिरा गांधी अगस्त 1964 से फरवरी 1967 तक उच्च सदन की सदस्य थीं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35° |
| न्युनतम | 20° |

# आज अदा की जाएगी अलविदा की नमाज, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** माहे रमजान माह में पड़ने वाले आखिरी जुमा (शुक्रवार) 5 अप्रैल को अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। नमाज के मद्देनजर पूरे रांची शहर और इसके आस पास में तैयारी की गई है। पाक रमजान के आखिरी अशरे में शबे कद्र और अलविदा के मद्देनजर मुस्लिम बहुल इलाके पूरी रात रोशन हो रहे हैं।

अलविदा पर मस्जिदों समेत अन्य इबादतगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ेगी। इसके मद्देनजर सभी मस्जिदों में जमात के खास इंतजाम हुए हैं। अलविदा के मद्देनजर सुरक्षा इंतजाम भी कड़े किए गए हैं। मस्जिदों की छतों, दरगाहों, गलियों आदि में इंतजाम किए गए हैं। वहीं नमाजियों से अपील भी की गई है कि वे मस्जिद पहले आये जगह पाए और अपने साथ कोशिश करें कि घर से वजु बनाकर आये और जायर नमाज, चटाई अपने साथ लाये। ताकि भीड़ हो जाये आप साफ जगह देखकर वहीं सफल बनाकर नमाज अदा कर लें। ऐहतियात मिलीजुली आबादी वाले इलाकों में पुलिस फोर्स की तैनाती की जायेगी।

सुरक्षा के मद्देनजर मस्जिदों, मदरसों, दरगाहों के आसपास पुलिस की तैनाती रहेगी। जैसे पिछले जुमा को पुलिस बल तैनात थी। अलविदा को छोटी ईद माना जाता है। ऐसे में शहर के कांटाटोली, डोरंडा, हिंदपीढ़ी, बरियातू, अपर बाजार, कर्बला चौक, पुंदाग, कांके, ओरमांझी समेत अन्य इलाकों में अलविदा के नमाज अदा की जायेगी।

**प्रधानमंत्री मोदी ने लालू पर जमकर बोला हमला, कहा**

# नौकरी के नाम पर गरीबों की जमीन ले लेते थे



एजेंसी

**पटना :** आज बिहार के 85 लाख से ज्यादा किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जमुई में ही किसानों को इस योजना के तहत 850 करोड़ रुपये से अधिक उनके बैंक खाते में पहुंचे हैं। यह घमंडिया गठबंधन की सरकार होती तो क्या आपके खाते में सीधे पैसे भेजने की योजना बनती क्या? यह लोग आपके पैसे लूट लेते और आपसे हस्ताक्षर करवा लेते कि पैसा मिल गया है। एक-दूसरे को जेल में बंद करने की मांग करने वाले आपको डरा रहे हैं कि मोदी आया। भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लें, यह मोदी नहीं आया। 140 करोड़ देशवासियों का गुस्सा निकल कर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन शब्दों के साथ राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव को सीधा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उनके समय गरीबों को नौकरी देने के नाम पर जमीन लिखवा ली जाती थी। नीतीश जी भी रेल मंत्री थे, उनपर तो कभी ऐसा दाग नहीं लगा। जिनकी पहचान अपहरण उद्योग की रही, वह सड़क नहीं बनने देते थे। वह बिहार को लालटेन युग में रखना चाहते हैं, जबकि हम नीतीश कुमार के साथ रहकर बिहार में सड़क और हाइवे बना रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में जंगलराज से लेकर राम मंदिर तक की बात की। उन्होंने कहा कि जंगलराज में बेटियां बाहर नहीं निकल पाती थीं। उठा ली जाती थीं। कुछ भी अच्छा नहीं होने दिया जाता था। अपहरण ही उद्योग था। प्रधानमंत्री ने अयोध्या के राम मंदिर की चर्चा करते हुए कहा कि राजद-कांग्रेस ने राम मंदिर को बनने से रोकने में पूरी ताकत लगा दी थी।

# झामुमो ने दुमका और गिरिडीह लोस सीट से उम्मीदवार की घोषणा की





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गुरुवार को दुमका और गिरिडीह लोकसभा सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दुमका से नलिन सोरेन और गिरिडीह से मथुरा प्रसाद महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। इससे पूर्व चर्चा थी कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से दुमका लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं पर अब इस घोषणा के बाद सभी प्रकार की चर्चा पर विराम लग गया है। नलिन सोरेन ने कहा कि पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिस तरह जेल भेजा गया उससे जनता में काफी आक्रोश है. वह जानती है कि षड्यंत्र के तहत उन्हें जेल भेजा गया है. इससे लोगों की भावना हम लोगों के साथ जुड़ी हुई है. इस लोकसभा चुनाव में यह भी हमारा मुख्य मुद्दा होगा. उन्होंने कहा कि भले ही हेमंत सोरेन अभी जेल में हैं और संभावना यह है कि वह हमारे इलेक्शन कैंपेनिंग में नहीं आएंगे पर जनता उनकी अनुपस्थिति की वजह जानती है और यह सब मेरी जीत का प्लस पॉइंट होगा. उल्लेखनीय है कि आईएनडीआईए गठबंधन के मुख्य घटक दल कांग्रेस ने झारखंड में अबतक सिर्फ तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। 28 मार्च को कांग्रेस की सीईसी की बैठक के बाद पार्टी ने तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। इसमें लोहरदगा लोकसभा से सुखदेव भगत, खूंटी से कालीचरण मुंडा और हजारीबाग से जय प्रकाश पटेल को उम्मीदवार बनाया गया था।

# राजस्व कर्मचारी घुस लेते गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पलामू प्रमंडलीय इकाई ने गुरुवार को जिले के पाटन अंचल के हल्का नंबर 10 के राजस्व कर्मचारी परवेज आलम को सात हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जमीन म्यूटेशन के एवज में राजस्व कर्मचारी रिश्वत ले रहा था। पाटन से गिरफ्तार करने के बाद राजस्व कर्मचारी को मेदिनीनगर कार्यालय लाया गया। यहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार करने के साथ एसीबी पलामू ने इस वर्ष का पहला ट्रेप केस पूरा कर लिया है। जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के हरैयाखुर्द के रहने वाले नूर आलम पिता तबारक अंसारी एवं इनके भाई तस्कीम अंसारी के नाम से हरैयाखुर्द हल्का नंबर 10 के खाता नंबर 12, प्लॉट नंबर 692 में 5.90 डिसमिल जमीन लेयाकत हुसैन से 11.8.2023 को खरीदा था, जिसका म्यूटेशन कराने के लिए सारे कागजात ऑनलाइन किया गया था, जिसका केस नंबर 1411/2023-24 है, लेकिन म्यूटेशन नहीं हो पाया था। नूर



आलम हल्का नंबर 10 के कर्मचारी परवेज आलम से मिले तो उन्होंने म्यूटेशन के लिए सात हजार रुपए रिश्वत की मांग की। काफी आग्रह करने के बाद भी राजस्व कर्मचारी बिना रिश्वत लिए काम करने को तैयार नहीं हो रहा था। इस संबंध में एसीबी के पलामू कार्यालय में शिकायत की गयी और इसका सत्यापन के बाद मामले को सही पाकर मामला दर्ज किया गया।गुरुवार को धावादल के द्वारा दंडाधिकारी एवं दो स्वतंत्र गवाह की उपस्थिति में परवेज आलम को पाटन से सात हजार रूपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। परवेज आलम जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत तेतराई गांव के निवासी हैं।

### 5 हजार घुस लेते पंचायत सेवक गिरफ्तार

**चतरा:** एसीबी की बड़ी कार्रवाई चतरा में किया गया है।टीम ने 5000 रुपए घुस के साथ पंचायत सेवक अजय साव को गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने पोस्ट ऑफिस चौक से पंचायत सेवक को दबोचा है। टीम ने गिरफ्तार कर अपने साथ हजारीबाग ले गई है। दारियातु और लेम्ह के पंचायत सेवक अजय साव 15वें वित्त के सड़क निर्माण में घुस ले रहा था।

# स्वामी प्रसाद मौर्य, उनकी बेटी संघमित्रा समेत 5 के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

एजेंसी

**लखनऊ.** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य, उनकी सांसद बेटी संघमित्रा मौर्य समेत पांच लोगों के खिलाफ लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है. धोखाधड़ी, मारपीट, जान से मारने की धमकी और साजिश से पूरा मामला जुड़ा है.संघमित्रा मौर्य पर बिना तलाक लिए धोखे से दीपक स्वर्णकार से शादी का आरोप है. मामले में कोर्ट में हाज़िर न होने पर एमपी-एमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है. वादी दीपक के मुताबिक वो और संघमित्रा मौर्या



2016 से लिवइन रिलेशन में रह रहे थे. वादी के मुताबिक संघमित्रा और स्वामी प्रसाद ने बताया कि संघमित्रा का पूर्व की शादी में तलाक हो गया है. लिहाज़ा 3 जनवरी 2019 को दीपक ने संघमित्रा के घर पर उनसे शादी कर ली. जबकि 2019 के चुनाव में शपथ पत्र देकर संघमित्रा ने खुद को अविवाहित बताया था. वादी के मुताबिक संघमित्रा का तलाक मई 2021 में हुआ था.

संक्षिप्त खबरें

## अमित कश्यप राष्ट्रीय कसौधन वैश्य महासभा के संगठन मंत्री बने, मिली बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में गढ़वा समाज के पूर्व सचिव अमित कुमार कश्यप को अखिल भारतवर्षीय कसौधन वैश्य महासभा राष्ट्रीय टीम के द्वारा संगठन मंत्री मनोनीत किया करने पर अमित कश्यप को इस उपलब्धि के लिए अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए अध्यक्ष उमेश कश्यप ने बताया कि अमित कश्यप को संयुक्त रूप से बधाई दिया गया एवं सभी ने कहा कि आपके संघटनात्मक कार्य से राष्ट्रीय टीम में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। साथ ही गढ़वा सहित पूरे भारत स्तर पर अपने कार्य से अमिट छाप छोड़ने का कार्य करें। मौके पर समाज के सचिव संतोष कश्यप, उप सचिव विवेक कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, उप कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, युवा टीम के कोषाध्यक्ष अभिषेक कश्यप आदि उपस्थित थे।

# महेश्वर शिव को अपना गुरु बनाकर स्वयं को जानने का प्रयास करें : भाई धनंजय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** एक आध्यात्मिक जन जागरण हेतु शिव शिष्यता के अभियान को लेकर विभिन्न प्रखंड के अनेक पंचायत में श्रद्धेय भाई धनंजय जी का आगमन हो रहा है। जिनके आगमन का मात्र एक ही उद्देश्य है जन मन मे शिव शिष्यता का अलख जगाना। भाई धनंजय विश्व के कोने-कोने में घूम कर शिव शिष्य परिचर्चा का अलख जगा रहे हैं। अभी कुछ दिनों पहले झारखंड के कई जिलों में उन्होंने शिव शिष्य परीचर्चा में भाग लेकर लोगों के बीच अमृत वर्षा की। इनका कार्यक्रम इस प्रकार है 12 अप्रैल लेस्लीगंज प्रखंड नवाडिहा पंचायत के नवाडीहा में शाम 5 बजे से रात्री 9 बजे तक। भाई धनंजय जी के चर्चा 7 बजे से 8 बजे तक। 14 अप्रैल तरहंसी प्रखंड के कसमार पंचायत के कसमार में शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक। भाई धनंजय



जी के चर्चा 7 बजे से 8 बजे तक। 23 अप्रैल बारियातू प्रखंड फूलसू पंचायत के लाटू में दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक। भाई धनंजय जी के चर्चा 4 बजे से 5 बजे तक। 24 अप्रैल बालूमाथ प्रखंड भगिया पंचायत के ओकीया में दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक। भाई धनंजय जी के चर्चा 4 बजे 5 बजे तक। 25 अप्रैल लावालौंग प्रखंड हेडूम पंचायत के कल्याणपुर में दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक।भाई धनंजय जी के चर्चा 4 बजे से 5 बजे तक। 28 अप्रैल पांकी प्रखंड नवडीहा पंचायत के बहेरा में शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक। भाई धनंजय जी के चर्चा 7 बजे से 8 बजे तक।

# प्रथम महापौर अरुणा शंकर को पितृशोक

### झारखंड व छत्तीसगढ़ के कई लोगों ने जताया शोक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के ससुर व प्रथम महापौर अरुणा शंकर के पिता राजकुमार गुप्ता 72 वर्ष की आयु में 2 तारीख की संध्या 6.58 बजे बॉम्बे हिंदुजा हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। वह गत दो माह से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे तीन पुत्री और धर्मपत्नी छोड़ गए। जिसमें सबसे बड़ी बेटी मेदिनीनगर की महापौर रही अरुणा शंकर हैं, जो हर पल उनके साथ गत 2 माह से साथ रह रही थी। 3 तारीख को उनके पैतृक निवास बलरामपुर जिले के कछिया ग्राम छत्तीसगढ़ में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें काफी संख्या में छत्तीसगढ़ के साथ- साथ मेदनीनगर शहर के ईस्ट मित्र और झारखंड के लोग अंतिम दर्शन के लिए सम्मिलित हुए। मुखाग्नि स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता के भतीजे शैलेश गुप्ता एवं राकेश गुप्ता उर्फ़ बबलू ने दिया। वहीं आनंद शंकर घर के बड़े दामाद होने के नाते सभी अतिथियों से मिलकर इस दुख की घड़ी में साथ खड़े रहने के लिए आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता का ब्रह्म भोज 15 अप्रैल को होना सुनिश्चित है।

## केतार बीडीओ ने निर्वाचन में शामिल कर्मियों के साथ की बैठक



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार बीडीओ सावित्री कुमारी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को निर्वाचन कार्य में शामिल कर्मियों के साथ बैठक कर पुलिंग बूथ एवं मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसको लेकर निर्देशित किया गया है। ताकि समय रहते सभी तैयारी पूर्ण कर ली जाए। इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत सुपरवाइजर, हेड मास्टर, सेक्टर ऑफिसर, के कर्मी उपस्थित थे।

## सार्वजनिक चापाकल से लोगों को पानी पीने में बाधा उत्पन्न करने वाले पर होगी कानूनी कार्रवाई : बीडीओ

**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने पानी को लेकर मिली शिकायत के आलोक में पत्र जारी कर ग्राम पंचायत बालीगढ़ के ईश्वर बैठा पिता स्व0 राम लगन बैठा को कड़ी हिदायत देते हुए बीडीओ ने दो दिनों के अंदर सार्वजनिक चापाकल से सभी लोगों को पानी-पीने में किसी भी तरह की कठिनाई उत्पन्न नहीं करने की बात कही है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में बीडीओ ने कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि उक्त चापाकल वर्ष 2011 में सांसद मद्द से निर्मित की गई थी जिससे स्थानीय लोग पिछले कई वर्षों से पानी पीते आ रहे हैं। परंतु फिलहाल ईश्वर बैठा द्वारा अन्य लोगों को पानी पीने से रोक लगाई जा रही है।

# सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से सत्यानु शरण ग्रंथ, नारी नीति ग्रंथ का पाठ व समवेत नाम जप किया गया। सत्संग में धृतिसुन्दर लाल, गीता देवी व चंचला गुप्ता ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम अर्थात अपने ईष्ट सद्गुरु के आदेश का पालन करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि युगों युगों से देखा जा रहा है कि नारी शक्ति महान है.नारी की महानता के कारण ही



अधर्मी हिरण्यकश्यप के घर मे प्रहलाद जैसा भक्तिवान, सुसंतान का जन्म हुआ था। उन्होंने अनुलोम विवाह करने पर विशेष चर्चा किया। सत्संगी अजय दा ने कहा कि उषा निष समय मे मन्त्र साधना करते हुये तथा शेष समय ईश्वर का नाम जपना तथा इष्ट के निर्देशों का पालन करना प्रत्येक सत्संगी का धर्म है। ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि धर्म के मूर्त रूप वर्तमान पुरुषोत्तम होते हैं। धर्म एक है। उसका कोई प्रकार या भेद नही होता है.सभी जीवों की रक्षा करना भी एक धर्म है.सभी जीव ईश्वर की संतान है। इसलिये धर्म ईश्वर में समाहित है। धर्म को जानने का अर्थ है,विषय के मूल कारण को जानना और वही जानना ज्ञान है। सत्संग में राजकुमार दा, संजय दा, रमेश प्रसाद, श्रवण, शक्तिदास सिन्हा, धृतिदीप्त, भोला प्रसाद, तनुप्रिया, तनुष्का, प्रिया देवी, प्रमिला देवी, दीप माला, मधु, सुप्रिया, सुजन्ती कुमारी, प्रियांशु, शिवम, आदित्य सहित अन्य उपस्थित थे।

## विश्रामपुर में आज आएगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** लोकसभा चुनाव को लेकर विश्रामपुर नवाडीह कला स्थित आरसीयू स्टेडियम में दोपहर दो बजे से भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे। इसके अलावा विश्रामपुर विस क्षेत्र के सभी दिग्गज नेता, कार्यकर्ता व बुथ स्तरीय कार्यकर्ता सहित प्रदेश महामंत्री भाग लेंगे। इसकी जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर दी। अमित तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम को भारी मतों से जिताने की रणनीति बनेगी.ताकि अबकी बार 400 पार का लक्ष्यों आसानी से हासिल हो सके। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बताया कि सम्मेलन में श्री मरांडी भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का टिप्स देंगे और उनमें उत्साह का संचार तेज करेंगे.उन्होंने कहां कि भाजपा नेता व कार्यकर्ता हर घर तक पहुंच पार्टी के विचारों से लोगों को अवगत कराएंगे। प्रधानमंत्री मोदी का संदेश लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने सम्मेलन में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अपील भी किया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी विश्रामपुर ओमप्रकाश तिवारी, भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद भोला सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी, इद्रीस हवारी भी मौजूद थे।

## लेस्लीगंज थाना प्रभारी के प्रयास से पकड़ा गया अवैध देशी शराब व बालू लदा ट्रैक्टर



**नीलांबर,पीतांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना के थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना क्षेत्र में अवैध शराब, अवैध बालू की ढुलाई और अपराध के खिलाफ सघन अभियान छेड़ दिया है। बाबूदुमी में छापेमारी कर अवैध देशी शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्होंने 300 किलो जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण को विनष्ट किया। लेस्लीगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई अवैध देशी शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई में थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के साथ एसआई राजू मांझी, आरक्षी जवान रंजीत साव और अन्य लेस्लीगंज पुलिस जवान सम्मिलित रहे। साथ ही थाना प्रभारी के निर्देश पर एएसआई अजय कुमार अपने दल बल के साथ अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को झरहा से पकड़ा। ट्रैक्टर ड्राइवर गाड़ी छोड़ भाग निकला। लेस्लीगंज पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया है। ट्रैक्टर मालिक की पहचान की जा रही है। हलाकि लेस्लीगंज क्षेत्र में बालू लदा ट्रैक्टर चलना और पकड़ाना लगातार जारी है।

## स्वीप कोषांग के तहत एसपीडी कॉलेज में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित, सिमरन प्रथम




**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वीप कोषांग के निर्देशानुसार गुरुवार को स्थानीय सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा में छात्र-छात्राओं के बीच ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें सिमरन सोनी ने प्रथम, प्राची कुमारी ने द्वितीय तथा हिमांशु गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि आज के लोकतंत्र में देश के विकास में युवाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। नये भारत के निर्माण में मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर एक मजबुत राष्ट्र का निर्माण करें और देश के उज्जवल भविष्य को बनावें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को लेकर एनएसएस के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरुकता एवं नैतिक मतदान विषय पर आज ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम को डा. उमेश सहाय, डा. हिमांशु भूषण जरुहार ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रो. राखी चौबे एवं प्रो. निकीता कुमारी ने निभायी। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. आशीष कुमार पाण्डेय ने किया।

# निजी खर्च से गौशाला को दिया पांच वैपर लाईट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** श्रीकृष्ण गौशाला परिसर गढ़वा में रात्रि में रौशनी की उचित व्यवस्था के लिए कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने व्यक्तिगत खर्च से गौशाला के लिए पांच वैपर लाईट उपलब्ध कराया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार उचित रोशनी नहीं रहने के कारण गौशाला के सचिव रमेश कुमार दीपक के द्वारा एल.ई.डी वैपर लाइट की मांग कसौधन वैश्य समाज, गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप से की गई थी। उमेश कश्यप द्वारा त्वरित निर्णय लेते हुए अपने निजी खर्चे से पांच एलइडी वैपर लाइट उपलब्ध कराया तथा कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है। और भी लाइट की जरुरत होगी तो मैं उपलब्ध कराऊँगा। गौशाला समिति के सचिव रमेश दीपक ने इस नेक कार्य के लिए अध्यक्ष उमेश कश्यप को बहुत बधाई दी है।

# बाबा चौहरमल के 711 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत गम्हरिया गांव स्थित वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल कल्याण समिति के तत्वाधान में 711 वीं जयंती समारोह संह सांस्कृतिक दोगोला कार्यक्रम आयोजन किया गया? जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम के उद्घाटन मुख्य अतिथियों के द्वारा फिता काटकर संयुक्त रूप किया गया मौके पर वीर बाबा चौहरमल मंदिर संस्थापक सिपाही अखिलेश कुमार पासवान हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन पासवान उर्दवार पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी मुखिया नरेश कुमार पासवान विमलेश कुमार पासवान ने सहित अन्य लोग किया उद्घाटन वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता शिरोमणि बाबा चौहरमल मंदिर संस्थापक सिपाही अखिलेश कुमार पासवान की जबकि मंच संचालन संयुक्त रूप से दिनेश कुमार पासवान ने किया वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष विकास कुमार पासवान ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की प्रतिमा



पर पुष्प अर्पित माल्यार्पण एवं मंत्रोंचार के साथ विधी विधान से पूजा किया गया वहीं कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सहित अन्य गन्यमाण व्यक्तियों को अंग देकर सम्मानित किया गया वहीं भोजपुरी मशहूर कलाकार विनय बिहारी झारखंड वनाम सिकंदर तुफान बिहार कलाकार के द्वारा वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की वंदना से और इनकी चरित्र को बखान वर्णण किया गया और दोगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें हजारों श्रोता हुए सामिल मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष विकास कुमार पासवान नगर अध्यक्ष शशि कुमार उर्दवार पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान पूर्व दक्षिणी जिला परिषद सदस्य मदन पासवान पथरा पंचायत मुखिया नरेश कुमार पासवान महुआरी पंचायत मुखिया पति विमलेश कुमार समाजसेवी कुंदन कुमार पासवान पासवान दगंवार पंचायत मुखिया अमरेन्द्र कुमार ठाकुर भाजपा नेता जे के पासवान भाजपा नेता रंजीत कुमार पासवान ललन कुमार पासवान विहारी पासवान शक्ति कुमार पासवान रंजित कुमार पासवान अनिकेत कुमार पासवान, रितेश कुमार पासवान, अंजन कुमार पासवान, अजय पासवान, नंदू पासवान, सुनील कुमार पासवान, गोविंद कुमार पासवान, रोहित कुमार, राहुल कुमार, विकास कुमार, दीपक कुमार, निरंजन कुमार, गोलू कुमार रामजवित पासवान जनक पासवान पंचायत समिति सदस्य मिथिलेश कुमार पासवान चौकिदार अमित कुमार पासवान एस आई ननंद कुमार पासवान भोला पासवान सुधीर कुमार पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रेम में फस कर बेघर हो गई जमुना बियार, मां-बाप ने भी निकाला घर से

# प्रेमी के घर वालो ने मारपीट भी किया, प्रेमी का भी शादी से इनकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** किसी भी लड़की को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करना, यहां तक की प्रेग्नेंट होने के बाद उस लड़की को ठुकरा कर दूसरी शादी कर लेना, इस पढ़े-लिखे समाज का धीरे-धीरे एक पहचान बनता जा रहा है।ऐसे ही एक मामला का खुलासा गुरुवार को हुआ। उड़ीसा राज्य के बरगढ़ जिला में स्थित महगाव ग्राम निवासी लब बियार की पुत्री जमुना बियार के साथ अनुमंडल मुख्यालय बंशीधर नगर के लड़का ने किया.लड़की ने अपने साथ घटी घटना का जिक्र करते हुए कहा की मगरदह ग्राम निवासी नेपाल राम का पुत्र दीपू कुमार से उड़ीसा में सोफीटोरियम इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई के दौरान जान पहचान हुआ।जान पहचान बढ़ कर प्रेम में बदल गया। उसने बताया की दीपू कुमार ने उसे और उसके परिवार को आश्वस्त किया था कि वह उसी के साथ



शादी करेगा।2022 में कॉलेज खत्म होने के बाद लड़का अपने घर चला गया और मैं अपने घर चली आई। इसी बीच जनवरी 24 में मुझे पता चला की दीपू कुमार की शादी हो रही है। इस दौरान मैं उससे मिलने बंशीधर नगर आयी। दीपू कुमार के द्वारा मेरे साथ रेलवे स्टेशन पर ही मारपीट किया गया। रेलवे पुलिस द्वारा बीच बचाव कर मुझे महिला थाना नगर ऊंटारी भेजा गया। जहां पर मामले को रफा दफा कर दिया गया। उसके बाद 12 फरवरी 2024 को महिला पुलिस के साथ मैं उसके घर भी गई थी। लेकिन उसके घर में कोई भी नहीं मिला।महिला थाना प्रभारी द्वारा मुझसे कहा गया तुम अपने घर चले जाओ, नहीं तो लड़के वाले तुम्हें जान से मार देंगे।महिला थाना में मेरी प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की गई। इस संबंध में मैंने जिला पुलिस पदाधिकारी गढ़वा को 4 मार्च 2024 को एक आवेदन भी दिया था। उसने बताया कि दुबारा 7 मार्च 24 को मैं नगर उंटारी थाना स्थित मगरदह ग्राम में दीपू कुमार के घर शादी के संबंध में बात करने गई।तो उसकी मां पनवा देवी और बहन नूरांचल कुमारी ने एक अन्य महिला के साथ मिलकर मेरे साथ मारपीट किया और मेरा मोबाइल भी छीन लिया। इस संबंध में 7 मार्च को ही नगर ऊंटरी थाना में मैंने प्राथमिकी भी दर्ज कराई।लेकिन आज तक दीपू कुमार के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं किया गया। उसने बताया कि दीपू कुमार ने दो बार उसका बच्चा गिराया। यह कहते हुए की शादी से पहले बच्चा होने से हम दोनो की बदनामी होगी।मैंने दोनो बार उसकी बात मानी। आज वह शादी से इनकार कर रहा है। उसने बताया कि उसके घर वाले भी उससे नाता तोड़ लिए है। मेरे पास दीपू कुमार के घर जाने के अलावा कोई भी रास्ता नही बचा है।भले ही वे लोग मेरे साथ मारपीट करे या फिर जान से ही मार डाले।इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बताया कि केस संख्या37/24 341/ 323/ 379/34 आई पी सी के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है, अनुसंधान जारी है।

# ब्लॉक प्रमुख ने प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा पेयजल की समस्या को लेकर जताई चिंता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विशुनपुरा :** विशुनपुरा प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी को लगातार प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण कर लोगो की समस्याओं से रु बरु होकर उनका समाधान हेतु कोशिश करते देखा जा रहा है। प्रमुख से मिली जानकारी के अनुसार वह पेयजल की समस्या को लेकर चिंता जाहिर की है। विदित हो की कुछ दिनों पहले आई तेज आंधी तूफान ने बिजली के 220 केबी के 4 टॉवर को तहस नहस कर दिया था। जिसके फलस्वरूप बिजली भी बाधित है ऐसे में अधिकांस प्रखंडवाशियो का पेयजल हेतु निर्भरता सोलर जल मीनार, हैंड पंप पर टिका है। परंतु प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण के दौरान अधिकांश जल मीनार और हैंड पंप खराब पड़े हुए है। परिणाम स्वरूप प्रखंड में जल को लेकर त्राहिमाम मचा हुआ है।दूसरी ओर जल जीवन मिशन के तहत प्रखंड में बड़े पैमाने पर 45



करोड़ से ज्यादा रूपये हर घर जल नल योजना पर खर्च किए गए है।पर संवेदक और पीएचडी विभाग के उदासीन रवैया के कारण अब तक यह मिशन हाथी का दांत साबित होता दिख रहा है ।संवेदक द्वारा पहले तो बिना डिप बोर के जल मीनार खड़ा किया गया आवाज उठाने पर आनन फानन में डीप बोर तो किया गया पर उसमे पानी नहीं निकला, और जल मीनार सुखी आकाश निहारने को मजबूर है। यह पूरी तरह से साफ है की पीएचडी संवेदक द्वारा सरकारी चापाकल के बोर का प्रयोग जल जीवन मिशन हेतु किया गया है जबकि उसके साथ ऑल रेडी डीप बोर करने का प्रावधान है इसके साथ ही जलमिनार में घटिया क्वालिटी के सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। स्थिति यह की ये लगाते ही जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच जा रहे है। पीएचडी विभाग और संवेदक के मिली भगत से हुई बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता का अनुमान लगाने के लिए विशुनपुरा पंचायत के करचा टोला में लगे जल मीनार बताने के लिए काफी है जहां एक ही घर में 2 फीट से भी कम दूरी पर वह भी अलग अलग दो मद से बने जल मीनार का वाटर टैप लगा हुआ है फिर भी लोगो को पानी नसीब नहीं हो पा रहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

## दूसरे दिन भी पूर्व मंत्री योगेंद्र साव पहुंचे ईडी कार्यालय

**रांची :** पूर्व मंत्री योगेंद्र साव गुरुवार को रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ कर रही है। बालू के अवैध कारोबार सहित कई मामलों में ईडी ने योगेंद्र साव से कई अहम दस्तावेज मांगे थे। इसे लेकर पूर्व मंत्री कार्यालय पहुंचे थे। इससे पूर्व बुधवार को भी योगेंद्र साव से ईडी के अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की थी। उल्लेखनीय है कि वसूली, अवैध बालू खनन और जमीन पर कब्जा को लेकर ईडी ने 12 मार्च को विधायक अंबा प्रसाद सहित 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान 35 लाख रुपये, डिजिटल उपकरण, सर्किल कार्यालयों, बैंकों आदि के नकली टिकट और हाथ से लिखी रसीदें, डायरियां आदि के रूप में विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद और जब्त किए गए थे। तलाशी के दौरान झारखंड राज्य में अवैध बालू खनन से जुड़े साक्ष्य भी जब्त किये गये थे।

## ईवीएम मशीन की सुरक्षा सबसे सर्वोपरि है : उपायुक्त

**रांची** : रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी सम्बंधित पदाधिकारी को विशेष रूप से कहा है कि ईवीएम मशीन की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसकी हिफा?त में कोई समझौता नहीं होनी चाहिए। सिन्हा गुरुवार को चान्हो प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी और सभी कर्मियों को यह अवगत कराया कि मतदान के लिए ईवीएम, मतदान सामग्री, वाहन इत्यादि 12 मई को रांची के मोरहाबादी में पूर्वाह्न 07:00 बजे से उपलब्ध कराया जाएगा।

# रंगदारी वसूलने आए गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गे को पुलिस ने हथियार के साथ पकड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि मयंक सिंह, अमन लिए आ रहे है। साहू और चंदन साहू के गैंग के सदस्य / गुर्गे उनके निर्देश सक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली रणबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा निर्माण स्थल पर गश्ती चेकिंग एवं संदिग्ध पर निगरानी रखने हेतु कुछ देर के बाद एक सफेद रंग का टाटा नेकसोन गाडी पहुँची जिसे रुकने का ईशारा करने पर पीछे माईयार कुछ देर प्रयास किया। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पीछा कर पकड लिया गया। उसी कार पे बैठे हुए पाये गये और उनके पास से तलाशी के क्रम में पिस्टल, गोली, मोबाईल फोन, टाटा नेक्सोन व्यक्ति बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में उनलोगों ने बताया कि वे दोनों अमन साहू गैंग के सदस्य है और




मथक सिंह, अमन साहू, और चंदन साहू के निर्देश पर रोड निर्माण कम्पनी से रंगदारी लेने जा रहा था कि रास्ते में पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। सड़क निर्माण स्थल पर अमन साहू के गुर्गो के द्वारा फायरिंग करके जान मारने का भय दिखाकर 50 लाख रूपये रंगदारी की मांग की गई थी उसी रंगदारी के रूपये को लेने के लिए अपराधी आ रहे थे जिन्हें समय रहते हथियार गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम प्रमोद सिंह पतरातु , अमजद खान पतरातु के रहने वाले हैं।

**जप्त सामानों की विवरणी:** एक छः चक्री देशी रिवाल्वर,38 बोर का चार जिंदा गोली,315 बोर का चार जिंदा गोली,तीन एण्ड्रोईड मोबाईल फोन, टाटा नेक्सोन कार रजि0नं0-जेएच01-ईएस×1531

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी:** पुनि आलोक सिंह, थाना प्रभारी, ओरमांझी, पुअनि मनोज करमाली, पुअनि रंजीत कुमार महतो,सअनि बलेन्द्र सिंह, तकनीकी शाखा आदि शामिल थे।

# राज्य की जनता का पार्टी के प्रति बढ़ता विश्वास हमारी बढ़ती जिम्मेदारी का प्रतीक है : सुदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सभी वर्ग, समुदाय के विश्वास और साथ को अर्जित कर राज्य में आवश्यक राजनीतिक बदलाव की पटकथा लिखेगी आजसू पार्टी। हमारे संगठन पर राज्यवासियों का विश्वास बढ़ा है। जनता का बढ़ता विश्वास हमारी बढ़ती जिम्मेदारी का प्रतीक है। हमारी तैयारी राज्य के वर्तमान के साथ भविष्य को भी बेहतर बनाने की है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अपने कांके रोड, रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान पार्टी के महासचिव रवि शंकर मौर्या के नेतृत्व में जमशेदपुर से आए कई समाजसेवियों और युवा व्यवसायियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उन्होंने पार्टी के नीति तथा सिद्धातों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने सवा चार साल के कार्यकाल में अपने गलत नीति



निर्धारण से समाज के हर वर्ग को निराश किया है। राज्य में अपराध का ग्राफ बड़ा और विकास का ग्राफ गिरा है। सत्ता के नशे में चूर इस गठबंधन ने राज्य के बारे में नहीं सोचा। आने वाले लोकसभा चुनावों में जनता इन्हें अपने वोट की ताकत का एहसास दिलाएगी। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का सुदेश महतो ने पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में आपके अनुभव को बेहतर और सशक्त मंच देगी आजसू पार्टी। इस मंच की सहायता से आप सभी जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करें और पार्टी के विचारों को जन जन तक पहुँचाने का काम करें। इन्होंने ली सदस्यता = अमन सिंह, विवेक सिंह, नवीन कुमार, धीरेंद्र नायक, विजेंद्र नाथ महतो, रनजय सिंह, देवा सिंह, रणविजय सिंह, सिंटू कुमार, सौरभ सिंह, सचिन सिंह, सतेंद्र कुमार, खगेन्द्र कुमार, मनोज जी, रोहित राज समेत अन्य लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सरोज सिंह, अरुण सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## युवा वोटरों से पूछे गए सवाल, सही जवाब देने वालों को दिया गया उपहार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : एसभीईईपी रांची टीम लोगों को लगातार मतदान और मतदान प्रक्रिया की जानकारी दे रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को टीम ने द मॉल ऑफ रांची में लोगों से बात करते हुए उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया। यहां आने वाले लोगों से चुनाव से संबंधित सवाल पूछे गए। सही जवाब देने वाले लोगों को उपहार भी दिया गया। रेंडम इंटरैक्शन करते हुए टीम ने लोगों से सवाल पूछे, इस दौरान युवा वोटरों में उत्साह देखने को मिला। मतदान और चुनाव प्रक्रिया की लोगों को सही जानकारी हो इसके लिए मॉल में आने वाले लोगों को वोटर गाइड भी दिया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने दी है झूठ बोलने की गारंटी हम जो कहते है वह पूरा करते है : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव की शुरुआत हो चुकी है। एक तरफ हमारे प्रधानमंत्री है जिन्होंने झूठ बोलने की गारंटी दी है। वहीं हमारे नेता राहुल गांधी है जो सच के साथ सच्ची गारंटी देने का वादा कर रहे है। जो गारंटी हमने दी है वो चाहे किसी की भी सरकार रही है उन्हें पूरा करना पड़ा है। सोनिया गांधी के सुझाव पर हमने एक गारंटी भोजन की गारंटी दी थी जो आजतक सभी लोगों को मिल रही है। झारखंड में जब डबल इंजन की सरकार थी तो उस दौरान भोजन की गारंटी में कमी दिखाई दी। झारखंड में 23 लोगों की भूख



से मौत हो गई, इसलिए सिर्फ गारंटी बोलकर कोई बात न हो।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल पहले जो बातें कही थी 15-15 लाख रुपए और दो करोड़ रुपए देने की बात कही थी। वो वादा पूरा नहीं किया और जवाब देने के लिए देश के चौथे स्तंभ के सामने नहीं आए तो यह अच्छी बात है। लोगों को तो आपने धोखा दिया लेकिन मीडिया की लाज रख ली। उन्होंने कहा कि हम जो कहते है वह करते है। राहुल गांधी ने गारंटी को घर-घर तक पहुंचाने का दायित्व सौंपा है। हमलोग उसे घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## राकेश रंजन बने देवघर के एसपी, दुमका में आईजी और पलामू में डीआईजी की तैनाती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** निर्वाचन आयोग ने जैप-1 के समादेष्टा राकेश रंजन को देवघर का एसपी बनाया है। अनूप विजय लक्ष्मी को दुमका जोन का आईजी और वाईएस रमेश को पलामू रेंज का डीआईजी बनाया गया है। खाली पड़े रांची ग्रामीण एसपी के पद पर सुमित कुमार अग्रवाल को पदस्थापित किया गया है। दूसरी तरफ कैलाश करमाली को रांची का ट्रैफिक एसपी बनाया गया है। निर्वाचन आयोग ने शिकायत मिलने पर देवघर एसपी को पद से हटा दिया था। वहीं, खाली पड़े दुमका रेंज के आईजी और पलामू डीआईजी को भरने के लिए पैनल मांगा था। इसके बाद राज्य सरकार ने करीब एक दर्जन आईपीएस का पैनल निर्वाचन आयोग को भेजा था, जिनमें से चार नामों पर आयोग ने मुहर लगा दी। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटा दिया था। इसके साथ ही निर्देश दिया था कि देवघर एसपी, दुमका आईजी, पलामू डीआईजी और रांची के ग्रामीण एसपी के लिए तीन-तीन आईपीएस के नाम का पैनल भेजें, जिसमें से एक की पोस्टिंग रिक्त पदों पर की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के आठ डीएम और 12 एसपी को पद से हटा दिया था। उसी दौरान झारखंड में देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटाया गया था। आयोग ने देवघर एसपी के साथ-साथ पलामू डीआईजी, दुमका आईजी और रांची ग्रामीण एसपी की पोस्टिंग के लिए भी पैनल मांगा था।

# होटवार जेल पहुंचे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और मंत्री बसंत सोरेन ने मुलाकात की है। जानकारी के अनुसार इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर इनके बीच चर्चा हुई है। हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद झामुमो ने दुमका और गिरिडीह लोकसभा सीट से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दुमका से नलिन सोरेन और गिरिडीह से मथुरा प्रसाद महतो को उम्मीदवार बनाया गया है।




होटवार जेल में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि औपचारिक मुलाकात थी। हेमंत सोरेन के साथ रिश्ता कोई राजनैतिक नहीं है, वो मुझे बड़ा भाई मानते हैं मैं भी उनके साथ भाई की तरह रहता हूं। जहां मुलाकात हुई वहां कोई राजनीतिक बातचीत नहीं होती है, हमने उनका हाल चाल जाना है। वहीं बसंत सोरेन इससे पहले झारखंड कैबिनेट के विस्तार से पहले 16 फरवरी को अपने बड़े भाई और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने के लिए होटवार जेल पहुंचे थे, जहां उन्होंने उनका आशीर्वाद लिया था। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच चुनाव से जुड़ी रणनीति पर चर्चा हुई है। यह मुलाकात इसलिए भी खास है क्योंकि पांच अप्रैल को सीएम आवास पर झामुमो विधायक दल की बैठक बुलायी गई है। सूत्रों के मुताबिक हेमंत सोरेन चाहते हैं कि लोकसभा चुनाव में स्थानीयों को ही प्राथमिकता मिले। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते 31 जनवरी को लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में बंद हैं।

# प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा के लिए राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम विभिन्न जिलों के लिए रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट-एनईपी की जमीनी समीक्षा के लिए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के निर्देशानुसार 24 राज्यस्तरीय पदाधिकारियों की टीम विभिन्न जिलों में अवस्थित 80 जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों, 325 प्रखंड स्थित आदर्श विद्यालय, सभी कोटि के आवासीय विद्यालयों के औचक निरीक्षण के लिए गुरुवार को रवाना हुई। राज्यस्तरीय टीम सभी जिलों के स्कूलों का औचक निरीक्षण करेगी। साथ ही स्कूलों में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट-एनईपी की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के खिलाफ मई महीने में कार्रवाई की जायेगी। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने अनुश्रवण दल में शामिल पदाधिकारियों के लिए दिशा-निर्देश जारी करते हुए उन्हें निरीक्षण के दौरान विनम्र और सौम्य व्यवहार रखने की सलाह दी है। रंजन ने पदाधिकारियों को अपने समय का सर्वोत्तम उपयोग करने की सलाह भी दी है, जिससे वे जिले में अधिक से अधिक विद्यालयों का भ्रमण कर सकें।

**उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को देनी होगी रिपोर्ट:** अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अनुश्रवण के पहले दिन जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निरीक्षण की आगे की कार्रवाई तय करें। किस स्कूल में जाना है, कितना समय देना है अथवा किन बिन्दुओं पर केंद्रित सवाल करना है, ये सब पूर्व से तय हो। पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि निरीक्षण के तीसरे दिन सभी पदाधिकारी जिले के शिक्षा पदाधिकारियों के साथ भ्रमण किये गए स्कूलों की सीलबंद रिपोर्ट जिले को उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को सौंपेंगे। यह रिपोर्ट राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा संबद्ध ऑपरेटर की सहायता से तैयार की जाएगी।

**प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट-एनईपी कोषांग का गठन:** सरकारी विद्यालयों के वातावरण में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से राज्य में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट-एनईपी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए निरंतर इसका अनुश्रवण भी किया जा रहा है।

# सुरजेवाला के बयान को लेकर कांग्रेस पर बरसीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : हेमा मालिनी पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के बयान को लेकर भाजपा हमलावर है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने सुरजेवाला पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि गत 31 मार्च को कैथल जिले के गांव फरल में कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील गुप्ता के पक्ष में जनसभा करते हुए कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और मथुरा से सांसद हेमा मालिनी पर निंदनीय और अशोभनीय टिप्पणी की है। राफिया नाज ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस के इतिहास में कई ऐसी घटनाएं हैं, जिससे महिलाओं के मान और स्वाभिमान को धक्का लगा है। इसकी श्रृंखला काफी लंबी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा उम्मीदवार और प्रसिद्ध अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की थी। देश के अलग-अलग हिस्सों में कांग्रेस नेताओं की ओर से दिए गए बयानों से स्पष्ट है कि पार्टी की नजर में महिलाओं का कोई स्थान नहीं है।

## दरोगा मीरा सिंह पहुंची ईडी कार्यालय

**रांची :** दरोगा मीरा सिंह गुरुवार को रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची । ईडी के अधिकारी मीरा सिंह से पूछताछ शुरू कर दी है। इससे पहले मीरा सिंह दो अप्रैल को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पेश हुई थी। ईडी ने उनकी उपस्थिति में उनके डिजिटल डिवाइस से डाटा निकाला था। इसे लेकर वह फिर से ईडी के समक्ष उपस्थित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में जमीन और बालू घोटाले में मनी लांड्रिंग के बिंदु पर जांच कर रही ईडी ने रांची के तुपुदाना ओपी की प्रभारी दारोगा मीरा सिंह एवं उनके करीबी जमीन कारोबारी सह कांग्रेस नेता लाल मोहित नाथ शाहदेव के ठिकानों पर 21 मार्च को छापामारी की थी।

# हेमंत सोरेन के निर्देश पर उदय को 8.86 एकड़ जमीन का सत्यापन करने को कहा गया : पिंटू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बताया जा रहा है कि आखिर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू ने ईडी को जानकारी दी है कि हेमंत सोरेन के निर्देश पर उन्होंने उदय शंकर को 8.86 एकड़ जमीन का सत्यापन करने को कहा था। ईडी ने बीते 18 मार्च को पूछताछ की थी। इस दौरान ईडी ने अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू का बयान पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज किया गया था। जिसमें उन्होंने स्वीकार किया था कि वह उदय शंकर को जानते हैं, जो एक सीएमओ में तैनात अधिकारी है। उन्होंने आगे कहा कि वह उन्हें कई कार्यों के लिए निर्देश देते थे। उदय शंकर को उनके निर्देशों के संबंध में एक विशिष्ट प्रश्न पर उन्होंने कहा कि उन्हें याद है कि उन्होंने उन्हें हेमंत सोरेन के निर्देश पर बड़गाई में 8.86 एकड़ संपत्ति की जानकारी प्राप्त करने और सत्यापन करने का निर्देश दिया था। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने व्हाट्सएप पर उदय शंकर को सत्यापन के लिए दो और संपत्तियां दी थीं, जो हेमंत सोरेन और उनके परिवार की थी। ईडी ने पिंटू ने उनके और उदय शंकर के बीच 12 अक्टूबर 2022 को हुई व्हाट्सएप चैट दिखाई गई। जिसमें पिंटू उदय शंकर को दो संपत्तियों के सत्यापन के लिए निर्देश दिया था। ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ किए चार्जशीट में यह खुलासा करने की बात सामने आ रही है। बरियातू स्थित 8.5 एकड़ जमीन पर कब्जा करने का हेमंत सोरेन पर ईडी ने आरोप लगाया है। 31 जनवरी को ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 13




दिनों तक रिमांड पर लेकर ईडी ने पूछताछ की थी। वहीं निलंबित सीआई भानु प्रताप प्रसाद से 12 दिनों तक ईडी ने पूछताछ की थी। हालांकि इस पूरे मामले की अधिकारिक पुष्टि होनी बाकी है।

# छह पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार वहीं दस बोतल शराब के साथ दो गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि लोअर बाजार थाना क्षेत्र से शराब के दो और ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर मादक द्रव्यों की बरामदगी एवं कारगर कार्रवाई के दृष्टिकोण से चल रहे लगातार चेंकिग के फलस्वरूप पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची राजकुमार मेहता के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान बहू बाजार की तरफ से आ रही दो मोटरसाईकिल सवार पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास करने लगे। जिसे उपलब्ध पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया तो इन दोनो के पास से मादक दव्य पदार्थ की बरामदगी की गई।

**गिरफ्तारी:** निश्चय गुड़िया पता सलडेगा मुंडा टोली थाना सिमडेगा वर्तमान शांति नगर ओल्ड एचबी रोड गढ़ा टोली कोकर थाना सदर जिला राँची।फरदीन अंसारी केएम रोड थाना लोअरबाजार जिला राँची शामिल है।

**बरामदगी:** करीब 659 ग्राम गांजा (कीमत करीब तीस हजार रूपये),



बाउन शुगर छह पुड़िया (कीमत करीब तीन हजार रूपये), पल्सर मोटरसाईकिल एन.एस. 200 निबंधन संख्या जे.एच. 01 ईक्यू 0561, ब्लू-ब्लैक रंग का चेचिस नबंर स्ल्र236स्न ङ्ग3 स्ट्र स्न25235 इंजन नबंर छ्रुङ्क्ष्ट स्न्न10874 (कीमत करीब सतर हजार रूपये)

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी:** पुलिस उपाधीक्षक, नगर, रॉची संजीव कुमार, पुअनि प्रभारी खादगढ़ा टीओपी,सअनि भीम सिंह, खादगढ़ा टीओपी। साथ सशस्त्र बल

**शराब तस्कर को पकड़ा गया :** वहीं लोअर बाजार थाना क्षेत्र के खादगढ़ा बस स्टैंड के भीतरी क्षेत्र में बिहार की ओर जाने वाली गाड़ियों पर लगातार निगरानी रखते हुए तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में सअनि भीम सिंह के द्वारा सशस्त्र बल की मदद से दो शराब तस्कर को पकड़ा गया।

**गिरफ्तारी:** अनुराग प्रकाश पता मिर्जापुर चौक थाना नगर जिला दरभंगा बिहार, कर्णव चंदन पता राम नगर नवादा को गिरफ्तार किया गया है। बिहार बरामदगीः दस बोतल अंग्रेजी शराब 750 एम.एल. का, आईकोनिक व्हाईट कंपनी का कुल साढ़े सात लीटर कीमत करीब 7200 रूपये (सात हजार दो सौ रूपया मात्र)

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी :** संजीव कुमार, पुअनि प्रभारी खादगढ़ा ओपी, सअनि भीम सिंह, खादगढ़ा टीओपी, साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

## अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेजेज का एजुकेटर्स मीट एवं फेलिसिटेशन कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** अमृतसर ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस, अमृतसर, पंजाब के तत्वाधान में रांची स्थित होटल बीएनआर चाणक्य के सभागार में एजुकेटर्स मीट एंड फेलिसिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची के भाजपा विधायक एवं जाने-माने समाजसेवी सी पी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री शशांक राज उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच का संचालन जाने माने करियर सलाहकार डॉक्टर एस एस सिंह ने किया एवं कॉलेज से आए पदाधिकारियों ने उपस्थित शिक्षाविदों एवं शैक्षणिक सलाहकारों को कॉलेज की विशेषताओं से अवगत कराया। कॉलेज की ओर से जहां डिजिटल मार्केटिंग हेड एवं डीन सीसीआईई डॉ दीप्ति मल्होत्रा उपस्थित थीं वहीं झारखंड राज्य के लिए कार्यरत एडमिशन शुभम सिंह भी उपस्थित थे।कार्यक्रम में ग्रुप द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कोर्सो एवं वहां से पढ़कर छात्रों को मिलने वाली नौकरियों के बारे में डॉ दीप्ति ने विस्तार पूर्वक बताया।

## बिरखाम में चौबीस प्रहर राधानाम संकीर्तन के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना अंतर्गत पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र स्थित जोड़सा टोला बिरखाम में सोलोआना कमेटी के द्वारा आयोजित चौबीस प्रहर राधानाम संकीर्तन महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान मन्नतें पूरी होने पर कई श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए परिवार की मंगल कामना की। तीन दिवारात्रि धार्मिक अनुष्ठान से पूरे आसपास क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो रहा है। कमेटी की ओर से पूरे मंदिर एवं आसपास क्षेत्र को विद्युत लाइट से सुसज्जित किया गया है। जो लोगों के बीच आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। कमेटी के शशांक शेखर प्रमाणिक ने बताया कि पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पांच व एक स्थानीय कीर्तन सम्प्रदाय की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध हो रहे है। कीर्तन सम्प्रदायों में रामप्रसाद गोस्वामी कीर्तन सम्प्रदाय, मिसरीडीह, आड़सा, पुरुलिया, महामाया हरिनाम संकीर्तन सम्प्रदाय, भालूबासा, मानबाजार, पुरुलिया, कुईलाम पालपाड़ा किशोर संकीर्तन सम्प्रदाय, कुईलाम,रानीबांध, पुरुलिया, श्रीनाथ कुंभकार संकीर्तन सम्प्रदाय, बिरखाम, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम, गुरूपद दास महिला संकीर्तन सम्प्रदाय, गांगलाला, सारेंगा, बांकुड़ा, निताई गौरांग महाप्रभु महिला संकीर्तन सम्प्रदाय पारबाईद, बंदवान, पुरुलिया के टीमें शामिल है।



## स्वीप कार्यक्रम के तहत अर्का जैन यूनिवर्सिटी में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के निर्देशानुसार, जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के क्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को गम्हरिया स्थित अर्का जैन यूनिवर्सिटी में छात्रों एवं कर्मियों के द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड कराया गया। इस दौरान समावेशी चुनाव प्रक्रिया में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, सभी को वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को उनका नाम मतदाता सूची में निश्चित रूप से दर्ज कराने को कहा गया। बताया गया कि यदि किसी का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 भरें। इस दौरान उन्हें लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने व अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का शपथ दिलाया गया।



## पटमदा व पोटका में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए आस्तिक महतो

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो नेता आस्तिक महतो ने गुरुवार को पटमदा प्रखंड के बिड़रा, इंदाटांडा, पटमदा बस्ती व पोटका प्रखंड के डोमजुड़ी पंचायत अंतर्गत कुलियाना में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर मंदिर में मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर उनके साथ पटमदा उत्तरी के जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो, पोटका के जिला परिषद सदस्य हिरणमय दास, बोड़ाम के पूर्व जिला परिषद सदस्य स्वपन कुमार महतो, मुखिया अनिता मुर्मू, ग्राम प्रधान अतनु महतो, धीरेन महतो, लखपति महतो, नकुल महतो, मनोज महतो, सरकार महतो, वशिष्ठ महतो आदि शामिल थे। उन्होंने इंदाटांडा गांव में जमीन पर बैठकर ग्रामीणों के साथ प्रसाद ग्रहण करते हुए कहा कि यह अमृत समान है जो दौरे के क्रम में कहीं न कहीं प्रसाद ग्रहण जरूर करते हैं।



## बारीडीह में रंगरेटों ने अमरजीत के खिलाफ मोर्चा खोला

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारीडीह इलाके के रंगरेटे सिखों ने पूर्व प्रधान अमरजीत सिंह भामरा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कोल्हान के सिखों की अभिभावक संस्था सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह एवं महासचिव सरदार अमरजीत सिंह को लिखित आवेदन देकर पूर्व प्रधान अमरजीत सिंह भामरा को सभी पदों से मुक्त करने का आग्रह किया है। हरजिंदर सिंह रिंकू, अमृत सिंह, कुलदीप सिंह, जसवंत सिंह गिल सरीखों के साथ जोगिंदर सिंह एवं निर्मल सिंह ने भी उनकी मांगों का समर्थन किया है। इस समूह ने प्रधान कुलविंदर सिंह को भी निशाने पर लिया है कि वह अमरजीत सिंह को कुछ ज्यादा ही बढ़ावा दे रहे थे। वहीं सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के एक स्वजातीय सिख नेता भी इनके निशाने पर हैं जो अमरजीत सिंह भामरा की पीठ लगातार थपथपा रहे हैं। सेंट्रल कमेटी के संविधान के प्रावधान के अनुसार गुरु घर का देनदार किसी पद पर नहीं रह सकता है और ऐसे में अमरजीत सिंह भामरा को पद मुक्त किया जाना चाहिए।



## सोनारी शांति समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवरात्रा,रामनवमी और लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए जमशेदपुर डीएसपी निरंजन तिवारी एवं सोनारी थाना प्रभारी कुमार सरयू आनंद की अध्यक्षता में सोनारी शांति समिति के अध्यक्ष डॉ अमोल पात्रो और सोनारी शांति समिति के सचिव सुधीर कुमार पप्पू के देखरेख में सोनारी थाना शांति समिति की एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आने वाले सभी पर्व को किस तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न करवाया जाए इसमें जिला प्रशासन,सोनारी थाना प्रशासन और शांति समिति के लोगों की क्या दायित्व रहेगा उसे पर दिशा निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया। वही आचार संहिता को देखते हुए किस तरह से हम अपने सभी पर्वो को सुचारू रूप से और सही समय पर संपन्न करवा पाए इस विषय में विशेष मार्गदर्शन दिया गया,रमजान के पर्व में भी नमाज के वक्त सोनारी थाना प्रशासन और सोनारी शांति समिति के लोग आपसी सहयोग से शांतिपूर्ण तरीके से सोनारी के मस्जिदों के आसपास में रहकर पर्व को शांति से संपन्न करवाएंगे, चैती नवरात्रा और रामनवमी के अवसर पर भी सोनारी थाना प्रशासन और सोनारी शांति समिति के सदस्य लोग मिलकर विधि व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को ठीक ढंग से पालन करवा कर दोनों पर्व को आपसी सहयोग के साथ खुशी और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न करवानेका सहमती प्रदान किया।




# ज्योति अग्रवाल हत्याकांड में दो और गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कान्दरबेड़ा तथा होटल वेब इंटरनेशनल होटल के बीच 29 फरवरी 2024 की रात करीब 10 बजे अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा आस्था हाईटेक सोनारी निवासी ज्योति अग्रवाल हत्याकांड मामले की गुत्थी पूरी तरह से सरायकेला जिला पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में कांड के 72 घंटे के भीतर ही पुलिस ने ज्योति के पति रवि अग्रवाल, समेत पंकज कुमार साहनी, मुकेश मिश्रा एवं रोहित कुमार दुबे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। इधर इस मामले में फरार चल रहे है अन्य दो अपराधी विशाल प्रसाद उर्फ़ विशाल कालिंदी और प्रकाश उर्फ बोंदा को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इनकी गिरफ्तार चाईबासा के मझगांव से की गई है।इनके पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल, एक खोखा, एवं दो स्मार्ट फोन बरामद किया। इसकी पुष्टि प्रेस कांफ्रेंस कर चांडिल अनुमंडल के एसडीपीओ सुनील कुमार रजवार ने किया ।छापामारी दल में सुनिल कुमार रजवार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चाण्डिल अंचल, पु नि अजय कुमार, अंचल निरीक्षक चाण्डिल अंचल, वरुण यादव, थाना प्रभारी चाण्डिल,बजरंग महतो, थाना प्रभारी चौका थाना, गौरव कुमार, थाना प्रभारी खरसावाँ थाना,सोनु कुमार, ओ0पी0 प्रभारी कपाली, विक्रमादित्य पाण्डेय, थाना प्रभारी ईचागढ़ थाना,नवल प्रकाश, पु0अ0नि0 चाण्डिल थाना, अविनाष कुमार, ओ0पी0 प्रभारी आमदा,संदीप कुमार दुबे, तकनीकी शाखा एवं सशस्त्र बल, चाण्डिल थाना, सामिल थे।



## प्रो गौरव बल्लभ धोखा देकर कांग्रेस पार्टी से भागे : जिला अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर गौरव बल्लभ के द्वारा इस्तीफा देने पर कहा कि प्रोफेसर गौरव बल्लभ ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता कांग्रेस कार्यकर्ता का नहीं सुनते यह बिल्कुल ही आधार हीन बात है। कांग्रेस पार्टी ने प्रोफेसर गौरव बल्लभ को 2019 में जमशेदपुर पूर्वी से विधान सभा का प्रत्याशी बनाया, जमशेदपुर पूर्वी में माहौल तत्कालीन मुख्यमंत्री के विरूद्ध व कांग्रेस के पक्ष में था वैसे समय में कांग्रेस पार्टी नें उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया पार्टी के सभी नेता,कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों ने कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव में योगदान दिया। जबकि चुनाव हारने के बाद प्रो गौरव बल्लभ नें न तो जमशेदपुर के जनता का सुध लिया न हीं किसी कार्यकर्ता की यहां तक की कार्यकर्ताओं का फोन तक नहीं उठाते और आरोप पार्टी पर लगाते हैं कि पार्टी में जमीनी कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं मिलता । उन्हें यह बताना चाहिए कि पार्टी ने आपको पुनः राजस्थान में भी चुनाव लड़ाई हर सम्मान दिया किन्तु आपने क्या किया प्रोफेसर गौरव बल्लभ अति शिक्षित व्यक्ति हैं हमसभी उनका सम्मान करते हैं किन्तु वे अति महत्वकांक्षी हैं उन्हें पद-प्रतिष्ठा के साथ सत्ता सुख भी चाहिए वह भी बिना मेहनत के भाजपा नें कोई लुभावन पैकेज दिया होगा उन्हें बधाई और शुभकामना ।



## कुचाई में प्रखंड युवा कांग्रेस कमिटी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई में प्रखंड युवा कांग्रेस कमिटी की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष दिलीप सिंह मुंडा की अध्यक्षता में की गई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा की जीत दिलाने पर रणनीति बनाई गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव सह प्रभारी जिला अध्यक्ष प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा एवं जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार मुंडा उपस्थित थे। श्री मिश्रा ने कहा युवा कांग्रेस का संगठन कुचाई प्रखंड में बहुत ही मजबूत स्थिति में है। लोकसभा चुनाव को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रही है। बैठक में दिलीप सिंह मुंडा,मनोज कुमार मुंडा, जगदीश कुम्हार,सरोज सिंह मुंडा, विक्रम कुम्हार,बुधराम मुंडा बिरेन्द्र नायक,मंगल सिंह मुंडा,जाटा मुंडा आदि युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित थे।

# अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान तेज
## भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्पाद अधीक्षक विमल लकड़ा के नेतृत्व में गम्हरिया और ईचागढ़ थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमे अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए विभागीय टीम ने भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक विमल लकड़ा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया गया. इस क्रम में गम्हरिया पुलिस के सहयोग से गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गांडे डूंगरी गांव में छापेमारी कर करीब 2120 लीटर विदेशी शराब, 600 लीटर स्प्रिट, 250 लीटर चुलाई शराब, 1900 किलो जावा महुआ समेत भारी मात्रा में बोतल, ढक्कन, रैपर आदि बरामद किया है। इस दौरान वहां से जमशेदपुर के बागबेड़ा निवासी विवेक शाह और सीतारामडेरा निवासी सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया। जबकि अशोक मंडल व जॉनी मंडल नामक आरोपी भागने में सफल रहा। उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि, दूसरी तरफ ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अजसिया गांव में छापेमारी कर विभाग ने 190 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ हबलू दास नामक व्यक्ति को गिरफ्तार है। उत्पाद अधीक्षक विमल लकड़ा ने बताया कि सूचना मिलने पर आगे भी अभियान जारी रहेगा।



## पटमदा थाना में शांति समिति की बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से महावीर झंडा जुलुश निकालने का निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना में गुरुवार को ईद व रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रदीप बेसरा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुस्लिम समुदाय के लोगों से ईद इस दौरान संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अभी आचार संहिता लागू है। ऐसे में आचार संहिता का पालन करते हुए सभी कार्यो को संपन्न करना है। उन्होंने कहा कि ईद- उल फितर का त्योहार भी शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है। इस दौरान रामनवमी के मौके पर महाबीर आखड़ा ब्लॉक कॉलोनी व राधाकृष्ण आखड़ा लावा के पदाधिकारियों ने झंडा जुलुश निकालने की जानकारी प्रशासन को दीं। जिसमें बीडीओ ने आचार संहिता का पालन करते हुए सभी कार्यो को संपन्न करने की अपील आखाड़ा के पदाधिकारियों से की है। मौके पर इंस्पेक्टर कौशेलेन्द्र कुमार, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा व खगेन चंद्र महतो, थाना प्रभारी करमपाल भगत, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो, कृष्णपद सिंह, कानुराम बेसरा, पंचानन दास, ईशान चंद्र गोप, खादिम अंसारी, विजय मंडल, हृदय कुंभकार, अयोध्या सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।



## प्रो. गौरव बल्लव जैसे नेता के जाने से कांग्रेस पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता : बब्लू झा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रो. गौरव बल्लव जैसे लोग जो 2019 पूर्वी सिंहभूम विधनसभा हारने के बाद जनता से चार वर्षो तक नदारद रहे उनके जाने से कांग्रेस पार्टी को कोई फर्क नहीं पढ़ता उक्त बयान पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बबलू झा ने प्रो. गौरव के कांग्रेस छोड़ने के बाद दी। बब्लू ने कहा कांग्रेस के लिए इन्होंने बस एक सवाल पूछा भाजपा प्रवक्ता से इतने में इनकी दुकान चल पड़ी, लोगो ने इनको मशहूर कर दिया मैंने भी ट्वीट किया क्यूँकि सवाल अच्छा था।लेकिन क्या ये ट्रिलियन में जीरो वाला ज़मीनी नेता है जवाब है नहीं । क्या इनकी ग्राउंड पर कोई पकड़ है जवाब है नहीं। किसी आंदोलन में इन्होंने कुछ किया जवाब है नहीं। फिर भी जिस मीडिया को ये गोदी मीडिया कहते थे वो मीडिया आज इनको बड़ा नेता दिखाने पर तुला है, क्यूँकि पार्टी बदल दी .अंधभक्त जो दिन रात इसको उस सवाल के लिये गाली देते थे वो आज इतनी इज्जत देने के मजबूर है । विधानसभा 2019 में चुनाव हारने के बाद पिछले लगभग 4 वर्षो में ना तो उनका किसी कार्यकर्ताओं से मुलाकात हुई और ना ही उन्होंने किसी का फोन रिसीव किया। उन्होंने किसी से संपर्क भी नहीं किया और पत्र में लिखते हैं कोंग्रेस की ग्राउंड लेवल कनेक्टिविटी पूरी तरह से टूट चुकी है।इन्होंने अपने पत्र में श्लोक का विवरण किया है, जिसे बता दूं की श्री कृष्ण ने गीता में कहा है युद्ध शुरू होने के बाद जो परिवार को छोड़कर सामने वाली की सेना में शामिल हो जाता है वह नर्क का भागीदार होता है।



## नाला में गढ्ढा खोदकर प्यास बुझा रहे बांसगड़ के 25 सबर परिवार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की लच्छीपुर पंचायत अंतर्गत बांसगड़ सबर टोला (काशीडीह) में चापाकल में पानी नही निकलने से 25 सबर परिवारों के बीच पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है। फिलहाल नाला में बनाये गए गढ्ढा से पानी लाकर प्यास बुझा रहे हैं टोला के सबर महिलाएं। टोला के गोपाल चंद्र महतो ने बताया कि काशीडीह (सबर टोला ) में 25 सबर 9 महतो व एक भूमिज परिवार निवास करते हैं। जिसमें महतो परिवार के लोगों ने निजी स्तर से रिंग कुंआ का निर्माण करवाया है। उसमें भी गर्मी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में पानी नही रहता है। जबकि सबर परिवारों के लिए लगाए गए चापाकल में पानी निकलना बंद हो गया है। गुरुवार को भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में ग्रामीणों की एक प्रतिनिधिमंडल पटमदा बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज से कार्यालय में मुलाकात कर समस्या का समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा गया है। विमल बैठा ने बताया कि वर्षो पूर्व टोला में एक चापाकल लगाया गया था। जलस्तर नीचे चल जाने से उसमें पानी निकलना बंद हो गया है। भीषण गर्मी में नाला का गंदा पानी पीने को मजबूर है लुप्तप्राय सबर जाति के लोग। उन्होंने जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग बीडीओ से की है। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि मिस्त्री भेजकर जगह का निरीक्षण करवाने के पश्चात नया बोरिंग लगाया जाएगा। ज्ञापन सौपनें वालों में मुख्य रूप से गोपाल चंद्र महतो, नारायण महतो, कार्तिक महतो व तपन महतो आदि शामिल हैं।



## करीम सिटी कॉलेज में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के कार्यालय जमशेदपुर द्वारा स्वीप के मार्गदर्शन में करीम सिटी कॉलेज के साकची प्रांगण में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद रियाज, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर आले अली, परीक्षा प्रमुख बी एन त्रिपाठी और एनएसएस समन्वय सैयद साजिद परवेज, कॉलेज के अध्यापक, गैर शिक्षण कर्मचारी उपस्थित हुए,साथ ही एनएसएस के स्वयंसेवक और विद्यार्थी भी वहां पर उपस्थित हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनमानस को मतदान करने के लिए प्रेरित और जागरूक किया जाए।प्रधानाचार्य ने बताया कि, जमशेदपुर में पिछले 4 वर्षो में 55 फीसदी ही मतदान हुआ था, लेकिन इस बार हमारा लक्ष्य है हम 100 फीसदी मतदान को पूरा करेंगे।डॉ आले अली ने कहा कि, मतदान करना और अपनी सरकार को चुनना हर एक नागरिक का फर्ज है। अंतिम पलों में सभी ने शपथ लेकर सभी को मतदान देने के लिए प्रेरित किया गया।



## तीन पंचायत का एक गांव जहां आज तक नहीं बना एक अदद रास्ता, वोट बहिष्कार या नोटा का हो रहा चर्चा

**अरूण कुमार माझी@ प्रभात मंत्र**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कांकीटाड़ गांव आजादी के इतने वर्षो के बाद भी एक अदद रास्ता के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। जब चांद पर बसने की बात की जाती है, देश आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव मना रहा है ,वहीं तीन तीन पंचायत में पड़ने वाले कांकीटाड़ गांव के ग्रामीण आज भी एक टापू नुमा गांव में गुजर बसर करने को मजबूर हैं। कांकीटाड़ गांव में तीन टोला है तीन टोला अलग अलग पंचायत में पड़ता है। सितु,सोड़े व तुता पंचायत के अन्तर्गत आने वाले कांकीटाड़ गांव में करीब डेढ़ सौ परिवार निवास करते हैं। चारों ओर खेतों से घेरा हुआ यह गांव 20 वी सदी में भी रास्ता आदि विकास योजनाओं का इंतजार कर रहा है। स्कूल के बच्चों को सितु , पिलीद आदि जगहों पर पढ़ाई के लिए स्कूल जाना पड़ता है। खेतों के मेड़ों पर पगडंडी रास्ते पर साइकिल ठेलकर या पैदल मुख्य सड़क करीब एक किलोमीटर जाना पड़ता है। बर्षात के दिनों में धान लगे खेतों के मेड़ों को ही रास्ता के रूप में प्रयोग करते हैं। गांव में मरीज होने पर खटिया पर ढोकर मुख्य सड़क तक निकालना पड़ता है। आज तक कांकीटाड़ वासीयों को न गांव की सरकार न राज्य सरकार ओर न ही केन्द्र सरकार इस ओर अपनी कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने में दिलचस्पी दिखाई है। ग्रामीण बताते हैं कि चुनाव के समय तो नेता लोग गांव पहुंचते हैं, बड़े बड़े वादे कर चले जाते हैं और जीतने के बाद वायदे भूल जाते हैं। वहीं गांव की महिला उमा देवी ने कहा कि हमारे गांव से निकलने के लिए आज तक रास्ता नहीं बनाया गया। यहां कुछ भी विकास का काम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ वोट डालते हैं,इस विश्वास पर की इस बार हमारे गांव में भी रास्ता का निर्माण कराया जाएगा, मगर चुनाव पार होने के बाद वहीं ढाक का तीन पात ही साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार गांव में बैठक कर वोट का बहिष्कार या नोटा पर बटन दबाने पर निर्णय लिया जाएगा।



## सरायकेला, चांडिल एवं ईचागढ प्रखंड में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्र में विविध गतिविधियों का आयोजन जारी है। इसी क्रम गुरुवार को सरायकेला प्रखंड प्रखंड परिसर, चांडिल प्रोजेक्ट एवं इचागढ़ प्रखंड के देवलतांड, दारुदा, टीकर एवं प्रखंड परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान एवं शपथ ग्रहण अभियान चलाया गया। स्थानीय महिलाओं द्वारा रंगोली बना कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। सभी को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो, यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरें।

## कपाली में दिन दहाड़े पत्थर से कूचकर युवक की हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो से सटे कपाली ओपी अंतर्गत रहमतनगर स्थित शाहिद बगान में गुरुवार शाम दिन दहाड़े एक युवक की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान कपाली हरी मंदिर के पास रहने वाले मो दिलनवाज (19) के रुप में की गई है. दिलनवाज का शव मैदान में चटाई पर पाया गया. उसके पास ही खून से लथपथ पत्थर भी पाया गया है. स्थानीय लोगों ने शव की पहचान कर इसकी सूचना परिजनों को दी. सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंचे. इधर, कपाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम कुथ लोग मौके से गुजर रहे थे. तभी उन्होंने दिलनवाज को लहुलुहान अवस्था में देखा और परिजनों को सूचना दी. दिलनवाज पुट्टी का काम करता था. वह दोपहर को ही घर से निकला था. जिस तरह से दिलनवाज की हत्या की गई उससे जाहिर है कि किसी परिचित ने ही दिलनवाज की हत्या की है. बता दे कि डेढ़ साल पूर्व भी मौके पर अफरोज नामक युवक की भी हत्या पत्थर से कूचकर की गई थी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संपादकीय

## पुनर्वास का आश्रयस्थल

**पुनर्वास** के मानदंड पर सुक्खू सरकार ने, कांगड़ा एयरपोर्ट विकास के सभी पहलुओं को एक नई परिभाषा दी है। विकास की जरूरतों में महज योजना नहीं, इनसान की सहमति का नया परिदृश्य भी खड़ा करना पड़ता है। भीतर ही भीतर हर विकास की कड़ियों में मानव की गतिविधियों का संसार भी बसाना पड़ता है। जाहिर तौर पर कांगड़ा एयरपोर्ट सिर्फ विस्तार का नक्शा नहीं, सरकार की इच्छाशक्ति और भविष्य के समर्थन की सहमति भी है। यहां महज विकास का भविष्य नहीं, विस्थापित जनता का भविष्य भी सर्वोपरि दिखाई दे रहा है, इसलिए अब मुआवजे की राशि वास्तविक कीमत को पांच गुना तक पहुंचा रही है तो कर्मक्षेत्र को भी आश्रय दे रही है। हिमाचल में यह अपनी तरह का फैसला है जहां विस्थापन को पुनर्वास के आश्रय में समझा जा रहा है। बेशक उजडने की सिसकियां कभी कम नहीं होतीं, लेकिन विकास की गति में आर्थिकी के जिस पड़ाव पर हिमाचल खड़ा है, वहां भूमि पर नक्शे भी बड़े करने होंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में कांगड़ा एयरपोर्ट का नक्शा लगातार फैलता रहा और अब अपने मुकाम पर आकर बता रहा है कि इसके विस्तार की अनिवार्यता में यह सदी नई कहानी लिखेगी। शायद कल जब एयरपोर्ट विस्तार की खूंटियां स्पष्ट नजर आएंगी, तो हम बच्चों को कहानी सुनाएंगे, 'एक था गगल का कस्बा' या बताएंगे कि फलां बाजार कांगड़ा एयरपोर्ट ने बसाया। दरअसल विस्थापन को शहादत का दर्जा मिलना चाहिए। अपने घर और आंगन को खोना कोई आसान समाधान नहीं, फिर भी देश के निर्माण में नागरिक योगदान की परिभाषा पर मंथन, सहमति और संरक्षण होना चाहिए। आज एयरपोर्ट विस्तार के बहाने पुनर्वास का खाका और माथा सामने आया है, तो इसकी पैमाइश में सरकार ने हर सूरत इच्छा शक्ति दिखाई है। यह केवल पुनर्वास की नई सुर्खी नहीं, बल्कि इच्छा शक्ति का विस्तार भी है। यानी सरकार चाहे तो किसी भी हद तक जाकर मसलों का हल और जनता की सहमति के आदर्श स्थापित कर सकती है। बावजूद इसके कि मानव संवेदना के हर पहलू के अपने तर्क वितर्क और आस्थाएं रहती हैं, विकास की अपरिहार्यता में कुछ मंजिलें ऐसी भी आएंगी जहां सफलता का सेहरा बहुत कुछ खरीद लेगा। बहरहाल पुनर्वास के लिए मानदंड पर सरकार पांच गुना मुआवजे के अलावा बसाने व कमाने के लिए अधोसंरचना निर्माण का रास्ता भी बना रही है। पुनर्वास का यह मॉडल ऐसी आशा जगा रहा, जहां भविष्य की चुनौतियां पूरी की जा सकती हैं। हम इस परियोजना के कई पहलू देख सकते हैं और यह हिमाचल में टिहरी बांध परियोजना की तरह नागरिक समाज से सीधे मुखातिब है। न्यू टिहरी शहर का निर्माण याद दिलाता है कि विस्थापन के दर्द में पुनर्वास के अर्थ मिल जाएं, तो हर कुर्बानी खुद को जिंदा रखती है। ऐसा समझा जाता है कि कांगड़ा एयरपोर्ट की नई बुर्जियों की आहट में विस्थापितों के लिए पुनर्वास के घुंघरू सुनाई दे रहे हैं। हम आरंभ से ही पुनर्वास की आवश्यक शर्तों में कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की संभावना को आवश्यक मानते रहें ताकि रोजगार के बदले रोजगार और व्यापार के बदले व्यापार मिल सके। यह फार्मूला प्रदेश स्तरीय परियोजनाओं में अमल में लाने के लिए अभी से कम से कम आधा दर्जन निवेश शहर विकसित करके पूरा किया जा सकता है। जहां तक एयरपोर्ट विस्तार का मसला है, तो इसे या तो एक पुनर्वास सेटेलाइट शहर की दृष्टि से या कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के साथ भी मुकम्मल किया जा सकता है। नगरोटा बगवां की पर्यटन परियोजानाओं या धर्मशाला के साथ नरघोटा में पर्यटक गांव के साथ पुनर्वास के दरवाजे खुल जाएं तो राहत का पैमाना और भी सौहार्दपूर्ण होगा। कम से कम मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू विकास के मॉडल पर कांगड़ा के मानचित्र में अपनी इच्छा शक्ति के रंग भरते हुए दिखाई देते हैं, भले ही लोकसभा चुनाव में इसी विषय पर अलग विमर्श खड़ा हो जाए।

विकास की जरूरतों में महज योजना नहीं, इनसान की सहमति का नया परिदृश्य भी खड़ा करना पड़ता है। भीतर ही भीतर हर विकास की कड़ियों में मानव की गतिविधियों का संसार भी बसाना पड़ता है। जाहिर तौर पर कांगड़ा एयरपोर्ट सिर्फ विस्तार का नक्शा नहीं, सरकार की इच्छाशक्ति और भविष्य के समर्थन की सहमति भी है। यहां महज विकास का भविष्य नहीं, विस्थापित जनता का भविष्य भी सर्वोपरि दिखाई दे रहा है, इसलिए अब मुआवजे की राशि वास्तविक कीमत को पांच गुना तक पहुंचा रही है तो कर्मक्षेत्र को भी आश्रय दे रही है। हिमाचल में यह अपनी तरह का फैसला है जहां विस्थापन को पुनर्वास के आश्रय में समझा जा रहा है। बेशक उजडने की सिसकियां कभी कम नहीं होतीं, लेकिन विकास की गति में आर्थिकी के जिस पड़ाव पर हिमाचल खड़ा है, वहां भूमि पर नक्शे भी बड़े करने होंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में कांगड़ा एयरपोर्ट का नक्शा लगातार फैलता रहा और अब अपने मुकाम पर आकर बता रहा है कि इसके विस्तार की अनिवार्यता में यह सदी नई कहानी लिखेगी। शायद कल जब एयरपोर्ट विस्तार की खूंटियां स्पष्ट नजर आएंगी, तो हम बच्चों को कहानी सुनाएंगे, 'एक था गगल का कस्बा' या बताएंगे कि फलां बाजार कांगड़ा एयरपोर्ट ने बसाया।

### गतिशील निषेधात्मक आदेश जारी कर कॉपीराइट की नकल रोकने के सशक्त प्रयास किए

## अब बौद्धिक क्षमता की बढ़त जरूरी

डा. जयंतीलाल भंडारी



**इन** दिनों देश और दुनिया में बौद्धिक सम्पदा विषयों पर प्रकाशित हो रही रिपोर्टों को पढ़ा जा रहा है। इनमें कहा जा रहा है कि भारत के तेज विकास के लिए नवाचार और बौद्धिक सम्पदा की डगर पर तेजी से बढना जरूरी है। हाल ही में अमरीकी उद्योग मंडल 'यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट में वैश्विक बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक 2024 में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से 42वें स्थान पर है, पिछले वर्ष भी भारत इसी क्रम पर स्थित था। आईपी सूचकांक के तहत शीर्ष क्रम पर जिन 10 देशों की अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनमें क्रमशः संयुक्त राज्य अमरीका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, जापान, नीदरलैंड, आयरलैंड, स्पेन तथा स्विट्जरलैंड हैं। बौद्धिक सम्पदा में आविष्कार, रचनात्मक कार्य, कलात्मक कार्य, डिजाइन, कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, शोध व नवाचार शामिल हैं। गौरतलब है कि इस नई आईपी रिपोर्ट में भारत की बौद्धिक सम्पदा आधारित नवाचार गतिविधियों की प्रशंसा की गई है और कहा गया है कि भारत बौद्धिक नवाचार के जरिये अर्थव्यवस्था को और तेजी से बढ़ाने की संभावनाओं वाला देश है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आईपी मापदंड़ों के मद्देनजर भारत का आकार और आर्थिक रसूख वैश्विक पटल पर बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने कॉपीराइट अधिकारों के उल्लंघन पर गतिशील निषेधात्मक आदेश जारी कर कॉपीराइट की नकल रोकने के सशक्त प्रयास किए हैं। इसके अलावा आईपी- आधारित कर रियायतें देकर और नकली उत्पादों के बारे में जागरूकता फैलाकर भी भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय काम किया है। यदि हम बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े अन्य वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों को देखें तो पाते हैं कि भारत इस क्षेत्र में लगातार आगे बढने का प्रयास कर रहा है। लेकिन अभी भी देश के तेज विकास के ऊंचे लक्ष्यों के लिए बौद्धिक संपदा शोध और नवाचार में भारत को ऊंचाई प्राप्त करना जरूरी है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) 2023 की रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में भी भारत 40वें पायदान पर दिखाई दे रहा है। खास बात यह भी है कि इस सूचकांक में भारत 37 निम्न-मध्यम-आय समूह अर्थव्यवस्थाओं के बीच अग्रणी बनकर उभरा है। साथ ही भारत नवाचार के संबंध में मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊपर है। बौद्धिक सम्पदा शोध एवं नवाचार की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है। भारत में शोध एवं नवाचार को बढ़ाने में डिजिटल ढांचे और डिजिटल सुविधाओं की भी अहम भूमिका है। भारत आइटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। विज्ञान और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट तैयार करने में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत के उद्योग-कारोबार तेजी से समय के साथ आधुनिक हो रहे हैं। कृषि से संबंधित चुनौतियों के समाधान के लिए भारत ने जिस तरह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया, उससे भारत कृषि विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि भारत ने कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता जैसे विविध क्षेत्रों में अच्छे सुधार किए हैं। साथ ही भारत में घरेलू कारोबार में सरलता, विदेशी निवेश जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार दिखाई दिया है। भारत की शोध एवं नवाचार ऊंचाई में अपार ज्ञान पूंजी, स्टार्टअप और यूनिकॉर्न, पेटेंट वृद्धि, घरेलू उद्योग विविधकरण, हाइटेक विनिर्माण और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए प्रभावी कार्यों के साथ-साथ अटल इनोवेशन मिशन ने भी अहम भूमिका निभाई है। कोविड-19 भारत में नए चिकित्सकीय शोध और नवाचार को बढ़ावा देने का भी एक अवसर बना है। भारत बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, डिजिटल, कृषि, शिक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। आज भारत में करीब 1.25 लाख स्टार्टअप हैं, जिनमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार के बहुआयामी लाभ होते हैं। इनके आधार पर किसी देश में विभिन्न देशों के उद्यमी और कारोबारी अपने उद्योग-कारोबार शुरू करने संबंधी निर्णय लेते हैं। पूरी दुनिया के विभिन्न देशों की सरकारें भी ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स को ध्यान में रखकर अपने वैश्विक उद्योग-कारोबार के रिश्तों के लिए नीति बनाने की डगर पर बढ़ती हैं। भारत में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध और विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते हुए अमरीका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स के तेजी से बढने से भारत में ख्याति प्राप्त वैश्विक फायनेंस और कॉमर्स कंपनियां अपने कदम तेजी से बढ़ा रही हैं। यद्यपि भारत के विकास में बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े तीन आधारों की बढ़ती भूमिका दिखाई दे रही है, लेकिन इन आधारों से विकास को ऊंचाई देने के लिए इस क्षेत्र में सरकार व निजी क्षेत्र का परिव्यय बढ़ाना होगा। इस समय भारत में आर एंड डी पर जीडीपी का करीब 0.67 प्रतिशत ही व्यय हो रहा है। दुनिया के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब दो फीसदी शोध एवं विकास में व्यय किया जाता है। यूरोपीय संघ में आर एंड डी पर जीडीपी का करीब 2 प्रतिशत तथा अमरीका, जापान और अन्य कई विकसित देशों में इस पर 3 फीसदी से भी अधिक व्यय किया जा रहा है। भारत में शोध एवं नवाचार पर खर्च ब्रिक्स देशों की तुलना में कम है और विश्व औसत 1.8 फीसदी से भी कम है। इस समय देश में निजी क्षेत्र का आर एंड डी पर खर्च जीडीपी के करीब 0.35 फीसदी के स्तर पर है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सरकार बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार की अहमियत को समझते हुए इस क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए दिखाई दे रही है। वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने उभरते क्षेत्रों में नवाचार और शोध को प्रोत्साहन देने के लिए एक लाख करोड़ रुपए के कोष की स्थापना करने की घोषणा की है।

आईपी सूचकांक के तहत शीर्ष क्रम पर जिन 10 देशों की अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनमें क्रमश : संयुक्त राज्य अमरीका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, जापान, नीदरलैंड, आयरलैंड, स्पेन तथा स्विट्जरलैंड हैं। बौद्धिक सम्पदा में आविष्कार, रचनात्मक कार्य, कलात्मक कार्य, डिजाइन, कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, शोध व नवाचार शामिल हैं। गौरतलब है कि इस नई आईपी रिपोर्ट में भारत की बौद्धिक सम्पदा आधारित नवाचार गतिविधियों की प्रशंसा की गई है और कहा गया है कि भारत बौद्धिक नवाचार के जरिये अर्थव्यवस्था को और तेजी से बढ़ाने की संभावनाओं वाला देश है।

दृष्टि कोण

## वरिष्ठ नागरिकः महंगा है अकेले सेवानिवृत्ति के बाद जीवनयापन, जानें ऐसा क्यों



**जब** आपका पाला सेवानिवृत्त हो चुके और होने वाले लोगों से पड़ता है तो कई बार किसी बात के लिए आपकी आलोचना जरूर हो सकती है। हाल ही में मैं अलग-अलग अवसरों और जगहों पर दो अनोखे लोगों से मिला। उनमें सिर्फ एक ही समानता थी कि दोनों अविवाहित थे। एक की उम्र 63 वर्ष थी, जबकि दूसरे की 56 साल। हरि कोविड महामारी के दौरान सरकारी नौकरी में लंबे करियर के बाद सेवानिवृत्त हुए। उमा कुछ साल में सेवानिवृत्त होने वाली हैं। तलाक के बाद वह कई साल से अकेली रह रही हैं। बहुत से लोग मानते हैं कि किसी जोड़े के सेवानिवृत्त होने के लिए आवश्यक संख्या को दो से विभाजित करने का तरीका अकेले रिटायर होने वाले से ज्यादा सही है। पर, वास्तविकता यह है कि अगर आप अकेले हैं तो आपको जो चाहिए वह उससे अधिक है, जो आप तब प्राप्त करेंगे, जब आप रिटायरमेंट संख्या को दो से विभाजित करेंगे। हां, यह थोड़ा चिंताजनक लग सकता है, लेकिन सच है कि अगर आप अकेले सेवानिवृत्त होने वाले हैं तो जोड़े के रिटायरमेंट की तुलना में आपके खर्च अक्सर ज्यादा होते हैं। अकेले सेवानिवृत्त होने वालों के पास आवास, वाहन और घर चलाने जैसी चीजों की लागत साझा करने के समान अवसर नहीं होते हैं। इसलिए, उन्हें रिटायर के लिए अधिक बचत करनी होगी। अगर आप अकेले हैं और बच्चों का पालन-पोषण नहीं कर रहे हैं तो ऐसे में आपके पास अपनी उम्र के 30 और 40 के दशक के दौरान बचत करने के कहीं अधिक अवसर होते हैं। जिनके पास बच्चों के लिए धन, घर और कई अन्य चुनौतियां होती हैं और जिनका सामना उन्हें परिवार के पालन-पोषण करते समय करना पड़ता है, उनको ज्यादा खर्च करना होता है। वास्तविकता यह है कि प्रति व्यक्ति खर्च बहुत अधिक है, इसलिए जब रिटायरमेंट की योजना बना रहे हों तो इस पर विचार करने की जरूरत है। परिवारों की तुलना में सिंगल लोग लाइफस्टाइल पर अनजाने में अधिक खर्च करते हैं और इसे वे अपना भी लेते हैं। उदाहरण के लिए, जब एक छोटी कार से भी काम हो सकता है तो भी अकेला व्यक्ति सेडान खरीद लेता है। इसके विपरीत, एक दंपती रिटायरमेंट के करीब एक छोटी कार ही पसंद करेगा। सिंगल लोगों को 60 वर्ष की आयु तक समान उम्र वाले जोड़े की तुलना में रिटायर होने पर लगभग 15-20 फीसदी अधिक बचत की जरूरत होगी। रिटायरमेंट बचत से 4-6 फीसदी निकासी यह पता लगाने का एक आसान तरीका है कि रिटायर होने पर आपको वास्तव में कितने पैसे की आवश्यकता होगी। इसका मतलब है कि 4 फीसदी का रेट पाने के लिए आपको रिटायर होने पर वास्तव में जितना पैसा निकालना होगा, उससे 25 से 30 गुना की आवश्यकता होगी। मैंने सेवानिवृत्ति के प्रति दृष्टिकोण को समझने के लिए हरि व उमा दोनों से बातचीत करना शुरू किया। हरि ने कहा, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल व सुरक्षा जैसी कुछ सामान्य सुविधाओं की बात आती है तो साझा लागत का लाभ उठाने के लिए वह रिटायरमेंट कम्युनिटी में चले गए हैं। दूसरी ओर, उमा ने कुछ साल पहले 50 साल की उम्र में उच्च अध्ययन के लिए अपनी लंबी नौकरी से छुट्टी ले ली थी। अब वह अपनी कंपनी में एक बड़े पद, जिम्मेदारी और वेतन पर वापस आ गई हैं, लेकिन इस नए बदलाव ने उनकी सेवानिवृत्ति की उम्र को 70 साल तक कर दिया है। एक महत्वपूर्ण पहलू जो सिंगल लोगों के लिए चुनौती बन सकता है, वह है उनका स्वास्थ्य। अक्सर अकेले रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य की देखभाल महंगी साबित होती है। सिंगल लोगों के लिए रिटायरमेंट लागत अधिक होती है क्योंकि खर्च साझा करने वाला कोई नहीं होता है। उदाहरण के लिए, यात्रा करते समय होटल के डबल रूम की लागत सिंगल रूम की तुलना में थोड़ी अधिक हो सकती है। लेकिन, दो लोगों के डबल रूम में ठहरने की प्रति व्यक्ति लागत सिंगल कमरे की तुलना में कम हो जाती है। अमूमन, किसी कपल को जिन चीजों के लिए 100 रुपये की जरूरत होगी, उसके लिए अकेले व्यक्ति को 60 से 70 रुपये खर्च करने होंगे।

कुछ अलग

## शुचिता के सवाल

**चर्चित** कहावत रही है कि प्रेम व युद्ध में सब कुछ जायज मान लिया जाता है। अब इसमें राजनीति को भी शामिल मान लिया गया है। सत्ता के समीकरणों के लिये राजनीति की मुख्यधारा में शामिल होने के बाद शुचिता का प्रमाणन हो ही जाता है। फिर एक विज्ञापन की तर्ज पर कहा जाता है कि ये दाग अच्छे हैं। ये स्थिति हाल-फिलहाल ही नहीं, देश के राजनीतिक परिदृश्य में दशकों से जारी रही है। राजनीतिक सुविधा के हिसाब से गुण-दोषों की व्याख्या की जाती रही है। कहावत भी है- समरथ को नहीं दोष गुसांईं। जैसे सबल व्यक्ति के दोषों को भी गुणों की तरह दर्शाया जाता है, वैसे ही राजनीति की मुख्यधारा में भी अवगुणों को गुण रूप में दर्शाने का विमर्श वक्त की हकीकत है। हाल फिलहाल के दौर में कई राजनेताओं के हृदय परिवर्तन और दल बदलने पर शुचिता के जुमले आम हैं। विपक्षी दल ऐसा ही कुछ सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने के आठ माह बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल से जुड़े एक मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट लगने के बाद कह रहे हैं। उनके अक्सर आरोप होते हैं कि राजनीतिक भयादोहन के लिये सरकारी एजेंसियों का उपयोग किया जाता रहा है। दरअसल, प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ एयर इंडिया व इंडियन एयरलाइन्स विलय मामले में विसंगतियों के खिलाफ सीबीआई ने रिपोर्ट दर्ज की थी। उल्लेखनीय है कि अजित पवार वाला एनसीपी घटक कुछ माह पूर्व राजग में शामिल हो गया थी। दरअसल, एयर इंडिया व इंडियन एयरलाइन्स विलय के समय प्रफुल्ल पटेल केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के पद पर थे। उसी दौरान एक मामले में उनके क्रियाकलापों को संदिग्ध बताया गया था। तब इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के साथ ही प्रवर्तन निदेशालय ने भी उनसे पूछताछ की थी। उन पर मुनाफे वाले रूट्स के जरिये अपने एक मित्र को लाभ पहुंचाने का आरोप लगा था। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की एक अदालत एक मामले में क्लोजर रिपोर्ट पर अगले माह के मध्य में विचार करेगी। वहीं दूसरी ओर कर्नाटक में 'माइनिंग किंग' के नाम से चर्चित जनार्दन रेड्डी की भाजपा में वापसी भी चर्चाओं में है। कहा जा रहा है कि यह प्रसंग राजग के 'अबकी बार,चार सौ पार' की मुहिम का हिस्सा है। रेड्डी का इतिहास खासा विवादों में रहा है और उन्हें खनन की दुनिया का बड़ा खिलाड़ी कहा जाता है। उनका नाम एक बड़े अयस्क कदाचार मामले में जोड़ा जाता रहा है। इसके अलावा कई अन्य मामलों के चलते भाजपा ने कालांतर उनसे दूरी बना ली थी। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले कल्याण राज्य प्रगति पक्ष पार्टी बनाकर वे खुद भी विधानसभा पहुंचे थे और उनके भाई व अन्य पारिवारिक सदस्यों ने अच्छे-खासे वोट अपने इलाके में हासिल किये थे। अब जबकि राज्य में कांग्रेस सत्ता में है तो भाजपा ने जनाधार बढ़ाने के लिये रेड्डी की पार्टी में वापसी की राह सुनिश्चित की है। हालांकि, एक समय रेड्डी से बात करने से भी पार्टी के बड़े नेता कतराते थे, अब वे ही माइन्स किंग की वापसी को सुखद बता रहे हैं। उनकी अपनी-अपनी दलीलें हैं। यहां तक कि रेड्डी की पार्टी के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात हुई है। इस पर जनार्दन रेड्डी की दलील है कि उनका तो पार्टी में ही जन्म हुआ है, यह तो घर वापसी हुई है। राजनीतिक पंडित बता रहे हैं कि पिछले विधानसभा चुनाव में न केवल जनार्दन रेड्डी विधानसभा के लिये चुने गए थे बल्कि बेल्लारी विधानसभा सीट से भी उनकी पत्नी को एकमुश्त वोट मिले थे। इसके अलावा उनकी पार्टी के कई नेताओं को भी ठीक-ठाक वोट मिले थे। जाहिर है रेड्डी के पार्टी से बाहर रहने को भाजपा अपने वोट बैंक में बिखराव के तौर पर देख रही थी।

देश दुनीया से

## राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने

**भारतीय** राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर ज़ब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब ज़ब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी यही कहा जा रहा है, उसके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के संकेत पर पैसों का लेनदेन हुआ। दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाए गए आरोपी प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है। हम यह भली भांति जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा प्रचारित किया कि एक वे ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं। लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अण्णा हजारे ने सवाल उठाए थे, हालांकि अण्णा हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अन्ना हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे रहा था। अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अण्णा हजारे की ओर से साफ सुथरी टिप्पणी आई है, जिसमें अण्णा हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। अण्णा हजारे ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का परिणाम बताया। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। यह बात केजरीवाल पर लागू होती है या नहीं, यह तो समय बताएगा, लेकिन जब आग लगती है तब ही धुंआ उठता है और इस धुंए का कालिमा किस किस के शक्ल को बिगाड़ने का काम करेगी, यह समय के गर्भ में है। केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। अगर यह कार्यवाही राजनीतिक होती तो स्वाभाविक रूप से इन सभी को जमानत भी मिल जाती। जमानत नहीं मिलने से यह आशंका प्रबल हो जाती है कि भ्रष्टाचार हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता भी केवल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ही विरोध कर रहे हैं, कोई भी यह नहीं कह रहा कि दिल्ली में शराब घोटाला नहीं हुआ या फिर गोवा के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का पैसा नहीं लगाया।



भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब ज़ब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता।

आप का नजरीया

## दिल्ली में राष्ट्रपति शासन!

**क्या** अद्र्धराज्य दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है? यह स्थिति 2014 में भी आई थी। तब आम आदमी पार्टी (आप) की अल्पमत सरकार थी और कांग्रेस के बाहरी समर्थन पर आश्रित थी। मुख्यमंत्री केजरीवाल ही थे। वह जनलोकपाल बिल पेश करने की जिद पर थे, लेकिन उसे रोका जा रहा था। नतीजतन 49 दिन की केजरीवाल सरकार ने इस्तीफा दे दिया और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन चस्पां कर दिया गया। अब 2024 में स्थितियां और राजनीतिक समीकरण बिल्कुल भिन्न हैं। दिल्ली विधानसभा में 'आप' और केजरीवाल के पक्ष में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत है। कुल विधायक 70 होते हैं। ऐतिहासिक जनादेश वाली, विश्वास मत प्राप्त, सरकार कार्यरत है। बेशक मुख्यमंत्री केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में बीते 10 दिन से हैं, लेकिन उन्होंने और 'आप' प्रवक्ताओं ने बार-बार दोहराया है कि मुख्यमंत्री जेल से ही सरकार चलाएंगे। बेशक संविधान और कानून इस संदर्भ में खामोश हैं कि भ्रष्टाचार का आरोपित और हिरासत में कैद एक मुख्यमंत्री सलाखों के पीछे से ही सरकार चला सकता है अथवा नहीं। संविधान कई मामलों में खामोश है। शायद हमारे संविधान के रचनाकारों ने ऐसी स्थितियों की कल्पना ही नहीं की होगी! लेकिन इस तरह सरकार चलाने में कई व्यावहारिक और संवैधानिक बाधाएं तो आती हैं। संवैधानिक पद पर बैठे राजनेता की नैतिकता का भी कोई तकाजा है। 'आप' नेताओं की जो जिद है, वह असमर्थनीय और प्रतिकूल है। हिरासती मुख्यमंत्री किसी विचाराधीन सरकारी आदेश को अपनी पत्नी और वकील से भी साझा नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री केजरीवाल के जो आदेश, उनके मंत्रियों ने, सार्वजनिक तौर पर पढ़े हैं, उन्हीं पर सत्ता के गलियारों में चर्चाएं जारी हैं कि क्या वे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ही जारी किए थे? क्या मुख्यमंत्री ऐसा कर सकते हैं? हिरासत में मुख्यमंत्री कोई बैठक तक नहीं कर सकते या आदेश की किसी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते। एक साथ तीन से अधिक मुलाकाती हिरासती मुख्यमंत्री से मिल नहीं सकते। कैबिनेट की बैठक बुलाने का आदेश नहीं दे सकते। यदि उपराज्यपाल या मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के विचारार्थ कोई फाइल भेजते हैं, तो उसे केजरीवाल तक कौन पहुंचाएगा? गोपनीयता भंग होने के आसार पूरे हैं। लिहाजा इस संदर्भ में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का हालिया बयान बेहद महत्वपूर्ण और रणनीतिक है। संभव है कि भारत सरकार के स्तर पर यह विचाराधीन है कि क्या दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की स्थितियां बन चुकी हैं? क्या दिल्ली सरकार में संवैधानिक मशीनरी अस्थिर हो गई है? अनुच्छेद 239-बी पर भी बहस शुरू हो चुकी है कि क्या राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली सरकार से संबंधित अनुच्छेद को बर्खास्त कर सकती हैं? फिलहाल स्थितियां मुख्यमंत्री केजरीवाल के पक्ष में हैं कि यदि वह अपने पद से इस्तीफा देते हैं, तो उपराज्यपाल वैकल्पिक मुख्यमंत्री के लिए उनकी पसंद जानने की कोशिश कर सकते हैं। यदि सरकार बर्खास्त कर दी गई, तो 'आप' और सरकार के भीतर मुख्यमंत्री बनने की होड़ मच सकती है। 'आप' के नेता कोई संत नहीं हैं। फिलहाल मौजूदा सरकार के लिए फरवरी, 2025 तक का जनादेश है।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने महादेव मठ में की पूजा अर्चना, जीत को लेकर मांगा आशीर्वाद





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को कुन्दा पहुँचे। सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह टिकट मिलने के बाद कुन्दा में पहली बार पहुँचे,इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक तरीके से फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वही ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ में सांसद प्रत्याशी ने पूजा अर्चना किया व लोगों से मिलकर रूबरू हुए। सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने टिकट मिलने पर जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह जनता की अडिग आवाज का परिणाम है कि मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को आला कमान ने टिकट दिया है। उन्होंने कहा की क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी, जनता के बीच हमेशा भाई बनकर हर सुख दुःख में सहभागी बना रहूँगा।ज्ञात हो की चतरा लोकसभा से दो बार सांसद रहे सुनील सिंह की जगह कालीचरण सिंह को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। कालीचरण सिंह बीजेपी के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं स्थानीय होने के नाते कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष देखने को मिल रहा है।वही राजद के पूर्व युवा मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ सांसद प्रत्याशी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।दौरे के क्रम में जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिता देवी, प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, जितेंद्र यादव, अनुज साव, मनोज यादव, समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# पत्थलगड़ा पुलिस ने डोडा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र मेराल पंचायत से डोडा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में पत्थलगड़ा पुलिस ने सफलता पाई है। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को एक गुप्त सूचना मिली थी पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मेराल के पलाटीबेड़ा के किशुन मुंडा, पिता स्वर्गीय राम मुंडा खरीद बिक्री करने के उद्देश्य से अपने घर में डोडा छुपा कर रखा हुआ था। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्थलगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने ग्राम पंचायत मेराल के पलाटीबेड़ां स्थित किशुन मुंडा के घर पर पहुंच कर घर पर उपस्थित किशुन मुंडा के समक्ष घर की पूरी तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में इसके घर से दो प्लास्टिक के बोरे में रखा कुल- 7.100 किलोग्राम डोडा जब्त किया गया। तत्पश्चात पत्थलगड़ा थाना में कांड संख्या- 11/24, धारा 15 एनडीपीएस एक्ट दर्ज करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त किशुन मुंडा, पिता स्वर्गीय राम मुंडा, ग्राम- पलाटीबेड़ा, पंचायत- मेराल, थाना- पत्थलगड़ा, जिला- चतरा को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। छापामारी दल में प्रखंड विकास अधिकारी राहुल देव, थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी, पु.अ.नि. अरविंद कुमार रविदास के अलावे थाना रिजर्व गार्ड एवं आईआरबी सशस्त्र बल के जवान शामिल थें।

# सिमरिया चौक स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोष की प्रतिमा को ट्रक ने किया चकनाचूर



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया चौक पर बने नेता जी सुभाष चन्द्र बोष की प्रतिमा को बुधवार की देर रात्रि मनचला ट्रक ने चकनाचूर कर दिया है। जिससे मुख्य चौक पर केवल मलवा बिखरा पड़ा है। हैरत की बात है कि ट्रक का इतना स्पीड था कि गोलंबर में जोरदार टक्कर मारा जिससे प्रतिमा को चकनाचूर करते हुए प्रतिमा के ऊपर लगा बजरंगदल का झंडा और सीसीटीवी तक चकनाचूर कर दिया। जहां गोलंबर का केवल मलवा हीं मलवा नजर आ रहा है। हालांकि टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया था ।परन्तु घटना स्थल पर उसका नम्बर प्लेट गिर गया था जिससे उसका सारा डिटेल निकाल कर वाहन पर कार्रवाई की जा रही है।यह घटना पहली बार नहीं हुआ है यह घटना चौथी बार है। आपको हाल का घटना बताता चलूं की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सिमरिया कर्बला मैदान में आगमन के दिन भी रात्रि को हीं मनचला ट्रक गोलंबर को धराशाही करते हुए ठेला को चकनाचूर करते हुए कपड़ा दुकान चक्रेश सिह का दुकान में घुस गया था। हालांकि दुकान का ज्यादा नुकशान नहीं हुआ था।जिसके कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इनके प्रतिमा पर मालार्पण नहीं कर पाए थे। बताता चलूं की यह गोलंबर मुख्य सड़क के बीचोबीच में स्थापित है। जहां चारमुहाना है। एक तरफ की सड़क चतरा को जाती है,दुशरी तरफ की सड़क हजारीबाग की ओर जाती है,तीसरी तरफ की सड़क टंडवा को जाती है वहीं चौथी सड़क बगरा भाया रांची को जोड़ती है। एक तरफ विशालकाय सीसम का पेड़ है जहां तीन मोटी डाल सुखी हुई है कभी भी मौत को दावत दी सकती है। वहीं दुशरी तरफ बरगद का पेड़ है।

# चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने किया प्रतापपुर का दौरा



**प्रतापुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने गुरुवार को प्रतापुर के दौरा किया। जिसे लेकर भाजपा संगठन के शीर्ष नेताओं, कार्यकर्ताओं सहित प्रखंड के पंचायत स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने मतदाताओं से मिलकर अपना समर्थन मांगा, मौके पर पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, कपिल पासवान, प्रखंड मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, गौतम सिंह, संसद प्रतिनिधि सतेंद्र पासवान एवं जिला कार्यकर्ता एवं प्रखंड कार्यकर्ता सहित सैकड़ों लोगो ने स्वागत में मौजूद थे।

# स्वास्थ्य उपकेंद्र मकरा में टिकाकरण के साथ मतदाता जागरूक किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र मकरा मे बीएलओ सबिता देवी की नेतृत्व मे टिकाकरण के साथ मतदाताओं को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर उपकेंद्र मे आए महिलाओं को रंगोली बनाकर मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मतदान के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही सभी सै मताधिकार का उपयोग अवश्य करनें और किसी के बहकावे मे मतदान नहीं करने की अपील की गई. और कहा गया कि दारू मुर्गा व पैसे के प्रलोभन मे नहीं जाएँ और अपना मतदान निष्पक्ष करें.वहीं वीवीपैट वैलेट कंट्रोल सहित एवीएम के बारे मे जानकारी दी गई. मौके पर एएनएम अर्चना हस्सा, सीएचओ ममता कुजूर, एमपीडब्लू अनु भगत, सहिया किरन्ति देवी, पूनम देवी, रीता देवी, कुंती देवी, सहायिका पार्वती देवी, लालो देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थे।

# टंडवा एसडीपीओ बने एएसपी, डीआईजी ने कंधों पर अशोक स्तंभ लगाकर दी बधाई

**➲रांची से बदलकर चार फरवरी को टंडवा में प्रभात रंजन बरवार ने दिया था योगदान**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विगत चार फरवरी को रांची से बदलकर चतरा के टंडवा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर योगदान देने वाले प्रभात रंजन बरवार को अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रोन्नति मिली है। राज्य सरकार द्वारा एएसपी के पद पर प्रोन्नति दिये जाने के बाद गुरुवार को हजारीबाग में डीआईजी सुनील भास्कर ने टंडवा एसडीपीओ श्री बरवार के कंधों पर अपने कार्यालय में पिपिंग सेरेमनी कार्यक्रम के दौरान अशोक स्तंभ लगाकर शुभकामनाएं दी। मौके पर डीआईजी ने नवप्रोन्नत अधिकारी को बुके देकर भी सम्मानित किया। डीआईजी ने कहा कि जिस उत्साह और ऊर्जा के साथ अबतक की पुलिस सेवा में पुलिस उपाधीक्षक के तौर पर प्रभात ने अपना बेहतर कार्यक्षमता का परिचय दिया है। उम्मीद है कि सरकार और महकमे द्वारा दी गई नई जिम्मेवारी को भी उसी ऊर्जा और तन्मयता के साथ अंजाम तक पहुंचाएंगे। वहीं नवप्रोन्नत अपर पुलिस अधीक्षक श्री बरवार ने कहा कि अबतक मैंने ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए खाकी की गरिमा को गौरवान्वित करने का प्रयास किया है। साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री संबंध को प्रगाढ़ बनाते हुए इंसाफ की उम्मीद लेकर मेरे कार्यालय तक पहुंचने वाले फरियादियों को इंसाफ दिलाने की दिशा में भी सकारात्मक भूमिका निभाया है। वरीय अधिकारियों के उम्मीदों पर भी खरा उतरने का भरपूर प्रयास मेरे द्वारा अब तक किया गया है। सरकार ने मुझे जो नई जिम्मेवारी सौंपी है, उसे टास्क के रूप में प्राथमिकता के आधार पर पूरा करूँगा। कहा कि सरकार और विभाग के वरीय अधिकारियों के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास रहेगा। आम लोगों के बीच पुलिस की छवि कैसे सुधरे इस दिशा में भी कानून संगत कार्रवाई करते हुए सार्थक पहल करेंगे। **जेपीएससी तृतीय बैच के डीएसपी हैं प्रभात, आधा दर्जन जिलों में दे चुके हैं सेवा :** राज्य सरकार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रोन्नति पाने वाले प्रभात रंजन बरवार जेपीएससी तृतीय बैच के अधिकारी हैं। वे चतरा के टंडवा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर योगदान देने से पूर्व राजधानी रांची, लोहरदगा, पलामू, गिरिडीह व चाईबासा में भी एसडीपीओ के पद पर कार्य कर चुके हैं। साथ ही साथ झारखंड जगुआर में भी रहकर नक्सलियों के विरुद्ध विशेष अभियान का नेतृत्व कर चुके हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 4 अप्रैल 2023 दिन गुरुवार को उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें, योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं। साथ ही कार्य में शिथिलता बरतने वाले संवेदकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।बैठक में कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सूरज प्रकाश चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# पीएमश्री जेएनवी में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के बाजकुम स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार में वार्षिक परीक्षा परिणाम के साथ-साथ वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सांस्कृतिक कला केंद्र में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। संगोष्ठी से पूर्व शिक्षकों ने अपना परिचय दिया साथ ही अपने विचार प्रस्तुत किए एवं बच्चों और विद्यालय के हित में अपना मन्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में दीपक गुप्ता, अलका कुमारी तथा अन्य अभिभावकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए एवं सुझाव दिया। अंत में प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने सभा को संबोधित किया एवं अभिभावकों के द्वारा दिए गए सुझाव को स्वीकार करते हुए उन्हें अमल में लाने का आश्वासन दिया एवं अभिभावकों से विद्यालय के सुचारू रूप से संचालन हेतु सहयोग की अपील की। उन्होंने गत वर्ष की उपलब्धियों और गतिविधियों के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया।

# बारियातू पुलिस ने छापामारी कर घर से डेढ किलो अफीम व दस बोरा डोडा बरामद किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातु पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर बालूभाँग पंचायत के ग्राम गुरुवे मे रंजीत गंझु के घर से छापामारी कर 10 बोड़ा सहित अवैध अफीम 1.580 ग्राम अफीम बरामद करने मे सफलता पायी है. बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की बालूभाँग के गुरुवे निवासी रंजीत गँझू अवैध अफीम का धंधा करता है। यदि अभी उसके घर मे छापामारी कि जाए तो उसके घर से अवैध अफीम एवं डोडा बरामद हो सकता है। इसकी सुचना वरीय पदाधिकारी को दी गई. तत्पश्चात् पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन लातेहार के निर्देशानुसार अनुमडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व मे एक छापामारी दल गठन किया गया.जिसमे थाना प्रभारी राजा दिलवार, सअनि नीरज कुमार दुबे एवं सशस्त्रबल शामिल थे. पुलिस गाड़ी को आता देख रंजीत गंझु व उसके घर वाले गावं के अंदर से जंगल कि तरफ भागने मे सफल रहे .छापामारी दल के द्वारा रंजीत गंझु पिता स्व.ठेचा गंझु ग्राम गुरुवे बारियातु जिला लातेहार के घर से विधिवत तलाशी करने पर रंजीत गंझु के घर के अंदर से 1.580किलो ग्राम पलास्टिक मे रखा अफीम जैसा पदार्थ एवं दस बोरिया मे अफीम डोडा का कुल एक क्विंटल पांच सौ ग्राम बरामद हुआ.जिसको विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त कर लिया गया.इस सबंध मे अभियुक्त कांड संख्या 28/2024 दिनांक 03/04/2024 धारा 15 (बी ) 17 (बी ) 18 (बी )18(ष)/22(सी ) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया. छापामारी दल मे शामिल पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, थाना प्रभारी राजा दिलावर, सअनि नीरज कुमार दुबे, आरक्षी 145शंकर तियु, /147 त्रिपुरारी सिंह/322 अमान अंसारी (आईआरबी -04)आ0 /304 अमरजीत राम (आईआरबी 04) चा0आ0/837 लाडेन हसन शामिल थे।

# साल्वे विद्यालय का जलमिनार व चापानल एक वर्ष से खराब कुएं का दूषित जल पीकर बच्चे हो रहे बिमार



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत साल्वे ग्राम साल्वे स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में स्थित जलमिनार व चापानल पिछले एक साल से खराब पडा है, विद्यालय मे अध्ययनरत सभी बच्चे पास के कुए का पानी पिने को मजबुर है। कुए का दुषित पानी पीने के वजह से बच्चे अकसर डायरिया व टायफाइड जैसे गंभीर बिमारी से ग्रस्त रहते हैं। विद्यालय परिसर में जल की व्यवस्था नही रहने के वजह से शौचालय बन्द पडा है। छात्र छात्राओं को खुले मे शौच के लिए जाना पड़ता है। इस संबंध मे ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय मे पेयजल संकट को लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति, बेखबर है, संज्ञान मे देने के बावजूद स्थानीय मुखिया, तथा प्रखंड प्रमुख ने भी किसी प्रकार की सुध नही ली है। तथा जनप्रतिनिधियों ने चुनाव जितने के बाद से किसी भी तरह से विद्यालय का औचक निरिक्षण कर विद्यालय व विद्यार्थियों का समस्याऔ को जानने की कोशिश नहीं किया है।

# स्कूल के शौचालय में ताला बंद होने के कारण बच्चे शौच के लिए जाते हैं तालाब : अयूब खान

**पढ़ाई के समय स्कुल से शौच के लिए तलाब जाने से बच्चों की जीवन खतरे में**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय हिसरी का जायजा लिया। छात्र छात्राओं की सुविधा और परीक्षा की जानकारी ली। स्कुल जाने के क्रम में अयुब खान की नजर बरतु बांध की और जा रहे स्कुल के दुसरी कक्षा के तीन छात्रों प्रशांत तुरी, रोहित कुमार व अन्य पर नजर पड़ी, बच्चों से पुछे जाने पर बताया कि बांध में शौच के लिए जा रहे हैं।शौच से लौटने पर बच्चों ने बताया कि स्कुल की शौचालय पर ताला लगा दिया गया है इसलिए शौच के लिए बाहर आए थे।अयुब खान ने कहा कि स्कुल में इस समय परीक्षा चल रही है, विद्यालय में शौचालय भी है ऐसे में इस भीषण गर्मी में स्कुल की शौचालय मे ताला लगाकर रखा जा रहा है, छात्रों को शौच के लिए बाहर जाने के लिए विवश किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि बरतु बांध में इस समय करीब चार पांच फीट पानी है, छात्रों को बांध में भी डुबने का खतरा है उनके जान को खतरा में डाला जा रहा है।देश के भविष्य और नवनिहाल छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य को बताया कि स्कुल की शौचालय में हमेशा ही ताला लगाकर बंद रखा जाता है।प्रत्येक दिन शौच के लिए स्कुल के दर्जन भर से अधिक बच्चे बांध तलाब में हमेशा भटकते रहते हैं। यह प्रधानाध्यापक की घोर लापरवाही है और स्कुल के बच्चों के साथ अन्याय है, अयुब खान ने इस मामले पर डीएसई कविता खलखो से छात्र छात्राओं के हित में कार्रवाई करने की मांग किया है।

# गोविंद कंपलेक्स में सना बुटीक, कॉस्मेटिक एंड गिफ्ट गैलरी का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के पंचमुखी शिव मंदिर गेट के समीप गोविंद कॉम्प्लेक्स में सना बुटीक, कॉस्मेटिक एंड गिफ्ट गैलरी का शुभारंभ किया गया जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष सह पत्रकार दीपक राज और सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि इस दुकान का शुभारंभ होने से अब आसपास के क्षेत्र के लोगों को और खासकर महिलाओं को गारमेंट्स, बुटीक कॉस्मेटिक और गिफ्ट आइटम की खरीदारी के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि हमें खुशी है बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र व्यवसाय के क्षेत्र में प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने प्रतिष्ठान के संचालक जावेद खान को शुभकामनाएं दी। वहीं कन्हाई प्रसाद ने कहा कि संचालक नए प्रतिष्ठान के माध्यम से बरवाडीह वासियों को और भी बेहतर सेवाएं दे सकेंगे। वहीं संचालक जावेद खान ने बताया कि हमारे यहां बच्चों एवं लकड़ियों के लिए रेडिमेट कपड़े, कुर्ता, विवाह के कपड़े लड़कियों के लिए जींस टॉप, जेंट्स जींस पेंट, शर्ट, टी शर्ट एवं कॉस्मेटिक के साथ आकर्षक गिफ्ट आइटम की ज्यादा से ज्यादा रेंज सस्ते दरों पर उपलब्ध है। मेरी सोच थी की मेरी दुकान में जो भी कस्टमर आए कुछ न कुछ लेकर ही जाए। इसी सोच के साथ हमने आज इस प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया है। ग्राहकों की पसंद और डिमांड को देखते हुए हमारे यहां सभी तरह के समान उपलब्ध हैं। उदघाटन समारोह में भाजपा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, जितेंद्र कुमार सिन्हा, एडवोकेट रवि कुमार, मौलाना शेखावत, मो.नसीम खान, अख्तर खान, सदर हाजी मोहम्मद नासिर खान, रिंकू खान, अख्तर खान, फिरोज खान, सैफ अली खान शमशाद आलम, मजहर आलम और दीपक विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# विद्यालय परिसर के बाहर जाम की समस्या से लोग परेशान



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत रामपुर में महुआडाड़-रांची मुख्य सड़क पर स्थित संत जेवियर अकैडमी विद्यालय परिसर के बाहर सुबह विद्यालय के समय पर सड़क पर जाम लगने से लोग परेशान हैं। वही जाम के कारण विद्यालय जाने वाले बच्चों समेत उनके अभिभावकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में विद्यालय के बच्चों के अभिभावकों ने बताया की पूर्व में विद्यालय परिसर के अंदर तक वहान ले जाने की अनुमति थी लेकिन अब दरबान के द्वारा अभद्रता के साथ रोक दिया जाता है। क्योंकि छोटे-छोटे बच्चे हैं जिन्हें सड़क पर छोड़ना उचित नहीं है इसलिए वाहन सड़क पर खड़ी कर बच्चों को अंदर तक छोड़ने जाना पड़ता है। जिससे जाम की समस्या हो रही है। वही दरबान के अभद्र व्यवहार से रुष्ट कुछ अभिभावकों द्वारा विद्यालय गेट पर विरोध भी किया। जिस पर तुरंत ही संज्ञान लेते हुए विद्यालय प्राचार्य ने अगले दिन से विद्यालय परिसर में वाहन प्रवेश की अनुमति प्रदान करते हुए मामले को शांत कराया।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के 45वें स्थापना दिवस समारोह में दहाड़ी कल्पना सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मटवारी स्थित गांधी मैदान में झामुमो का 45 वा स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया।समारोह की मुख्य अतिथि मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन थी।सबसे पहले उन्होंने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।अपने उद्बोधन में उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर जम कर भड़ास निकाला।उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन कल्याणकारी नीतियों से घबड़ा कर उन्हें षड्यंत्र के तहत जेल भेजा गया है।हेमंत का भी वही डीएनए है जो उनके ससुर शिबू सोरेन का है,जिन्होंने नंगे पैर रहकर महाजनों को झारखंड से बाहर का रास्ता दिखाया था।भाजपा आदिवासियों को है दृष्टि से देखती है आगामी चुनावों में जनता इन्हे जरूर सबक सिखायेगी।मौके पर उपस्थित कमल नयन सिंह ने कहा कि भाजपा हमे जितना तोड़ने का प्रयास करेगी हम उतने हीं मजबूती से उभरकर आएंगे। सवा तीन करोड़ जनता का आशीर्वाद हेमंत के साथ है। समारोह में राज्य सभा सदस्य महुआ माजी ने कहा कि कल्पना के दिल्ली में दहाड़ की गूंज पूरे देश में सुनी गई है। दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा को देश से उखाड़ फेकना है।सभा को गिरिडीह विधायक सुदुध सोनी ने भी संबोधित किया।कहा कि जिस प्रकार मतवाले हाथी को महावत एक अंकुश से नियंत्रित कर लेता है उसी तरह आप का एक वोट दिल्ली के तानाशाह को पटकनी देगा। टुडी विधायक मथुरा महतो ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार ईडी और सीबीआई की मदद से लोकतंत्र को खोखला करने का काम कर रही है।वही पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि जल्द हीं हेमंत सोरेन सलाखों से बाहर होंगे।इस समारोह में झामुमो जिला समिति संयोजक संजीव बेदिया सहित झामुमो के जिला पदाधिकारी तथा विभिन्न प्रखंडों से आए सैकड़ों सदस्य मौजूद थें।

## विष्णुगढ़, टाटीझरिया, पदमा और चुरचु में बीएलओ और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विष्णुगढ़, टाटीझरिया, पदमा और चुरचु के सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण स्थानीय नगर भवन में आयोजित किया गया। इस मौके पर ब्लह के कार्य एवं दायित्व के साथ-साथ,स्ष्ठ मतदाताओं की परिभाषा एवं ,स्ष्ठ सूची का महत्व, बूथ जागरूकता ग्रुप का गठन एवं भूमिकाएं और,ड्क्स्ष्ट एवं और पोस्टल वैलेट-होम वोटिंग और मतदाता पर्ची का वितरण के बारे में गहन जानकारी दी गई। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी माँ देवप्रिया ने सभी बीएलओ को अपने दायित्वों एवं कार्यो का निर्वहन सही तरीके से करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उपनिर्वाचन पदाधिकारी माँ देवप्रिया नोडल पदाधिकारी के रूप में डीएलओ निर्भय कुमार, हजारीबाग डीटीओ भी उपस्थित रहें। इस प्रशिक्षण को धीरज कुमार, अनिल पांडेय,देवकांत शर्मा, विनय सिंह,राकेश रंजन आदि मास्टर के द्वारा दिया गया।

## रेन्बो स्कूल बरही में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में शैक्षिक सत्र 2023 -24 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ। परीक्षा परिणाम को लेकर स्कूल के विद्यार्थी एवं अभिभावक बहुत उत्साहित रहे। वार्षिक परिणाम सुनकर बच्चे काफी खुश हुए, क्योंकि वह अगली कक्षा में बढ़ गए। वहीं वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले बच्चों में प्री नर्सरी से इशिका कुमारी, नर्सरी से मेहनूर फातिमा, एलकेजी से आर्यन कुमार पंडित, यूकेजी से अंजली कुमारी, पहली कक्षा से चंदन कुमार पंडित, दूसरी कक्षा से पम्मी कुमारी, तीसरी कक्षा से तौशीफ अहमद, चौथी कक्षा से दीपसिखा कुमारी, छठवीं कक्षा से नुजहत प्रवीण, कक्षा सांतवी से आरती कुमारी, आंठवी कक्षा से रूपेश कुमार, कक्षा नवमी से डब्लू कुमार शामिल रहें। परीक्षा परिणाम पर निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिन बच्चों ने कक्षा में अपना स्थान प्राप्त नहीं किया उनको निराश होने की जरूरत नहीं है बल्कि और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। इसका श्रेय बच्चों, शिक्षको एवं अध्यापकों की मेहनत को है। उन्होंने कहा कि सभी का सहयोग इसी प्रकार से मिलता रहेगा तो विद्यालय और अधिक ऊंचाई को छूते हुए बेहतर परिणाम लेकर आएगा। परीक्षा के सफल आयोजन में परीक्षा नियंत्रक गौरी शंकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर शिक्षकों में प्रवीण कुमार, विद्यापति यादव, ऊषा यादव, पंकज कुमार, सुधा यादव, रिंकी कुमारी, शिवानी जायसवाल, विक्रम कुमार, रिफ्फत प्रवीण, अंशु कुमारी, प्रीति कुमारी, कुमारी स्वेता एवं संतोष कुमार उपस्थित रहे।

## आजसू पार्टी की हज़ारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मलेन 13 अप्रैल को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** आजसू पार्टी की लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मलेन 13 अप्रैल को स्थानीय शिवम् बैंक्वेट, हरनगंज, हज़ारीबाग में आयोजित जायेगा । इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी होंगे । उनके साथ गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस, पूर्व मंत्री उमाकान्त रज़क, केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागाँव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, केन्द्रीय उपाध्यक्ष मो हसन अंसारी, मौलाना नज़रुल हसन हाशमी, माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, रामगढ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी सहित कई केन्द्रीय नेता शामिल होंगे ।विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( एन डी ए) प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल होंगे ।हज़ारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मलेन में हज़ारीबागद्ध लोकसभा अंतर्गत आनेवाले सभी केन्द्रीय समिति पदाधिकारी एवं सदस्य, हज़ारीबाग जिला कमिटी और रामगढ जिला कमिटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य, सभी प्रखण्ड कमिटी, पंचायत कमिटी के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा पुरे लोकसभा क्षेत्र के सभी ग्राम प्रभारी इस सम्मलेन में शामिल होंगे ।

## पंचमाधव बसरिया गांव में रामनवमी पूजा के लिए समिति गठित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव बसरिया गांव में गुरुवार को रामनवमी पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मानने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कैलाश यादव व संचालन प्रकाश ठाकुर ने किया। रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण व व्यवस्थित रूप से सफल बनाने एवं आकर्षक झांकी निकालने को लेकर समिति गठन किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से अध्यक्ष धीरेंद्र यादव, कैलाश यादव को सचिव, कोषाध्यक्ष संतोष यादव एवं उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव को बनाया गया। वही संरक्षक में कई लोग का चयन किया गया। जिसमें प्रकाश ठाकुर, बीरेंद्र यादव, बीरेंद्र सिंह, लक्ष्मण ठाकुर, उदेश्वर यादव, जानकी यादव एवं समिति का सदस्य में महेश राणा, राजेश यादव, संदीप राणा, पिंटू यादव, राहुल कुमार, महेश यादव, सिकेन्द्र ठाकुर, विपुल राणा, प्रकाश राणा सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## जिला परिषद के जिलाअभियंता के पद पर कार्यरत सी बी सिंह का हुआ निधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग। जिला परिषद मे जिला अभियंता के रूप में कार्यरत सी.बी सिंह ने गुरुवार को सुबह करीब 6ञ्30 बजे अपनी अंतिम सांस ली। वर्तमान में सी.बी सिंह जिला अभियंता के रूप में कार्य कर रहे थे, उनके कार्य का करीब 2 वर्ष और बचा हुआ था। पिछले कई वर्षो से ये बीमारी से जूझ रहे थे। सी.बी सिंह सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी सेवा प्रदान किया करते थे काफी कुशल व्यवहार के थे, इनकी निधन की सूचना के बाद हजारीबाग में इनके घर में लोग पहुंचने लगे,हर कोई इस दुख की घड़ी में अपना शोक प्रकट कर रहा था। सी. बी सिंह ने अपने पीछे एक सुपुत्र और एक सुपुत्री को छोड़ अलविदा लिए है। अंतिम संस्कार का काम सुपुत्र के द्वारा किया गया है। तो वही इस बीच हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक व सी.बी सिंह के परम मित्र चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की पीछे कई वर्षों से उनके साथ हमारा गहरा संबंध रहा है देश-विदेश उनके साथ आना-जाना हुआ है, हमारे मित्र मंडली के सबसे प्रमुख व्यक्ति थे आज हमारा मित्र मंडली का एक व्यक्ति हमसे दूर हो गया। हमारे घर के एक सदस्य के रूप में थे। इनका इतनी जल्दी चले जाना मेरे लिए काफी दुख की बात है।

## स्वास्थ्य कारणों से मुक्ति के आवेदनों की जांच के लिए चिकित्सा समिति का गठन

**हजारीबाग :** लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत कतिपय नियुक्त मतदान कर्मियों के द्वारा स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर चुनाव कार्य से विमुक्ति हेतु आवेदन पत्र समर्पित किया गया है। उक्त क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय के द्वारा स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर मतदान कार्य से विमुक्ति पर संबंधित आवेदनों की जांच हेतु जिला स्तर पर चिकित्सा समिति का गठन किया गया है। इस टीम में डॉ संजय कुमार राजन, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, डॉ सुभाष प्रसाद चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर प्रखंड, डॉ राहुल कुमार चिकित्सा पदाधिकारी अनुमंडल अस्पताल बरही,संप्रति केंद्रीय कारा, डॉ मयंक प्रताप चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल सह उत्क्रमित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं डॉ ज्योति कुमारी चिकित्सा पदाधिकारी परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग को शामिल किया गया है। उपायुक्त के निर्देशानुसार वैसे आवेदनों पर जांच हेतु चिकित्सा समिति के सभी सदस्य दिनांक 8 अप्रैल से 10 अप्रैल 2024 तक 11:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 से अपराह्न तक नए समाहरणालय भवन हजारीबाग के ग्राउंड फ्लोर कमरा संख्या बी 008 में उपस्थित होकर संबंधित कार्य को निष्पादित करने के निर्देश दिए है। चिकित्सा समिति के प्रस्ताव के आधार पर ही संबंधित मतदान कर्मियों को चुनाव कार्य से मुक्त किया जाएगा।

## रामनवमी पूजा को लेकर पुराना दुर्गा मंडप प्रांगण मे किया गया बैठक



**दारू ।** प्रखंड अंतर्गत दारू पंचायत के बक्सीडीह में श्री श्री रामनवमी पूजा महोत्सव हेतु एक बैठक पुराना दुर्गा मंडप के प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भैया संतोष सिन्हा के द्वारा किया गया। बैठक में निम्न निम्न प्रस्ताव पर विचार कर सभी गणमान्यो की उपस्थित में सभी के सर्वसम्मती से पुजा महोत्सव को लेकर पुजा समिति का पुनर्गठन कर विस्तार किया। जिसमें संरक्षक भैया संतोष सिन्हा, दिनेश वर्मा, दिनेश प्रसाद व् कमल किशोर प्रसाद, संयोजक बजरंग कुमार सहाय, सह संयोजक राजन सिन्हा व् शंकर पासवान, अध्यक्ष राजकुमार आर्ट, उपाध्यक्ष रौशन सिन्हा, सचिव उपेंद्र पासवान, उप सचिव सुरेश कुमार दास, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, उप कोषाध्यक्ष सुमित सिन्हा, मीडिया प्रभारी सुमन सिन्हा व् दिनेश पासवान को बनाया गया। साथ ही कार्यकारणी सदस्यो का भी चयन किया गया जिसमे प्रभाकर सिन्हा, विकाश कश्यप, प्रवीण सिन्हा, शिशिर सिन्हा, प्रमोद पासवान, सुदेश कुमार इत्यादि मौजूद थे।

## बड़कागांव प्रखंड के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए मशीन व सामग्री की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के जंगलों में महुआ चुनने के दौरान ग्रामीण आग लगा दे रहे हैं जिसके कारण अधिकतर छोटे-छोटे पौधे, झाड़ियां, जंगली औषधियां जलकर नष्ट हो जा रहे हैं। बार-बार जंगल में आग लगने के कारण जंगल का घनत्व कम होते जा रहा है। जंगल में वर्तमान समय में भी कुछ औषधियां उपलब्ध है जिनका प्रयोग लोग करते हैं। हडजओर, गएैठई, टेना, जंगली कोंहडा, गुलर आदि औषधीय पौधे आग से खत्म हो सकते हैं। लोग कहते हैं कि हडजोड़ को शरीर के टूटा हुआ हड्डी स्थान पर सिर्फ बांध देने से हड्डी जुट जाता है। उसी प्रकार गुलर कैंसर रोगी को ठीक करने के काम में आता है। बार-बार जंगल में आग लगने के कारण जंगली जीव जंतु पंछी को भी भारी नुकसान हो रहा है जिसके कारण इनकी संख्या में कमी होता जा रहा है। इस दिशा में काण्डतरी वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति के सदस्य 5 वर्षों से लगातार सक्रियता के साथ कार्य कर रहे है। कुलेश्वर कुमार का कहना है कि महुदी पहाड़ हजारों एकड़ में फैला हुआ है जैसे महुदी, मिर्जापुर, पलाण्डु, खपिया, काण्डतरी, पंडरिया, सीकरी, निरी इत्यादि का जंगल जो एक दूसरे जंगलों से जुड़ा हुआ है। जब एक पहाड़ पर आग लगता है तो धीरे-धीरे पूरा पहाड़ में आग फैल जाता है जिसके कारण हम लोगों को आग बुझाने में ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। वन विभाग के द्वारा बड़कागांव वन क्षेत्र एवं केरेडारी वन क्षेत्र में आग बुझाने के लिए मात्र दो मशीन उपलब्ध कराया गया है जिसमें एक खराब है जिसके कारण एक मशीन से दोनों वन क्षेत्र में आग बुझाने का काम पूरा नहीं हो पाता है। इसलिए अतिरिक्त मशीन के अलावा टॉर्च, आवागमन के लिए पेट्रोल, अच्छा सोल वाला जूता की आवश्यकता है। हम लोग हर वर्ष अपने खर्चे से आग बुझाने का काम करते आ रहे हैं। हम लोगों को विभाग से कुछ भी नहीं मिलता है। हम लोगों को जंगलों में आग बुझाने का कार्य रात हो या दिन दोनों समय करना पड़ता है। हालांकि आग बुझाने में रात का समय आसानी से आग बुझता है। कांडतरी वन समिति के चार -पांच आदमी जैसे कुलेश्वर कुमार, बालेश्वर महतो, तुलेश्वर महतो, मनोहर सिन्हा जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए हर समय तत्पर रहते हैं। जहां कहीं भी जंगल में आग लगता है तो तुरंत बुझाने का प्रयास करते है।


## आजसू पार्टी की हज़ारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मलेन 13 अप्रैल को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** आजसू पार्टी की लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मलेन 13 अप्रैल को स्थानीय शिवम् बैंक्वेट, हरनगंज, हज़ारीबाग में आयोजित जायेगा । इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी होंगे । उनके साथ गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस, पूर्व मंत्री उमाकान्त रज़क, केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागाँव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, केन्द्रीय उपाध्यक्ष मो हसन अंसारी, मौलाना नज़रुल हसन हाशमी, माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, रामगढ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी सहित कई केन्द्रीय नेता शामिल होंगे ।विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( एन डी ए) प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल होंगे ।


## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में नए सत्र की हुई शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बृहस्पतिवार को स्कूल प्रांगण में पूजा पद्धति और हवन के साथ नई सत्र 2024 -25 की शुरुवात कर दी गई है। इस दौरान स्कूल के सभी बच्चें और शिक्षक मौजूद रहें और पूजा में भी शामिल हुएं। स्कूल प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि आज से स्कूल में नए सेशन का शुभारंभ हो चुका है। विधालय में हर साल की भांति इस साल भी पूजा और हवन के साथ बच्चों के लिए मंगलकामन्याएं और स्वास्थ्यवर्धन के लिए प्रार्थना किया गया। वहीं स्कूल के उप प्राचार्य विकास सिंह ने बताया कि आज से विद्यालय में 2024-25 सत्र की शुरुआत हो गई है। इसी के उपलक्ष्य में पूजा और हवन रखा गया था। इस दौरान माँ सरस्वती और सभी ईश्वरीय शक्तियों से प्रार्थना की गई कि इस साल भी हमारे बच्चें सहित देश के तमाम बच्चें, लगन के साथ अपना कार्य करें। सभी सफल हों और पूरे जगत में अपना और देश का नाम रौशन करें। आगे उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय के छात्रों ने हमेशा ऊँचाइयों को छूने का प्रयास किया है । इस साल भी श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल उसी ऊर्जा और प्रेरणा के साथ देखना चाहता है। इस सत्र में भी हम सभी मिलकर काम करने का साहस और उत्साह के साथ आगे बढ़ने का भरसक प्रयास करेंगे। विद्यालय अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ रहा है।

## भारतीय मंदिर एकता क्लब दारू खरिका ने रामनवमी पूजा को लेकर की बैठक



**दारू।** भारतीय मन्दिर एकता क्लब दारू खरिका द्वारा नए दुर्गा मण्डप में सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा एवम जुलुस धुमधाम से निकालने पर सहमति बनी। बैठक में समिति का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष श्रवण सुंडी, सचिव दशरथ कुमार, सह सचिव ओमप्रकाश कुमार, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार मंडल, सह कोषाध्यक्ष जयनारायण मंडल को बनाया गया। साथ ही कार्यकारणी सदस्यो का भी चयन किया गया जिसमे रविन्द्र कुमार,भोला प्रसाद, योगेश्वर प्रसाद, उपेंद्र कुमार, लखराज कुमार, योगेश्वर कुमार, मुकेश कुमार, कैलाश यादव, गोल्डी कुमार, रंजित कुमार, लक्ष्मण कुमार, निलेश कुमार, सचिन कुमार, गौतम कुमार सहित अन्य सदस्यो को बनाया गया।

## शतचंडी महायज्ञ को लेकर किया गया झंडारोहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के ग्राम खेरौन में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ की शुरुआत 9 अप्रैल से होगी, महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोरों पर है। आचार्य अमित उपाध्याय के वेदोच्चार के बीच गुरूवार शाम 4 बजे महायज्ञ का झंडारोहन किया गया। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि महायज्ञ 9 अप्रैल से प्रारंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति 17 अप्रैल को भंडारे के साथ होंगी। इस दौरान महायज्ञ के अवसर पर मंदिर परिसर में मीना बाजार प्रवचन आदि सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से महायज्ञ में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील किया है। मौके पर महायज्ञ समिति के सचिव वीरेंद्र गुप्ता उर्फ कल्लू साव, अध्यक्ष अवधेश सिंह, कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह पूर्व कल्लू सिंह, सचिव अवधेश सिंह, उपाध्यक्ष मुख्य पुजारी सिवल सिंह, सतेंद्र सिंह, रामसेवक सिंह, भोला सिंह, शंभू सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह, गोपाल साव, प्रद्युमन सिंह, लोकेश सिंह, आवाज सिंह, उमेश सिंह, बीरबल सिंह, रणजीत सिंह, सुनील सिंह, राजेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, प्रदीप सिंह, प्रकाश सिंह, सकलदेव सिंह, देवेंद्र सिंह, सरवन सिंह, मनोज सिंह और विनोद सिंह, दशरथ सिंह, शंकर सिंह, जयप्रकाश नारायण सिंह यादव, अशोक सिंह, कृष्ण सिंह, अमन सिंह, कॉलेज सिंह, कौशल सिंह, ट्रिपल सिंह सीडी, ठाकुर अर्जुन सिंह, विजय सिंह, चंदन सिंह, सुजीत सिंह एवं समस्त ग्रामीण सहित कई लोग मौजूद थे ।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना दिवस में बड़कागांव से सैकड़ो कार्यकर्ता हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव:** हजारीबाग मटवारी गांधी मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 45 वें स्थापना दिवस में बड़कागांव से सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव सह बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़कागांव प्लस टू उच्च मैदान में भारी संख्या वाहनों के साथ कार्यकर्ता उपस्थित हुए और पार्टी हित में नारा लगाते हुए हजारीबाग के लिए रवाना हुए। इस दौरान संजय सिंह ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बलिदानों की पार्टी है। अलग झारखंड राज्य निर्माण में पार्टी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है कई लोगों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है। पार्टी हमेशा गरीब गुरबों आम जनता की हित में कार्य करती है।मौके पर मुख्य रूप से झामुमो वरिष्ठ नेता झमन प्रसाद, मीडिया प्रभारी संजय भुइयां, हेमन्त भुईयां, इंद्रदेव राम, प्रखंड सचिव सरोज मेहता, विशेश्वर राम, मोहम्मद हुसैन, दीपक साव, नंदकिशोर भुईयां, राम सागर महतो, महेंद्र पासवान, शंकर साव, राजेंद्र भुइयां, गणेश राम, सुनील राम, मोती भुइयां, गुलाब राम, बालेश्वर राम, रघुवीर महतो, सुरज वर्मा, घनश्याम महतो, राजेंद्र विनोद बेसरा सहित 23पंचायत के अध्यक्ष सचिव कार्यकर्ता शामिल थे।

## हज़ारीबाग़ के मुनका बगीचा में तीन दिवसीय साई लीला महानाट्य का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** साई परिवार हज़ारीबाग़ के द्वारा कानी बाजार के मुनका बगीचा में साई बाबा के महासमाधि के अवसर पर साई कथा के साथ साई लीला महानाट्य का शुभारंभ हो गया है। बता दें कि साई भजन सम्राट व कथा वाचक गुरुजी प्रवीण महामुनि के द्वारा शिर्डी से आये साई कथा भजन और भण्डारा के साथ झांकी का विशेष आयोजन किया जा रहा है। इसमें हजारीबाग के तमाम श्रद्धालु को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है। 4 अप्रैल की सुबह 8 बजे नगर भर्मण किया गया , जो कि मुनक्का बगीचा से महावीर स्थान चौक , पँच मन्दिर चौक , झंडा चौक , बड़ा अखाड़ा से होते हुए शहर के मुख्य मार्ग करते हुऐ , मुनका बगीचा कार्यक्रम स्थल पर सभी श्रद्धालु पहुंचें । उसके बाद शाम 6 बजे से बाबा का साई लीला महानाट्य साई , साई कथा कार्यक्रम किया जाएगा । 5 को साई कथा का कार्यक्रम , भण्डारा और 6 को विशाल भजन संध्या और भण्डारा का कार्यक्रम किया जाएगा। साई लीला महानाट्य का त्रिदिवसीय कार्यक्रम शुरु हो गया है वहीं आज 5 और 6 अप्रैल को संध्या 6 बजे से शुरू हो जाएगा। प्रवचन सुनने के बाद प्रत्येक दिन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। साई लीला महानाट्य के अंतिम त्रिदिवसीय कार्यक्रम में 6 अप्रैल को विशाल भंडारा का आयोजन साई परिवार के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयोजक सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा, सचिव संजय कुमार , कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता , प्रदीप मालाकार, मनीष चौरसिया, संजय कश्यप , सुशील जायसवाल, राकेश सिन्हा , डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार, अर्जुन कुमार, बल्ली गुप्ता , गौतम किशोर , गौतम कुमार , कृष्णा पाण्डेय सहित समस्त साई परिवार के सदस्यों की अहम भूमिका निभाई जा रही है।

## गोला निवासी ज्योति कुमार सिन्हा के आकस्मिक निधन पर चित्रांशों ने शोक संवेदना व्यक्त किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला के बक्सी टोला निवासी ज्योति कुमार सिन्हा के आकस्मिक निधन पर जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक महत्वपूर्ण समाजिक कार्यकर्ता को खो दिया है। उनके निधन से कायस्थ परिवार बहुत ही मर्माहत है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार के सभी सदस्यों को दुख सहने की शक्ति दे।विदित है कि कल बुधवार के शाम में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चपेट में आ जाने से उनका दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हों गया था। वे सरकारी नौकरी में सेवा निवृत्त होकर अपने पैतृक निवास में रहते थे। उनके निधन पर रंणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबु,विनोद श्रीवास्तव, अमित कुमार सिन्हा, डाक्टर शंभू प्रसाद, राजेश कुमार, राजीव पामदत्त,बामेश्वर प्रसाद, प्रोफेसर प्रदीप कुमार सिन्हा, अधिवक्ता आनन्द कुमार,कुंवर बक्सी, अनिल कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, रोहित वर्मा, मनोज कुमार सिन्हा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, संजय लाला, डाक्टर संजीव कृष्ण जमुवार, मुन्ना श्रीवास्तव, अनिल कुमार सिन्हा, सुजीत नारायण सिन्हा, अवधेश कुमार सिन्हा, विरेन्द्र कुमार सिन्हा, धन्नजय वर्मा, उपेन्द्र कुमार सिन्हा, अधिवक्ता अनुज कुमार सिन्हा, अधिवक्ता कौशल कुमार सिन्हा,सुदेश कुमार सिन्हा, नितेश रंजन,संजीव कुमार सिन्हा, ज्योति कुमार सिन्हा सहित कई चित्रांशों ने शोक संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि हमने एक परिवार के सदस्य को खो दिया। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

## किसान मजदूर संघ डेली मार्केट रामगढ़ के द्वारा एक शोक सभा का हुआ आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बृहस्पतिवार किसान मजदूर संघ डेली मार्केट रामगढ़ के द्वारा एक शोक सभा का आयोजन पुरानी डेली मार्केट में की गई जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद द्वारा की गई एवं संचालन संघ के उपाध्यक्ष अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा द्वारा की गई । जिसमें संघ के सदस्य प्रेम महतो पिता स्वर्गीय गंगो महतो का निधन 2 /4 /2024 मंगलवार को रात्रि 11ः00 बजे अपने आवास परसोतिया में हो गया तथा अंतिम संस्कार 3/4 / 2024 दिन बुधवार को गांधी घाट रामगढ़ में सुबह 10ः00 बजे हुआ।इस शोक सभा मैं उपस्थित सदस्यों में राजकुमार कुशवाहा संदीप कुमार कपिल कुमार सीताफल महतो चुन्नीलाल महतो अमित कुमार भोला कुशवाहा मोहम्मद जमील जगदीश महतो सुधीर कुमार मिथलेश कुशवाहा बसंत कुशवाहा कालेश्वर कुशवाहा छोटेलाल महतो करू महतो कैलाश कुमार अरविंद चौधरी आदि लोग उपस्थित हुए।

## लोकसभा चुनाव को लेकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला रामगढ़ की बैठक 7 अप्रैल को



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला रामगढ़ के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए एक आवश्यक बैठक दिनांक 07/04/2024 दिन रविवार को सिन्हा मार्केट स्थित अपने आवास पर पूर्वाह्न 11 बजे बुलाई है। इस बैठक में राजनीतिक चर्चा के साथ साथ महासभा के संगठनात्मक संरचना पर भी चर्चा होना है। इस बैठक में अभाकाम के राष्ट्रीय , प्रदेश , जिला के पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्यों सहित सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तथा स्थानीय श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार के अध्यक्ष तथा महामंत्री भाग लेंगे।

## स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानी से निजात दिलाने को लेकर सचिव ने वेलफेयर पदाधिकारी को लिखा पत्र

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोल फिल्ड मजदूर यूनियन के भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने सीसीएल कर्मियों के बच्चों को स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानी से निजात दिलाने को लेकर गुरूवार को भुरकुंडा परियोजना के वेलफेयर अधिकारी को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में पप्पू सिंह ने कहा है कि भुरकुंडा से बरकाकाना डीएवी स्कूल बस से जाने वाले बच्चों की संख्या इतनी अधिक है कि चालक द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से असुरिक्षत महससू कर अधिक बच्चों को बस में चढाने से मना करते हैं। जिसके कारण कई कर्मचारियों के बच्चे स्कूल जाने से वंचित रह जाते हैं। जिससे विद्यार्थियों के पठन-पाठप भी बाधित हो जाता है। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन से उचित व्यवस्था कर उक्त समस्या का समाधान करने की मांग की है। ताकि बस से आवागमन करने वाले विद्यार्थी सुरक्षित तौर पर ससमय विद्यालय पहुंच सकें। पत्र की प्रतिलिपि महाप्रबंधक बरका-सयाल, परियोजना पदाधिकारी भुरकुंडा, परियोजना अभियंता ईएंडएम और स्टॉफ ऑफिसर बरका-सयाल को भी प्रेषित की गई है।



## रामनवमी को लेकर केंद्रीय महावीर मंडल की हुई बैठक

**इटकी :** रामनवमी महोत्सव के अवसर पर इटकी में 7 अप्रैल को यज्ञ समिति सह केंद्रीय महावीर मंडल का चुनाव होगा वही 12 अप्रैल दिन शुक्रवार को छत्तीस गांव में अखाड़ाधारियों को आमंत्रण पत्र देना साथ ही 13 अप्रैल दिन शनिवार को ग्राम भ्रमण किया जाएगा, केंद्रीय महावीर मंडल की हुई बैठक में यह निर्णय किया गया। इधर स्थानीय जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में 9 अप्रैल दिन मंगलवार से आयोजित नौ दिवसीय श्री राम चरित मानस पाठ महायज्ञ की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पूजा अर्चना के बाद रामायण का सस्वर पाठ पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में शुरू होगा। बैठक में अश्विनी नाथ शहदेव, अभय पांडेय, संजय कुमार, राजकुमार तिर्की, राजकुमार महतो, संजय सहारा, कृष्ण राम तिवारी, अनुपम, राजेश्वर महतो सहित अन्य शामिल थे।

## शपथ पत्र

**समक्ष**
**नोटरी पब्लिक**
**डाल्टनगंज, पलामू**

मैं सुनीता कुमारी पति रितेश प्रसाद गुप्ता पिता स्व. राम प्रवेश प्रसाद निवासी एचपी गैस गोदाम के पास अंबेडकरनगर रेड़मा, पो. चियांकी, थाना मेदिनीनगर, जिला पलामू, झारखंड शपथ पूर्वक इकरार करती हूं कि

1.यही कि मेरे नाम से आधार कार्ड संख्या 501581814587 है, जिसमें मेरा नाम सुनीता कुमारी दर्ज है तथा मेरे नाम से भारतीय स्टेट बैंक शाखा मेन ब्रांच मेदिनीनगर में एक खाता है, जिसका खाता संख्या 36977089632 है, जिसमें मेरा नाम सुनीता कुमारी दर्ज है।

2. यही कि मेरा नाम सुनीता कुमारी एवं सुनीता देवी दोनों है तथा मैं उपरोक्त दोनों नाम से जानी जाती हूं। दोनों नाम का एक ही महिला यानी कि मैं ही हूं, को सत्यापित करने हेतु कर रही हूं।

**सुनीता कुमारी**
**शपथकर्ता**

# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत हो रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त के अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। रामगढ़ जिले में सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने तथा स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के आयोजन हेतु अब तक हुए कार्यों को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में बैठक का आयोजन किया गया वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, सभी उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों, थाना प्रभारियों, सेक्टर दंडाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन में आप सभी अधिकारियों की भूमिका बेहद अहम है जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों के अधिकारियों को उनके द्वारा किए जाने वाले हर कार्य को पूरी गंभीरता के साथ संपन्न करने, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने निर्वाचन में सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को अपने मन में किसी भी प्रकार की कोई दुविधा ना रखने तथा कोई भी दुविधा सामने आने पर त्वरित अपने वरीय अधिकारियों के साथ संपर्क कर निर्णय लेने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान के दिन मतदान केंद्र पर सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया वहीं निर्वाचन कार्यो से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को लेकर भी उनके द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान टाउन हॉल भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने मतदाता जागरूकता शपथ के तहत भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा, अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली ।

## खनन विभाग ने बालू लदा हाइवा पकड़ा



**भुरकुंडा :** अवैध खनन को लेकर बुधवार की रात खनन विभाग ने छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने चैनगडा फोरलेन में हाइवा को जाते देखा। जिसके बाद उसे रुकवाकर उसकी जांच की गई। तो देखा कि हाइवा जेएच 02बीके-9253 में बालू लदा हुआ है। हाइवा चालक से बालू से संबंधित पूछताछ की तो सही जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद खनन विभाग के लोगों ने हाइवा जब्त कर भदानीनगर ओपी को सुपुर्द कर दिया। हाइवा में बालू अवैध है या ओवरलोड इसकी जांच चल रही है।

## रामगढ़ महाविद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार को रामगढ़ महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष डॉ सतीश कुमार सिंह की सेवानिवृत होने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा सेमिनार हॉल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि डॉ सतीश कुमार सिंह एक सफल प्राध्यापक और कुशल प्रशासक साबित हुए हैं। ये अपने कर्तव्य पालन में कभी पीछे नहीं रहे। साथ ही अपने अच्छे बोल और व्यवहार से सभी के दिल के करीब रहे हैं आज भी हर दिल अजीज हैं। सभी के सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं।सेवानिवृत हो रहे मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष डॉ सतीश कुमार सिंह ने अपने सेवाकाल के सफर का अनुभव को साझा करते हुए कहा कि प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष के साथ जैक के ओ एस डी के रूप में कार्य किया हूं कभी कर्तव्य से पीछे नहीं हटा हूं। एक तरफ कनीय अधिकारी और कर्मचारियों के लिए स्टिक रहा हूं तो दूसरी तरफ उनको बचाने का काम भी करते आया हूं। उसंचालन संचालन डॉ असीम खालको एवम योगेन्द्र राम ने संयुक्त रूप में किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रीति कमल ने किया।इस अवसर पर डॉ रणविजय प्रसाद देव, डॉ सतीश कुमार, डा. राजेश कुमार उपाध्याय,



डॉ बख्शी ओम प्रकाश सिन्हा, डा. रामाज्ञा सिंह, डा. राहुल गुप्ता, डॉ असीम खालको, डॉ प्रीति कमल, डॉ बलवंती मिंज, डॉ रोज उरांव, डॉ अनामिका, डॉ विजेता तिग्गा, डॉ. नीतु मिंज, डॉ. शालिनी प्रकाश, डॉ. शहनवाज खान, प्रो साजिद हुसैन, प्रो गोपाल कुमार, किसून महतो, अजीता किंडो, उज्वल राय, वासुदेव प्रसाद, सरजू महतो, दामोदर महतो, वीरेंद्र उरांव, सुरेश महतो, दसरथ महतो, इन्द्रमनी सिंह, भुनेश्वर शिवआनंद, विष्णु उरांव, लखी चरण, आनंद शारदेय,राम, मनोज कुमार, चंदन कुमार, राकेश रौशन,बबिता कुमारी, पुष्पा तिर्की, दीपाश्री, अनीता कुमारी, सरिता कुमारी, रीता कुमारी, लेखा देवी, पंचम महतो, प्रदीप अरण्य, गौरव प्रधान, मो उस्मान, विजय कुमार, कुंवर महतो, सुमंत महली, विनोद कुमार, रामकरन, दीपक, राजू,आदि उपस्थित थे।

## उमवि भुरकुंडा में ऑरेंज बेल्ट पाने वाली कराटेकार छात्राओं को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा की पांच छात्राओं ने तीन दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग टेस्ट में सफलता प्राप्त कर ऑरेंज बेल्ट के उपाधि से नवाजी गई हैं। साथ ही प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सम्मानित हुई है। छात्राओं की इस सफलता पर गुरूवार को भुरकुंडा थाना मैदान कीली मंदिर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण में पांचो छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डमरू महतो ने बच्चियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर डमरू महतो ने बताया कि विद्यालय के पांच छात्राओं को सितोरियू कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में ऑरेंज बेल्ट का प्रमाण-पत्र मिलने से पूरे स्कूल में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा की बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य भी है। प्रधानाध्यापक ने कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास की सराहना करते हुए कहा कहा सरकारी स्कूल की छात्राओं में भी प्रतिभा का कोई कमी नहीं है सिर्फ तराशने की जरूरत है। शिक्षक सतीश कुमार ने कहा कि इस स्कूल की 20 छात्राएं कराटे प्रशिक्षिका आस्था सिंह ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान से कराटे का प्रशिक्षण ले रही है। जिसमें पांच लड़कियों को मुख्य प्रशिक्षक सिहोन जीबी थापा द्वारा बेहतर प्रदर्शन के



लिए ऑरेंज बेल्ट का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया है। शिक्षक अशोक राय ने कहा की पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय में कराटे, योग का प्रशिक्षण सहित खो-खो, कबड्डी आदि खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजना किया जाता है। ताकि यहां के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अव्वल बन सकें। वहीं प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने कहा कि कराटे से शरीर और मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा की पढ़ाई के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को खेल-कूद में भी रूचि रखना चाहिए। क्योंकि बेहतर प्रदर्शन कर खेलों में भी करियर बनाया जा सकता है। ऑरेंज बेल्ट पाने वाली छात्राओं में शुभांशी कुमारी, सुहाना प्रवीण, खुशी कुमारी, सोनी कुमारी और ऑरेंज ग्रीन बेल्ट में मुस्कान कुमारी शामिल हैं।

## बाबा चौहरमल की 711वी जयंती धूमधाम से मनी, समाज ने बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** पासवान कल्याण केंद्रीय समिति सयाल भुरकुंडा के तत्वावधान में सयाल में गुरुवार को शिरोमणी बाबा चौहरमल की 711वीं जयंती धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उपेंद्र पासवान और संचालन संरक्षक खजांची राम ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत समिति के लोगों ने महाबली बाबा चौहरमल के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। मौके पर समाज के उत्थान व शिक्षा पर जोर देते सबों को एकजुट रहने की बात कही गई। वक्ताओं ने कहा कि बाबा चौहरमल का जन्म 1313 ई में हुआ था। वे एक किसान परिवार से थे। उन्होंने अपने समाज के उत्थान के लिए कई सराहनीय कार्य किये। इस दौरान बाबा चौहरमल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का सामुहिक संकल्प भी लिया गया। मौके समिति के संरक्षक खजांची राम, वीरेंद्र पासवान, प्रभु पासवान, इंद्रदेव पासवान, राम प्रवेश पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिजेंद्र कुमार, ब्रिदा पासवान, बटाई पासवान, शशि पासवान, पंकज पासवान सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद थें।

## चित्रांश महापरिवार गोला के पूर्व सचिव की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 23 रामगढ़ बोकारो मार्ग में बुधवार देर शाम लगभग 8ः30 बजे दामोदर रेस्टोरेंट के सामने हुई सड़क दुर्घटना में बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर हीं हो गई। मृतक की पहचान गोला बक्शी टोला निवासी ज्योति कुमार सिन्हा उर्फ मुन्ना (66 वर्ष) के रुप हुई। जानकारी के अनुसार मृतक धनबाद से बाईक चलाकर अपने घर गोला वापस आ रहे थे, इसी क्रम में यह घटना घटी। ज्योति कुमार सिन्हा वर्ष 2018 में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड(बीसीसीएल) के मुनीडीह परियोजना(धनबाद) से सेवानिवृत्त हुए थे। ज्योति कुमार सिन्हा चित्रगुप्त महापरिवार गोला के तीन वर्षो तथा सचिव पद पर रहे। वे सरल, मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। सामाजिक कार्यों में उनकी उपस्थिति सराहनीय रही है। वे अपने पीछे माँ, पत्नी और दो बेटे सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्यपरिक्षण हेतु सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। अन्त्यपरिक्षण के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। उनके देहावसान



पर चित्रांश समाज के सनतकुमार सिन्हा, अजीत कुमार सिन्हा, बिपिन बिहारी प्रसाद, प्रदीप कुमार सिन्हा, कुँवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, रविन्द्र कुमार सिन्हा, संजय बक्शी, सुजीत सिन्हा, सुमन कुमार सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, रजनीश आनंद, अभिषेक कुमार सिन्हा, अमीत कुमार सिन्हा, महेन्द्र बक्शी, संदीप बक्शी, सुदीप बक्शी, संदीप लाला, आनंद बक्शी, जीवन बक्शी, रितेश बक्शी, कुमार प्रशांत, शमी बक्शी सहित समाज के सभी सदस्यों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है, साथ ही क्षेत्र के प्रबुद्ध जन अक्षय अग्रवाल, मनोज कुमार मिश्र, भरत सोनी, पंचम चौधरी, विजय ओझा, विकास मणि पाठक, जनार्दन पाठक, उज्जवल चक्रवर्ती सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## रिभर साईड में सोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा डोजो का क्राटे प्रतियोगिता संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित वर्कर्स क्लब में गुरूवार को सोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा डोजो का एक दिवसीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भुरकुंडा कोयलांचल क्षेत्र के 40 कराटे ने हिस्सा लेकर विभिन्न स्थान प्राप्त किये। काता प्रतियोगिता में अनुष्का सिन्हा, मनन राज, तक्ष्वी, अरनव, सत्यजीत, तान्या व राधिका ने बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंकिता, सुरभि, खुशदीप, प्रत्युष, मीरा व सक्षम ने द्वितीय और हर्षवीर, शमरवीर व शिवांशी ने तृतीय स्थान पाया। प्रतियोगिता में सीनियर कराटे प्रशिक्षिका राशि सिन्हा, सागर सोनी, सुमित सोनी, खुशबु सोनी, अर्जुन कुमार (ब्लैक बेल्ट), आयुष कुमार, आदर्श कुमार, तेजस झा, पावनी धधीच, ओजश दधीचि, रितेश ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले कराटेकारों को भुरकुंडा शाखा के मुख्य प्रशिक्षक कियोशी नरेन्द्र सिन्हा सातवां डान द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य प्रशिक्ष नरेंद्र सिन्हा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। सबों को नियमित रूप से कराटे का प्रशिक्षण लेना चाहिए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में ध्रुव झा, तन्मय साव, मुकूल आनंद, नादिर अख्तर, रिधम कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर झामुमो इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है : संजीव बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** झारखंड मुक्ति मोर्चा गुरुवार को अपना 45वा स्थापना दिवस हजारीबाग जिला के मटवारी गांधी मैदान में मना रही हैं।वही इस कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन एवं पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल हो रही है। इसी आलोक में जरजरा चौक स्थित झामुमो केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया के नेतृत्व में उरीमारी क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता झामुमो स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए। वहीं रवाना होने से पूर्व संजीव बेदिया ने कहा कि पार्टी अपना 45वा स्थापना दिवस एतिहासिक स्थापना दिवस के रूप में मनाएगी यहां उरीमारी के तीनों पंचायत के ग्रामीण महिलाओं व युवतियों एवं युवाओं में हेमंत सोरेन के प्रति आस रख कर हजारीबाग के लिए रवाना हो रहे हैं। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं से ज्यादा ग्रामीणों में पार्टी के प्रति काफी उत्साह है। श्री बेदिया ने यह भी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी चौदह सीटों पर झामुमो इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार भारी मतों से जीत सुनिश्चित करेंगे। वहीं दूसरी ओर झामुमो नेता सोनाराम मांझी ने कहा कि बीजेपी ने ओछी राजनीति का परिचय दिया है। हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेवजह फंसाया गया है। ये सब झारखंड की जनता देख रही है। आज स्थापना दिवस के मौके पर एवं आगामी लोकसभा



चुनाव में पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी। और झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर अपना कब्जा जमाएंगी। वहीं झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं ने हुंकार भरते हुए कहा कि जेल का ताला टुटेगा, हेमंत सोरेन छुटेगा, हेमंत सोरेन जिन्दाबाद, कल्पना सोरेन जिन्दाबाद, चंपई सोरेन जिंदाबाद आदि नारे लगाए जा रहे थे। वहीं इस मौके पर झामुमो नेता संजय करमाली,शंकर साव, नित्यानंद बेदिया, मुकेश राउत,कृष्णा साव,उदय मेहता,सुरज बेसरा, बिनोद सोरेन, रविन्द्र सोरेन,आंनद बेसरा,अजय करमाली,बिजय सोरेन, अजय बेसरा, प्रेम सोरेन, ओमप्रकाश सिंह, शत्रुधन सिंह,सिकासन करमाली, सुगेन्द्र सिंह, राजेन्द्र बेदिया, बलराम सिंह, ध्रुव सिंह, जितेन्द्र बेदिया, राजेश सिंह, पिंटू गिरी, जयप्रकाश सिंह, बंटी कुमार, पिंकी देवी,पुजा देवी,शूकरमनी देवी,उषा, किरण,आशा देवी, शांति आदि लोग मौजूद रवाना हुए।

## उरीमारी मैगजीन के समीप एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिला, शिनाख्त नहीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना अंतर्गत उरीमारी मैगजीन घर के समीप गुरुवार को देर शाम एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिला है। वहीं यह शव सड़क के बीचों बीच पड़ी हुई थी। जिसे उरीमारी ओपी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया व उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं यह वृद्ध व्यक्ति सफेद रंग की शर्ट व सर पर गमछा लिए हुए है। और वृद्ध व्यक्ति के हाथ में गुलेल व गोलियां है। इससे यह प्रतीत होता है कि यह व्यक्ति शिकार करने निकला हुआ था। खबर लिखे जाने तक शव कि पहचान नहीं हो पाई थी। उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने ग्रामीणों से अपील कि शव के पहचान व पता चलने पर थाना से संपर्क करें।

## कृष्ण विद्या मंदिर में बाल वाटिका कक्षा का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर, रामगढ में बाल - वाटिका में नव आगंतुक बच्चों का तिलक लगाकर, बैच पहनाकर तथा कर चिन्ह लेकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें वर्ग में प्रवेश कराया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ऊषा सिंह, स्मिता तिवारी, खेल शिक्षक मनोरंजन चौधरी तथा नेहा कुमारी, सोनल यादव की अहम भूमिका रही। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता), प्रशासक एसपी सिन्हा एवं विद्यालय के प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी के द्वारा बच्चों को बैच पहनाया गयाद्य उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गईद्य इस दौरान छोटे बच्चों में बहुत ही अधिक उत्साह और उमंग देखने को मिला।

## 5 व 6 अप्रैल को सेक्टर पदाधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोक सभा निर्वाचन के लिए सभी सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण व संजय कुमार ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर सभी सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों के लिए 2 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिन, 5 अप्रैल को, सिंदरी, निरसा तथा धनबाद के तथा 6 अप्रैल को झरिया, टुंडी और बाघमारा के सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## मास्टर ट्रेनर हुए रिफ्रेशर प्रशिक्षण में शामिल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोक सभा निर्वाचन के लिए सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में 5 व 6 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ होने के पूर्व सभी 16 मास्टर ट्रेनर आज रिफ्रेशर प्रशिक्षण में शामिल हुए।

## निगम ने चलाया राहुल चौक में व्यापक सफाई अभियान



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामाजिक कार्यकर्ता राजेश स्वर्णकार के पहल पर गुरुवार को निगम के सिटी इंचार्ज शब्बीर आलम के नेतृत्व में राहुल चौक और रामकृष्णा चौक पर बड़े पैमाने पर नालियों की सफाई कराई गई। राहुल चौक एवं राम कृष्णा चौक पर व्यापक गंदगी के कारण आम लोगों का जीना दुर्लभ हो गया था जिसकी शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सरकार ने निगम अधिकारी से की। अधिकारी ने मामले के गंभीरता को देखते हुए तुरंत सफाई अभियान शुरू कराया। सफाई अभियान शुरू होने से आम लोगों में निगम के प्रति विश्वास जागा। लोगों ने निगम के प्रति आभार प्रकट किया और आशा प्रकट किया की आगे भी इस तरह का कार्य निगम द्वारा होगा। निगम ने सफाई अभियान मशीन के द्वारा किया।

## विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिनांक 04 अप्रैल 2024 को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत आज प्रखंड विकास पदाधिकारी तोपचांची, अंचल अधिकारी तोपचांची, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तोपचांची, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स गोमो इकाई, के विभिन्न पदाधिकारी सदस्य स्थानीय व्यवसाय मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। साथ हीं एसबीआई चौराहे पर मतदाता शपथ का आयोजन किया गया वहीं झरिया के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई। इन सभी गतिविधियों का लक्ष्य है कि शत प्रतिशत वोटर मतदान के दिन अपने-अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। पूर्वी टुंडी के बूथ नंबर 101,102 एवं 103 के मतदाताओं के द्वारा स्वीप कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। वहीं बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत बाघमारा, घड़बड़, छाताटांड़ एवं विभिन्न बुथों पर SVEEP कार्यक्रम किया गया। साथ ही स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत लोगों को शपथ दिलाई गई। साथ हीं लोगों में स्वीप गतिविधियों के तहत सेल्फी स्टैंड में सेल्फी भी ली। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया।

# अवैध शराब को जब्त कर पुलिस ने विक्रेता अजय गुप्ता को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जोड़ापोखर थाना पुलिस क्षेत्र में लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्ण कराने को लेकर इन दिनों असामाजिक तत्त्वों एवं अवैध धंधेबाजों के खिलाफ लगातार छापामारी करने कि मुहिम चला रही है। इसी क्रम में जोड़ापोखर पुलिस ने बुधवार कि रात को डिगवाडीह बारह नंबर में सड़क किनारे एक अवैध शराब विक्रेता के दुकान में छापामारी कर भारी मात्रा में देश व विदेशी शराब को जब्त किया है। इस दौरान पुलिस ने अवैध शराब विक्रेता अजय गुप्ता को गिरफ्तार किया है जबकि मामले में एक सरकारी शराब दुकान के कर्मी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। मामले को लेकर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने गुरुवार को बताया कि कथित लाइसेंसी शराब दुकानदार अपनी दुकान कि आड़ में पश्चिम बंगाल के संथालडीह से बड़ी मात्रा में देशी विदेशी व नकली शराब को कम दामों में मंगाकर अजय गुप्ता से अवैध रूप से बिक्री कराकर राजस्व का चुना लगाने का कार्य किया जा रहा था। कल रात को डिगवाडीह बारह नंबर में अजय कि दुकान पर लगी भीड़भाड़ को देख जब पुलिस गश्ती दल दुकान पर पहुंची तो भगदड़ मच गयी। छापामारी के बाद मामले कि खुलाशा हुई जिसमें लगभग एक दर्जन पेटी में बीयर देशी व विदेशी सहित नई कंपनी कि विस्की शराब को जब्त किया।

मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर अवैध शराब विक्रेता अजय को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाहरी शराब के सेवन करने से वह कभी कभी जानलेवा भी साबित हो सकती है। मौके पर अवर निरीक्षक सुधांशु कुमार, मुन्ना तिवारी, हरेराम सिंह आदि पुलिस अधिकारी थे।

## महुदा पुलिस ने बोकारो ले जा रहे अवैध कोयला को किया जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला अंतर्गत महुदा पुलिस ने कुंजी पुल स्थित हिरक रोड में छापामारी कर आधा दर्जन कोयला लोड मोटर साईकिलों पकड़ा। पुलिस को देखते ही मोटरसाईकिल सवार अपना बाइक छोड़कर वहाँ से फरार हो गये। पुलिस द्वारा पांच बाइक में लदे लगभग पांच टन कोयला बरामद कर थाना लाया। थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा। बताया जाता हैं की मधुबन थाना क्षेत्र से हर दिन दर्जनों की संख्या में बिना नम्बर के मोटरसाइकिल से अवैध कोयला तस्करो द्वारा बोकारो जिला में खपाया जा रहा है। बोकारो जिला में खुले एक अवैध कोयला डिपो में प्रति दिन दर्जनों बोरा कोयला मधुबन थाना क्षेत्र से ले जाया जाता है।

# संदेहास्पद स्थिति में विवाहित की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले के मुफ्फसिल क्षेत्र के लेदा भत्तेडीह में एक विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। वही शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। महिला का शव कुएं में पाया गया। महिला की पहचान मनोज दास की पत्नी सरिता देवी के रूप में की गई।बताया गया कि बच्चों बच्चों के बीच हुए झगड़े को लेकर महिला का पड़ोसियों से दो दिनों से झगड़ा चल रहा था। बुधवार शाम घर के पास के कुएं से महिला का शव बरामद किया गया।जिसके बाद पुलिस को खबर दी गई।तो मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर इसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।गुरुवार को शव का पोस्टमॉर्टम के बाद मृतका के ससुर ने शक जाहिर किया कि महिला को पड़ोसियों ने मार कर कुवें में डाल दिया है।

# बलियापुर बीडीओ ने प्रखंड अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार बलियापुर प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा प्रखंड अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक किया गया।

समीक्षा बैठक में अबुआ आवास योजना के तहत स्वीकृत सभी लाभुकों का आवास निर्माण कार्य अभिलंब प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत लंबीत आवासों को अभिलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रखंड को मानव दिवस सृजन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिससे सभी रोजगार सेवकों को पंचायत द्वारा लक्ष्य दिया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना तथा अन्य योजनाओं में कार्य प्रगति में लाने तथा पुरानी योजनाओं के पूर्ण होने के उपरांत बंद करने का निर्देश दिया गया।

समीक्षा बैठक में तीनों कनीय अभियंता अनुपस्थित पाए गए। बैठक में बताया गया कि एक कनीय अभियंता का चुनाव कार्यों में ड्यूटी सुबह 6ः00 से 2ः00 बजे अपराह्न तक तथा दो कनीय अभियंता का अपरहण 2ः00 से रात्रि 10ः00 बजे तक है। दैनिक उपस्थिति पंजी के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि पिछले 20-22 दिनों से कोई भी कनीय अभियंता कार्यालय नहीं आते हैं और ना ही पंचायत में क्रियान्वित योजनाओं की निरीक्षण करते हैं। बैठक में कर्माटांड़ एवं सुरंगा के पंचायत सचिव गौतम कुमार सिंह की अनुपस्थित पाए गए। तीनों कनीय अभियंता और एक पंचायत सचिव को स्पष्टीकरण करते हुए अगले आदेश तक वेतन स्थगित किया गया।

# टुंडी थाना परिसर में ईद व रामनवमी को लेकर शान्ति समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी/धनबाद :** टुंडी थाना परिसर में ईद एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ शैलेन्द्र कुमार चौरसिया बैठक में उपस्थित सभी ईद एवं रामनवमी के कार्यकर्ताओं को चुनाव को ध्यान में रखते हुए उक्त दोनों आयोजन पर बिशेष सावधानियां बरतने का अपील किया गया। बैठक का संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी असीम कमल टोपनो ने किया। मुख्य रूप से उपस्थित हुए मुख्यालय -2 के आरक्षी उपाधीक्षक संदीप कुमार गुप्ता। टुण्डी थाना से अनि अखिलेश प्रसाद ,सअनि चन्द्र पति सिंह, पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी, कमारडीह मुखिया जय नारायण मंडल, सांसद प्रतिनिधि भास्कर ओझा, समाजसेवी सपन ओझा, पूर्व बीस सुत्री उपाध्यक्ष तिलक मंडल,पूर्व विहिप अध्यक्ष विक्रम सिंह वीर, प्रवीण जायसवाल, संतुलाल किस्कू, नकुल सिंह, अकरम हुसैन, इम्तियाज हुसैन, शशिकांत महथा।

# लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह में आजसू नगर कमिटी की बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी है। सभी पार्टियां अपने-अपने कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने में जुटी है इस बाबत आजसु नगर कमेटी की एक बैठक नगर अध्यक्ष विश्वजीत राय की अध्यक्षता में मोदी धर्मशाला में की गई।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह जिला प्रभारी अजय सिंह, दुमका से शिरकत करने गिरिडीह पहुंचे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर गिरिडीह जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव उपस्थित रहे।बैठक में तय हुआ कि मोदी जी के 400 पर के सपने को साकार करना है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हर हाल में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन को जीत दिलानी है, वहीं जिला प्रभारी अजय सिंह ने कहा कि मिशन 2024 की जीत को तय करना है।इस मौके पर आजसू के प्रखंड व नगर प्रभारी मनोज शर्मा, उदय शर्मा, प्रवक्ता वीरेंद्र राम,अजीत यादव, अमित यादव, विनोद रजक, ज्योति शाह, प्रियंका शर्मा, डोली प्रवीण, दीपू यादव, मुकेश पंडित, पीकलू, भोला राणा, विशाल, गोलू, प्यारी यादव समेत गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड के महिला और पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित हुए वहीं कार्यक्रम का संचालन सुमन विश्वकर्मा ने किया।

# रन फॉर वोट कार्यक्रम को लेकर झरिया अंचल अधिकारी से मिला प्रतिनिधिमंडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत झरिया में मिशन एयरपोर्ट ग्रीन लाइफ झरिया एवं यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 14 अप्रैल रविवार को रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल झरिया अंचल अधिकारी से मिला एवं नारायण राम मेजिस्टेड इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। झरिया अंचल अधिकारी राम सुमन प्रसाद ने कहा की इस कार्यक्रम में धनबाद उपायुक्त एवं अन्य उच्च अधिकारी भी भाग लेंगे एवं अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सत प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने हेतु झरिया के चिल्ड्रेन पार्क से कतरास मोड़ तक हजारों लोग दौड़ लगाएंगे। इस कार्यक्रम में झरिया के लोग नए मतदाता महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र भाग लेंगे। प्रतिनिधिमंडल में ग्रीन लाइफ झरिया के डॉ मनोज सिंह, मिशन एयरपोर्ट के सचिव अनिल जैन, यूथ कॉन्सेप्ट के अखलाक अहमद, नरेंद्र मंडल, अनिल कुमार, जितेंद्र बरनवाल मौजूद थे।

# प्रतिमा विसर्जन के साथ मां मथुरासिनी का दो दिवसीय पुजा संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के तुलाडीह, भरकट्टा में आयोजित मां मथुरासिनी पुजा के आखिरी दिन प्रतिमा विसर्जन के साथ पूजा का समापन किया गया। आपको बता दें कि इसके पूर्व बुधवार की शाम आरती एवं भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें बोकारो एवं धनबाद से आए कलाकारों ने समा बांधा।

साथ हीं बाहर से आए कलाकारों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। तत्पश्चात पुजा एवं हवन के साथ ही संध्या में प्रतिमा विसर्जन हेतु जुलूस निकाला गया जो तुलाडीह से चलकर भरकट्टा बस स्टैंड होते हुए पुनः तुलाडीह तालाब पहुंचा जहां माता के प्रतिमा का विसर्जन किया गया इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष अजीत चरणपहाडी, संगठन मंत्री प्रेमसागर राम, कोषाध्यक्ष अरूण तर्वे, नवयुवक समिति अध्यक्ष राकेश तर्वे, केंद्रीय संगठन मंत्री निर्णय लोहानी, उप संगठन मंत्री जितेंद्र सेठ, सचिव प्रेम तर्वे, कोषाध्यक्ष अमरजीत वैश्खियार, मीडिया प्रभारी चंदन तर्वे, पुजा समिति अध्यक्ष राजीव सेठ, संगठन मंत्री गोलू तर्वे, सदानंद राम, रितेश माथुर, संजीव वैश्खियार, सुमन वैश्खियार, शंभू सेठ, अजय राम, दीपक तर्वे, राजु सेठ, भोला राम, अजीत तर्वे समेत काफी संख्या में माहुरी समाज के लोग उपस्थित थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# चुनाव आयोग के द्वारा जारी वित्तीय ट्रांजेक्शन से संबंधित सभी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करे सभी बैंक : जिला निर्वाचन पदाधिकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान उपायुक्त ने सम्बंधित बैंक के प्रतिनिधियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा जारी वित्तीय ट्रांजेक्शन से संबंधित सभी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराए जाए।

उपायुक्त ने सभी बैंकों के प्रतिनिधि से कहा कि किसी भी खाते में 10 लाख या उससे अधिक के लेने देने वाले संदेहास्पद खातों पर विशेष नजर रखे तथा इसकी सूचना उपायुक्त कार्यालय को भी दे वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी पत्र आदेश के अनुसार कई निर्देश दिए गए है। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न बैंकों के एटीएम मशीन में नगद राशि जमा करने वाले एटीएम वैन में सभी संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज व आईडी कार्ड को वाहन में साथ रखें ताकि किसी प्रकार के जांच के क्रम में स्थिति स्पष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन न हो, इस पर ध्यान रखने की जरूरत है। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अधीन निर्वाचन प्रक्रिया स्वच्छ बनाये रखने के लिए बैंकों के स्तर से संदेहास्पद नगदी लेन-देन पर समुचित कार्रवाई की जानी है। जिलान्तर्गत सभी बैंकों से निर्वाचन अवधी में संदेहास्पद नगदी लेन-देन की सूचना प्राप्त करने का निदेश दिया गया है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, सभी बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहें।

# सरस्वती शिशु मंदिर वनदुर्गा मालसाडा बोलबा में पूजन अर्चन के साथ सत्र हुआ प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्री हरि वनवासी विकास समिति रांची द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर वनदुर्गा मालसाड़ा में पूजन अर्चन के साथ सत्र प्रारंभ किया गया। पूजन अर्चन विधिवत मां शारदे ओम और भारत माता के समक्ष वनदुर्गा मंदिर की मुख्य पुजारी एवं सहायक पुजारी द्वारा कलश स्थापना के साथ विधिवत पूजा अर्चन किया गया। तत्पश्चात मुख्य पुजारी श्री गजेंद्र सिंह द्वारा शिक्षा और संस्कार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर ही एक ऐसा विद्यालय है जहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कार की भी शिक्षा दी जाती है एवं यहां पढ़ने वाले बच्चे अपने से बड़ों का आदर करना जानते हैं। वही प्रधानाचार्य श्री जगरनाथ सिंह जी ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से प्री प्रवेश (नर्सरी) से कक्षा पंचम तक का नामांकन प्रारंभ हो चुका है एवं सत्र 2024 - 25 में नए छात्रावास का 8 अप्रैल 2024 से शुभारंभ किया जाएगा ,साथ ही प्रधानाचार्य श्री जगरनाथ सिंह ने आग्रह करते हुए कहा कि जिस सज्जन बन्धु को नामांकन करना है यथा शीघ्र नामांकन करा ले स्थान सीमित है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# ट्रक व कार में टक्कर, कोई हताहत नहीं, कार क्षतिग्रस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सड़क दुर्घटना में कार चालक बाल बाल बचा कोई हताहत नही सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरदगा गुमला मुख्य सड़क एन एच 143 ए पर सेन्हा पेट्रोल पंप के समीप कार संख्या जे एच 01बी वाई 9161 में सवार होकर वाहन चलाते पेशरार प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मन्हेपाट में कार्यरत शिक्षक कुंदन कुमार मिंज है जो गुरूवार को लोहरदगा से लोकसभा चुनाव का प्रशिक्षण में शामिल होकर प्रशिक्षण समाप्त के बाद अपना घर टोटो जा रहें थे की अचानक सेन्हा पेट्रोल पंप के पास घाघरा तरफ से बॉक्साइड लदा ट्रक संख्या जे एच 09 ए सी 8412 ने कार में टक्कर मार दिया। जिसे कार चालक शिक्षक ने सीट बेल्ट लगाया था जिस कारण शिक्षक को कोई चोट नही आई। वहीं दुर्घटना के पश्चात ट्रक चालक वाहन को रास्ता में छोड़ कर फरार हो गया। सेन्हा थाना पुलिस के एस आई मनीष कुमार महतो एवं ए एस आई रामचन्द्र मांझी ने घटना स्थल पर पहुंच घटना का जायजा लेते हुए दोनो वाहन को जप्त कर सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रख अग्रतर कारवाई में जुट गये हैं।

## क्षेत्र की कला व संस्कृति संरक्षण करना सराहनीय पहल : आर.आर.मिश्रा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बगडू हिल बॉक्साइट माइन्स में हिंडालको सीएसआर की ओर से सामाजिक संस्कृति संरक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम दलदलिया, कोरगो, छोट चोरगाई, बड़ चोरगाई, हिसरी नवाटोली, बगडू, सियार पाड़ा, बेटहट, जामुन टोली आदि गांव के ग्रामीणों के बीच 14 मांदर एवं नगाड़ा का वितरण खान सुरक्षा महानिदेशालय,चाईबासा क्षेत्र के निदेशक आर.आर. मिश्रा की अगुवाई में बांटे गए। इस अवसर पर श्री आर.आर. मिश्रा ने कहा कि संस्कृति संरक्षण के लिए मांदर नगाड़ा का वितरण हिंडालको की सराहनीय पहल है। मौके पर हिंडाल्को के वरीय उपाध्यक्ष (ऑपरेशन) प्रतीक कुमार, महाप्रबंधक (लोहरदगा कलस्टर) राजेश रंजन अम्बष्ठा, बगडु के खान प्रबंधक राज सिन्हा, हिंडालको सीएसआर की ओर से भास्कर सिन्हा, भूगर्भशास्त्री गौरीशंकर प्रसाद, प्रदुमन कुमार, अनिल सिंह, सुष्मिता भौमिक, अबीर चक्रवर्ती, बुधुवा उरांव, अनिता, सोमे समेत ग्रामवासी महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

## न्यायालय आदेश उलंघन मामला में अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल




**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्यायालय के आदेश का उलंघन मामला तथा भरण पोषण भत्ता की निर्धारित राशि समय से उपलब्ध नही कराने के आरोप में पति गिरफ्तार सेन्हा पुलिस भेजा न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के गगेया छापर टोली निवासी रंथू उराँव के 38 वर्षीय पुत्र चंद्रनाथ उराँव के विरुद्ध पत्नी बिना उराँव ने मुकदमा दर्ज करवा कर न्याय का गुहार लगाया गया था। जिसमें लोहरदगा न्यायालय के आदेशानुसार पत्नी को खोरीस पोरिस की राशि निर्धारित करते हुए प्रत्येक माह देने की आदेश निर्गत किया गया था। परंतु कुछ माह के बाद चंद्रनाथ उराँव अपनी पत्नी को भरण पोषण भत्ता देना बंद कर दिया था। जिस पर वादिनी बिना उराँव ने न्यायालय में खोरीस पोरिस बकाया रहने तथा समय से नही देने का आरोप लगाते हुए न्याय का गुहार लगाई जिसके आलोक में सेन्हा थाना पुलिस को केश नम्बर 45/23 के तहत अभियुक्त चंद्रनाथ उराँव के विरुद्ध कारवाई करने का आदेश निर्गत होने के पश्चात प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के निर्देश पर ए एस आई अलबिना लकड़ा द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से अभियुक्त को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। इस संदर्भ में प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि न्यायालय के आदेश का उलंघन मामला में अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# सीट बेल्ट के प्रयोग से दुर्घटना की संभावना को किया जा सकता है कम : आर. आर. मिश्रा

### हिंडाल्को द्वारा लोहरदगा में परिवहन सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को परिवहन सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम, खान सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वावधान में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान विभाग लोहरदगा द्वारा होटल रेड रॉक, लोहरदगा में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राकेश रामेश्वर मिश्रा (डायरेक्टर माइन्स सेफ्टी) चाईबासा क्षेत्र, वरीय उपाध्यक्ष (आपरेशन) प्रतीक कुमार, महाप्रबंधक (लोहरदगा क्लस्टर) राजेश रंजन अम्बष्ठा, विभाग प्रमुख (ई एंड एम) अह्लादी नरेंद्र बाबू,अजय ठाकुर (मैकेनिकल हेड), मैकेनिकल इंजीनियर गौरव कुमार, प्रबंधक (कुजाम माइंस) जितेंद्र साहू और उप इंजीनियर महेंद्र भगत, बी.के. महापात्रा, ट्रक एसोसिएशन, जीबी परिवहन और ट्रक चालक सम्मिलित थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में, खानों के खतरे, उनसे बचाव, मॉडल सुरक्षा नियम, ट्रक ड्राइवर्स के लिए सुरक्षित कार्य निर्देश आदि के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अजय ठाकुर ने वेलकम नोट और फूलों के गुलदस्ते के साथ करवाया और मैकेनिकल इंजीनियर गौरव कुमार, कुजाम माइन्स ने ट्रेनिंग को आगे बढ़ाया। मुख्य अतिथि आर.आर.मिश्रा ने नियर मिस रिपोर्ट न करने के प्रभाव, व्हील चॉक और सीट बेल्ट ना लगाने से दुर्घटना की संभावना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल यूज़ नहीं करना है आदि के बारे में बताया। अंत में प्रतीक कुमार ने मॉडल ट्रैफिक नियम पालन करने, और स्वयं सुरक्षा उपकरण के प्रयोग करने की सलाह दी। राजेश रंजन अम्बष्ठा के धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जलडेगा हाथी के आतंक से त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहे हैं लोग, एक हाथी को खदेड़ने में विभाग नाकाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के विभिन्न हाथी प्रभावित गांवों में पीछले एक माह से हर रात किसी न किसी गरीब का घर उजड़ रहा है। इस हाथी को क्षेत्र से भगाने के लिए प्रशासन द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। पिछले मंगलवार और बुधवार रात को झुण्ड से बिछड़ा हाथी द्वारा बेंदोसेरा गांव के भालुघुटकुरा में कोशिका देवी पति मंजू बोड़ेक, दुरपति देवी पति स्व कृष्णा दास, एतवारी देवी पति एतो दास। इस टोली में बिजली भी नहीं है और न ही सोलर लाईट है। रात के अंधेरे में लोग जीने में मजबूर हैं। इस पीड़ित परिवार से मिलने के लिए परबा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मालती देवी पहुंच कर मुआवजा हेतु कागजी प्रक्रिया के लिए सहयोग करने की बात कही। जोनोदा में बेने जोजो, जोलेन जोजो और सिहरमुंडा में जीवन मसीह सुरिन का घर को ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को खा कर बर्बाद किया और कई घरेलु सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर जलडेगा प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष सुशील जड़िया और पंचायत अध्यक्ष मसीहदास तोपनो के प्रयास से वन विभाग कोलेबिरा द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्र में मोबिल और जूट बोरा का वितरण किया गया।

## असलम अंसारी व सैफ अहमद के नेतृत्व में सरहुल पर्व शोभायात्रा में शामिल लोगों का किया स्वागत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बृहस्पतिवार को आदिवासी सरना समिति किस्को के द्वारा सरहुल शोभायात्रा का आयोजन आदिवासी सरना समिति किस्को के द्वारा एवं आदिवासी नेता दुर्गा उरांव के नेतृत्व में किया गया। सरहुल पर्व की शोभायात्रा में आदिवासी कला संस्कृति का भी प्रदर्शन किया गया। एवं आदिवासी ढोल नगाड़ा के थाप में लोग झूमे। इस सरहुल शोभा यात्रा में फ्रेंडशिप कल्ब किस्को के अध्यक्ष असलम अंसारी एवं आर्टिरीज कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर सैफ अहमद के द्वारा 3 स्टाल लगाकर सभी लोगो का स्वागत किया गया। साथ ही चना, गुड, पानी, तरबूज का भी वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से युवा कांग्रेस नेता सद्दाम अंसारी, कैश अहमद, उल्फत अंसारी, एनएसयूआई मनौवर आलम, धीरू अंसारी, फ्रेंडशिप कल्ब के पदाधिकारी जेयौद्दिन अंसारी, धीरज साहू, आलोक भगत, राजा गुप्ता, धीरज उरांव, आलोक भगत, चांद उरांव, सरफराज अंसारी आदि शामिल थे।

## अविराम ने अभिभावको के साथ की बैठक प्रशिक्षुओं के विकास को लेकर की चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा के बीएड और डी एल एड संकाय द्वारा प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चितता प्रकोष्ठ से परामर्श उपरांत प्रशिक्षुओं के विकास, कॉलेज स्तर से क्या सुधार किए जाए, और विविध प्रकार के समसामयिक विषयों जैसे मतदान, क्लाइमेट चेंज, जल संरक्षण आदि पर भी चर्चा की गई और फीडबैक लिया गया। अत्यधिक संख्या में गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, लातेहार, रांची, नेतरहाट आदि जिलों से अभिभावको में शमीमा, नसीम, सुषमा, अंकित, मचेश्वर, सुर्यमुनि, नवीन, राजू, शिवनाथ, जितेंद्र, सत्रुघन, बिट्टन, पोपेन, रामचंद्र, अनूप, सोहन, संदीप, जूली, अमित, बंदी, मनशुख, दीपशिखा, रवींद्र, संदीप, कमर, तौहीद, मधेश्वर, इस्तकबाल, जुगल, सुधीर, हरीश, रोहित, देवकी आदि पधारे जिनका स्वागत कर दीप प्रज्वलन के पश्चात आंतरिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गई और इसमें प्रथम से दस स्थान पाने वाले प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहन स्वरूप भेंट भी दी गई। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन जंगबहादुर महतो और धन्यवाद ज्ञापन पंकज कुमार द्वारा किया गया, तथा रेणुका, आफताब, ममता, ऋतु मनु, शशि, शिव शंकर, अजॉय, चिनिबास आदि उपस्थित रहे।

## आम निर्वाचन के लिए प्रतिनियुक्त प्रथम मतदान पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रतिनियुक्त प्रथम मतदान पदाधिकारियों को आज गुरुवार को नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कुल 378 पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। आज प्रशिक्षण में प्रथम मतदान पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के प्रशिक्षण अंतर्गत अपने दायित्वों का बिना चूक निर्वहन करने, अपने सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने, पीठासीन पदाधिकारी का सहयोग करने व सहयोगियों के बेहतर समन्वय रखते हुए कार्य करने, मतदान सामग्री के बारे जानकारी रखने व मतदान केंद्र में उन सामग्री की व्यवस्था, ईवीएम व वीवीपैट के लिए आवश्यक सीलिंग सामग्री, मतदान के पूर्व की तैयारी, मतदान के दिन की तैयारी,मॉक पोल, मतदान प्रारंभ करने से संबंधित, आवश्यक प्रपत्रों को भरे जाने सम्बंधित विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गयी। आज के प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण निर्देश मतदान पदाधिकारियों को दिए। उक्त प्रशिक्षण 6 अप्रैल 2024 तक संचालित होगा।

# भदुवापारा में स्थानीय सरहुल की निकली शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड के भदुवापारा गांव में पाहन तिवारी उरांव की अगुवाई में पूजा अर्चना के उपरांत सरहुल शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा गांव के विभिन्न गली मुहल्ले से होकर गुजरी। पाहन तिवारी उरांव ने कहा कि सरहुल प्रकृति पर्व है। सदियों से फूलों और धरती माता की पूजा की जाती है। समस्त प्राणी सुखी रहें, पेड़ पौधे जीवन्त रहे, ऐसी कामना सरना स्थल भदुवापारा पर भगवान से की गई। मौके पर मनोज उरांव, सुनील उरांव, बबलू उरांव, गंगा उरांव, हरी उरांव, सुदीप उरांव, सुखराम उरांव, सुनील उरांव, बसंती उरांव, जतरी उरांव, मुनकी उरांव, रिंकी उरांव समेत कई युवक युवतियों ने कान में फूल खोसकर नृत्य किया। मौके पर बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीण मौजूद थे।

## रामनवमी प्रबंधन समिति तामड़ा की हुई बैठक अध्यक्ष बने विजय केसरी

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के तामड़ा में बुधवार देर शाम रामनवमी प्रबंधन समिति तामड़ा की बैठक राजकिशोर पंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की बात ही इस वर्ष रामनवमी धूमधाम के साथ मनाने को लेकर निर्णय लिया गया ।वहीं मौके पर समिति का गठन की किया जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष विजय केसरी उपाध्यक्ष दीपक केसरी, अमृत केसरी छठकु केसरी को बनाया गया, सचिव विश्वनाथ मिश्रा ,उप सचिव लक्ष्मी केसरी, कोषाध्यक्ष सोनू केसरी उपाध्यक्ष पप्पू केसरी, वहीं संरक्षक में सुंदर साव, बनवारी साव, सूरज साव, अशोक गुप्ता, वहीं आयोजन की निगरानी के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया जिसमें अशोक केसरी, संजय केसरी, रघुवंश केसरी, सुबोध केसरी, विकास साहू, धर्मनाथ खड़िया, ईश्वर सिंह, रघुवंश केशरी, भोला साव राहुल कैथवार को बनाया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामनवमी पर्व के दिन बाजार एवं दुकान बंद रहेगी, अवैध शराब पर नजर रहेगी।

# केंद्रीय महावीर मंडल सेन्हा के अध्यक्ष बने जितेंद्र महतो व उपाध्यक्ष उज्जवल शुक्ला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्रीय महावीर मंडल सेन्हा की बैठक भोला साहू की अध्यक्षता में सती मंदिर प्रांगण में वर्ष 2024 श्री रामनवमी पूजा सह भरत मिलाप की भव्य शोभायात्रा एवं अस्त चालन प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न किए जाने को लेकर आहूत की गई। जिसमें पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई समिति का पुनर्गठन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लाया गया। जिसमें इस वर्ष 2024 में समस्त कार्यक्रम संपन्न किए जाने हेतु जितेंद्र महतो को अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया और बैठक में समिति का विस्तार भी किया गया जो निम्न प्रकार हैं। अध्यक्ष-जितेंद्र महतो कार्यकारी अध्यक्ष-नवीन कुमार साहू, उपाध्यक्ष-उज्जवल शुक्ला, अजय महतो, रितेश महतो अशोक यादव, रितेश यादव, सचिव-अरविंद कुमार सह्सचिव-सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष-रवि कुमार सह कोषाध्यक्ष -सत्यम महतो संगठन सचिव सदस्य-सैंटी साहू, नवल साहू, संजय महतो, अमित महतो,सुदीप महतो, छोटू महतो, संदीप साहू अशोक महतो, अनिल राम, कामेश महतो। सलाहकार सदस्य पूर्व अध्यक्ष गण-नंदकुमार राम गोपाल प्रसाद साहू, उत्कर्ष मेहता अरविंद पाठक, दिनेश साहू, भोला साहू, बलराम महतो, रंजीत साहू। संरक्षक सदस्य-चंद्र मोहन पाठक, किनेश्वर महतो, कलावती देवी, रामलखन साहू, जयप्रकाश साहू, रामलाल महतो, केदार साहू, जयनाथ साहू, अजय सोनी, केदार लहेरी, रघुनंदन साहू, केदार महतो मोहन महली, बृजमोहन प्रसाद रविंद्र साहू रंजीत साहू नंदकिशोर शुक्ला विजय सोनी लक्ष्मण महतो, मंगरु महतो, मंटू शिवाजी साहू, अमित महतो, रामलगन महतो, ईश्वर महतो, जितेंद्र ठाकुर, दशरथ साहू, बिंदेश्वर महतो, संतोष महतो, अवधेश साहू, राजू राम, राजेश राम,जगदीश महतो को बनाया गया। इस मौके पर केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र महतो ने कहा रामनवमी का पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है इसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी का त्योहार काफी धूमधाम हर्षोलास के साथ मनाया जाएगा। हमारे आराध्य श्री रामलला इसी वर्ष टेंट से निकलकर सदियों बाद अपने दिव्या भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं इसी निमित्त इस वर्ष की रामनवमी अभूतपूर्व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। विदित है कि श्री रामनवमी पूजा आगामी 17 अप्रैल को है वही भारत मिलाप शोभायात्रा दसमीं 18 अप्रैल को है जिसमें नवरात्र प्रारंभ से लेकर सातवीं तक विभिन्न अखाड़ों में कार्यक्रम होगा और अष्टमी के रात्रि भरत मिलाप गांव परिभ्रमण शोभायात्रा नवमी दिन में पूजा और दसवीं के दिन शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों का समागम भारत मिलाप भव्य शोभायात्रा के साथ मेले में प्रस्थान कर आकर्षक अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता के साथ संपन्न होगी।

# आगामी लोकसभा चुनाव के रणनीति को लेकर भाजपा ने कोर कमेटी में की चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगडा :** प्रखंड क्षेत्र मां भगवती पहाड़ी मंदिर के समिप भारतीय जनता पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक बुलाई गई इस बैठक की अध्यक्षता सतीश कुमार ने किया एवं संचालन महामंत्री विरोचन गिरी कर रहे थे सतीश कुमार ने कहा लाभार्थी को दृष्टिकोण में रखते हुए लाभार्थी जनसंपर्क अभियान व नमो ऐप द्वारा माइक्रो डोनेशन को लेकर प्रखंड में कार्यकर्ताओं को जागरूक व सशक्त करने का काम हमारे संगठन द्वारा किया जा रहा है। जिससे आगामी 2024 लोकसभा चुनाव को 400 पार का नारा को पूर्ण करने का संकल्प दिलाने का कार्य कर रहे है। चतरा लोकसभा सीट के लिए स्थानीय उम्मीदवार के मांग को लेकर जनता में काफी उथल-पुथल मची थी उसे देख चतरा को स्थानीय उम्मीदवार से चतरा लोकसभा के जनता काफी उत्साहित दिखे,इस बैठक में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता पूर्व सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी उज्जवल दास शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए। चतरा भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा चतरा लोकसभा के जनता द्वारा स्थानीय प्रत्याशी की मांग पर भाजपा सिर्फ नेतृत्व ने पहली बार चतरा लोकसभा की जनता की मांग को गंभीरता से लिया व चतरा जिले के चतरा प्रखंड क्षेत्र के सुन बीघा गांव के कालीचरण सिंह को प्रत्याशी के रूप में चतरा को मिला, कालीचरण ने कहा कि मुझे चतरा की जनता से पूर्ण विश्वास है कि जिस तरह से दो बार चतरा लोकसभा को आप सभी ने आशीर्वाद दिया उस तरह से मुझे भी आशीर्वाद देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर मैं जीत कर आता हूं तो आपके क्षेत्र के लिए आपके सुख-दुख में मैं हमेशा खरा उतारूंगा। इस बैठक में दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए जिनमे सेवा निवृत शिक्षक युगेश्वर दांगी, ज्ञानी राम दांगी, अखिलेश कुमार, तिलेश्वर प्रजापति, रंजीत कुमार ,जोगन यादव, प्रभात कुमार, पिंटू कुमार, अभिषेक कुमार ,अमित कुमार ,बैजनाथ यादव ,इन सभी को कालीचरण सिंह ने वह जिला अध्यक्ष भोक्ता जी ने माला पहना कर स्वागत किया। इस बैठक में, विनय सिंह, सुमन सौरभ, उज्व्वल दास, भाजपा उपाध्यक्ष बासुदेव दांगी, सुखसागर राणा, बीरबल दांगी, विमल सिंह, कुसुमलता कुशवाहा, प्रमिला देवी, मंजू देवी, जीत द्यनारायण दांगी, बैजनाथ यदुवंशी, जीतन राम समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुवे।

# यूपी ने देश को दिए सबसे ज्यादा पीएम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, यह लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम तय करेंगे। देश के वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी को इस पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वह लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एनडीए गठबंधन के पीएम फेस हैं। भारत देश का प्रधानमंत्री पद अब तक कुल 15 लोग संभाल चुके हैं, इनमें गुलजारी लाल नंदा भी शामिल हैं। उन्होंने दो बार बतौर एक्टिंग पीएम देश की कमान संभली। पहले पीएम जवाहर लाल नेहरू, दूसरे पीएम लाल बहादुर शास्त्री, तीसरी पीएम इंदिरा गांधी यूपी से चुनकर ही लोकसभा पहुंचे थे। देश के वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी वैसे तो गुजरात से संबंध रखते हैं लेकिन वह भी दोनों बार यूपी की वाराणसी लोकसभा सीट से ही चुनकर संसद पहुंचे हैं। यूपी ने भारत को अब तक कुल 9 प्रधानमंत्री दिए हैं, जिनमें राजीव गांधी, चंद्रशेखर, वीपी सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी और चौधरी चरण सिंह शामिल हैं।

### नेहरू गांधी परिवार से तीन प्रधानमंत्री

नेहरू गांधी परिवार ने अब तक देश को तीन प्रधानमंत्री दिए हैं। देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू लगातार तीन चुनाव जीतकर देश के पीएम बने। पंडित जवाहर लाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी देश की तीसरी पीएम थीं। इंदिरा गांधी ने करीब 16 साल देश की कमान संभाली। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी भारत के प्रधानमंत्री बने। वह पांच साल तक पीएम रहे।

### बतौर पीएम कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर कांग्रेसी अटल बिहारी वाजपेयी



बीजेपी नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने कुल तीन बार देश की बागडोर संभाली। उनका पहला कार्यकाल महज 13 दिन का था, जो अब तक के प्रधानमंत्रियों में सबसे छोटा है। हालांकि अटल बिहारी वाजपेयी 1999 चुनाव के बाद जब तीसरी बार पीएम बने तो उन्होंने पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा किया। वह बतौर पीएम कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर कांग्रेसी पीएम थे।

### पीवी नरसिम्हा राव साउथ से पहले मनमोहन सिंह एकमात्र सिख

पीएम पद तक पहुंचने वाले नेताओं में कांग्रेस पार्टी के पीवी नरसिम्हा राव भी शामिल हैं। पीवी नरसिम्हा राव जून 1991 में भारत के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने पूरे पांच साल सरकार चलाई। वह दक्षिण भारत से संबंध रखने वाले देश के पहले पीएम थे। इसी तरह सरदार मनमोहन सिंह ने साल 2004 भारत के प्रधानमंत्री बने। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने 2009 का लोकसभा चुनाव जीता। सिख समुदाय से संबंध रखने वाले वह पहले पीएम थे।

### क्या नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री?

लगातार दस साल सरकार चलाने वाले पहले गैर कांग्रेसी पीएम नरेंद्र मोदी- नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में पीएम पद की शपथ ली। इसके बाद वह साल 2019 में दोबारा भारत के प्रधानमंत्री बने। इससे पहले जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह ही ऐसे पीएम जो लगातार दस सा भारत के प्रधानमंत्री रहे। नरेंद्र मोदी यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के पहले गैर कांग्रेसी पीएम हैं।

# कांग्रेस ने गंवाए तीन बड़े चेहरे

*** पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ व अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने छोड़ी कांग्रेस**
*** संजय निरुपम को कांग्रेस पार्टी से निकाल दिया**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : लोकसभा चुनाव के प्रचार ने जोर पकड़ लिया है और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को झटके पर झटके लग रहे हैं. 24 घंटे के अंदर पार्टी ने तीन बड़े चेहरे गंवा दिए हैं.



बुधवार दोपहर में अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी जॉइन कर ली. कुछ ही घंटे बाद कांग्रेस ने संजय निरुपम को पार्टी से निकाल दिया. गुरुवार सुबह पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने भी अचानक कांग्रेस का साथ छोड़ दिया है. ये तीनों नेता हरियाणा, महाराष्ट्र और राजस्थान में बड़े चेहरे माने जाते हैं.

चुनाव के बीच कांग्रेस को यह बड़ा नुकसान माना जा रहा है. ओलिंपिक्स पदक विजेता और अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए हैं. बुधवार को बीजेपी मुख्यालय में विजेंदर का स्वागत किया गया. विजेंदर मंगलवार रात तक कांग्रेस के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे थे. इस बीच, बुधवार दोपहर खबर आई कि विजेंदर ने कांग्रेस छोड़ दी है और बीजेपी का दामन थाम लिया है. विजेंदर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी का काम करेंगे.

देश-दुनिया में हमारे खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा है. विजेंदर ने साल 2019 में राजनीति में कदम रखा और कांग्रेस के टिकट पर साउथ दिल्ली से चुनाव लड़े. हालांकि, वो बीजेपी के रमेश बिधूड़ी से हार गए थे. विजेंदर जाट समाज से आते हैं और चर्चाएं हैं कि वो इस बार अपने गृह क्षेत्र भिवानी सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे. हालांकि, कांग्रेस मथुरा से टिकट देकर हेमा मालिनी के खिलाफ मैदान में उतारने की तैयारी में थी. टिकट का ऐलान होने से ठीक पहले उन्होंने पाला बदल लिया. फिलहाल, बीजेपी ने हरियाणा की सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं.

जानकारों का कहना है कि विजेंदर के जरिए बीजेपी हरियाणा, पश्चिमी यूपी और राजस्थान में बड़ी संख्या में जाट वोटर्स को साधने की कोशिश करेगी. महाराष्ट्र कांग्रेस में उठा-पटक का तूफान थमता नहीं दिख रहा है. कांग्रेस ने पार्टी विरोधी बयानबाजी पर संजय निरुपम 6 साल के लिए बाहर कर दिया है. जबकि निरुपम ने कहा- मैंने खुद पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. उसके बाद पार्टी ने सस्पेंड करने का प्रेस नोट जारी किया.

इससे पहले महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण और मिलिंद देवड़ा ने भी साथ का साथ छोड़ा था. निरुपम लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य रहे हैं. उन्होंने लोकसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) के साथ सीट बंटवारे की बातचीत के बीच पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधा था. उसके बाद कांग्रेस ने पहले स्टार कैंपनर्स की लिस्ट से बाहर किया, फिर से पार्टी से निकाल दिया. निरुपम ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे गए अपने इस्तीफे के मेल का स्क्रीनशॉट शेयर किया और एक्स पर लिखा, ऐसा लगता है कि पार्टी ने कल रात मेरा इस्तीफा मिलने के तुरंत बाद निष्कासन लेटर जारी करने का फैसला किया. इतनी तत्परता देखकर अच्छा लगा.

# पप्पू यादव ने दाखिल किया नामांकन का पर्चा



**एजेंसी**

**पटना** : जन अधिकार पार्टी का विलय करवाकर कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया। इसके बाद सियासत शुरू हो गई। कांग्रेस ने उन्हें इंडी गठबंधन का प्रत्याशी बताने से साफ तौर पर इनकार कर दिया। कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि पप्पू यादव कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार नहीं हैं। कांग्रेस के कोटे में जो 9 सीट आई है उसमें पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र नहीं है। राजद नेत्री बीमा भारती ही इंडी गठबंधन की साझा प्रत्याशी हैं। इसलिए कांग्रेस पार्टी का एक-एक वर्कर और एक-एक कार्यकर्ता बीमा भारती को जिताएगा। इधर, नामांकन के बाद पूर्व सांसद पप्पू यादव ने कहा कि वह कांग्रेस को बिहार में आगे बढ़ाना चाहते हैं। वह कांग्रेस के साथ हैं। वहीं दावा करते हुए कहा पप्पू यादव ने कहा कि मुझे कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। मैंने अपनी पार्टी को विलय कर लिया था इसलिए निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ रहा है। जब मेरी भावना कांग्रेस में समर्पित है और मुझे कांग्रेस परिवार से अलग करने की कोशिश की गई। पप्पू यादव ने स्पष्ट कहा कि मरते दम तक मुझे कोई कांग्रेस परिवार से अलग नहीं कर सकता। कांग्रेस के उम्मीदवार के जिताने के लिए मेरे एक-एक वर्कर हर परिस्थिति काम करेंगे। पप्पू यादव ने राजद और लालू-तेजस्वी पर हमला बोला। पप्पू यादव ने यहां तक कह दिया कि मेरी राजनीतिक हत्या की साजिश रची गई थी। जिस किसी ने मेरे पॉलिटिकल डेथ की कोशिश की और जिसने परिवार के पीछे नफरत दिखाया। मुझे समझ नहीं आया कि यह कैसी नफरत थी? पप्पू यादव के कहा कि आज का दिन मेरी जिंदगी के अध्याय का है क्योंकि मैंने सबका दिल जीता है और मुझे सभी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।

उन्होंने कहा पूर्णिया से गरीबी मिटाना, हर परिवार के बच्चों की खुश रखने का मेरा संकल्प है। हर परिवार के लिए जीने और कोसी-सीमांचल को बिहार में नंबर बनाने का मेरा लक्ष्य है। हर तरह के भ्रष्टचार को मिटाना मेरा लक्ष्य है। साथ ही पूर्णिया को दुनिया के मानचित्र पर लाना है। पप्पू यादव ने कहा कि मुझे जनता का आशीर्वाद मिल चुका है।

# कांग्रेस ने तीनों लोक में किया है भ्रष्टाचार : जेपी नड्डा



**एजेंसी**

**देहरादून:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने देवभूमि और वीरभूमि से कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न जल छोड़ा, न नभ छोड़ा, न थल छोड़ा, न पाताल छोड़ा है। उसने तीनों लोक में भ्रष्टाचार किया है। पाताल में कोयला घोटाला, आकाश में अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, जमीन पर बोफोर्स घोटाला और थल में पनडुब्बी घोटाला किया है। ये कांग्रेस पार्टी का इतिहास है। पिथौरागढ़ में गुरुवार को आयोजित जनसभा में जेपी नड्डा ने जनता की याददाश्त को ताजा किया। उन्होंने कहा कि क्या यह सच्चाई नहीं है कि कांग्रेस सरकार में कोयला का घोटाला हुआ था, पनडुब्बी का घोटाला हुआ था, 2जी और 3जी का घोटाला हुआ था, कामन वेल्थ गेम का घोटाला हुआ था। हुआ था कि नहीं कहकर लोगों से जवाब मांगा तो हां की आवाज आई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 40 वर्षों से कांग्रेस ने वीरों के साथ धोखा किया। अगर किसी ने न्याय दिलाया है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वन रैंक-वन पेंशन से दिलाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा। आज वह धरातल पर उतरता हुआ दिख रहा है और विकास की गंगा बह रही है। नड्डा ने लोगों से कहा कि 19 अप्रैल को चुनाव में आपको उन लोगों का चयन करना है, जिन्होंने उत्तराखंड के दर्द को समझा है। उत्तराखंड को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, युवाओं की आकांक्षाओं को पंख लगाने का काम किया। महिलाओं का सशक्तिकरण किया, उत्तराखंड को मुख्यधारा में लाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी और दूसरी तरफ वो लोग हैं, जिन्होंने दशकों तक जनता के साथ धोखा किया, घोटाले किए। विकास का नारा देकर विनाश की तरफ ढकेला और घोटालों की सरकार एक नहीं अनेक सरकार चलाई।

# आप नेता संदीप पाठक का जल्द हो सकता है झारखंड दौरा : राकेश



*** आप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक से प्रदेश संयोजक डीएन सिंह के नेतृत्व में झारखंड टीम ने की मुलाकात**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : नई दिल्ली में आयोजित लोकतंत्र बचाओ रैली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक से प्रदेश संयोजक डीएन सिंह के नेतृत्व में झारखंड टीम ने मुलाकात की। श्री पाठक ने कहा की संगठन को मज़बूती प्रदान करने के लिए जल्द ही पलामू क्षेत्र में कई राष्ट्रीय नेताओं का दौरा होगा और वहाँ के कार्यों की समीक्षा कर के पार्टी को गति देने की दिशा में कदम बढ़ाये जाएँगे। पलामू के सांगठनिक ढाँचे के बारे में पलामू के प्रभारी सह झारखंड राज्य प्रवक्ता सौरभ श्रीवस्तव और कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने व्यक्तिगत स्तर पर भी संदीप पाठक को पलामू की स्थिति से अवगत कराया जिसपर उन्होंने ख़ुशी ज़ाहिर की। केंद्र की ओर से झारखंड और पलामू में एक मज़बूत टीम को देखते हुए दिल्ली क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में झारखंड की टीम पार्टी के लिए सक्रिय भूमिका अदा करेगी। यहाँ की टीम के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे की अगुवाई में दिल्ली लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार की अहम् ज़िमेदारी निभाएगी।मीडिया से बात करते हुए पलामू प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव और कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने पार्टी के क़द्दावर नेता सह राज्य सभा सांसद संजय सिंह की जमानत पर हर्ष जताया। कहा कि जल्द ही आप के सभी नेता जेल से बाहर होंगे। क्योंकि ये सब साजि़श के तहत जेल भेजे गये हैं और भाजपा और ईडी का षड्यंत्र अब न्यायालय के सामने आ चुका है। राकेश तिवारी ने कहा कि पलामू टीम के इस दिल्ली दौरे और पार्टी के वरीय पदाधिकारियों से मुलाक़ात से पलामू क्षेत्र में संगठन को गति मिली है और आने वाले दिनों में पार्टी इससे मज़बूत होगी।

# संदेशखाली के गुनहगारों को जेल में काटनी होगी जिंदगी : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में पीएम मोदी ने आज एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैं ममता दीदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं. 2019 में एक रैली को संबोधित करने के लिए मैं इसी मैदान पर आया था, उस समय उन्होंने इस मैदान को आकार में छोटा करने के लिए इसके बीच में एक मंच का निर्माण करवाया था, उस समय मैंने कहा था कि जनता इसका जवाब देगी.

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार ममता दीदी ने कोई बाधा नहीं डाली और आज मुझे आप सभी से मिलने का मौका मिला.प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल में जो विकास हुआ है, वो तो सिर्फ ट्रेलर है. मेरे विरोधी कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है, मोदी के लिए मेरा भारत मेरा परिवार है.



पूरे बंगाल और देश ने देखा कि कैसे संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी गई थी. संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो हुआ, वो टीएमसी के अत्याचारों की पराकाष्ठा थी.

बीजेपी ने तय किया है कि संदेशखाली के गुनहगारों को सजा दिलवाकर रहेंगे. उन्हे अब अपनी जिंदगी जेल में ही काटनी पड़ेगी.पीएम मोदी ने कहा कि मैं कह रहा हूं भ्रष्टाचार हटाओ, विपक्ष कहता है भ्रष्टाचारियों को बचाओ. बीजेपी सरकार ने सीएए पेश किया है, लेकिन इंडिया ब्लॉक इसके बारे में झूठ फैला रहा है. उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक के साझेदार टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस झूठ की राजनीति कर रहे हैं. ये बंगाल का मिजाज पूरा देश देख रहा है. साथ ही कहा कि 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना और नमो दीदी योजना के तहत बहनों को वह ड्रोन दे रहे हैं. इससे उनकी आय बढ़ेगी.

# मप्र में भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी ताकत, पूर्व मुख्यमंत्रियों को मैदान में उतारा

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अधिक से अधिक लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा और कांग्रेस, दोनों दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों दलों ने पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी चुनाव लड़ाया है, जिससे उनकी स्थिति और मजबूत हो सके। जहां पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं, तो कांग्रेस ने भी दिग्गज नेता और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से चुनाव लड़ाया है। दोनों नेता अपनी-अपनी सीटों पर जी-तोड़ मेहनत भी कर रहे हैं और चुनावी अभियान में जुटे हुए हैं।

### यात्रा को बनाया हथियार

राजनीति में यात्रा का बहुत महत्व है, यह बात शिवराज और दिग्विजय, दोनों दिग्गज नेता समझते हैं। इसलिए दोनों अपने क्षेत्र में लगातार यात्रा कर रहे हैं और लोगों से संपर्क साध रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने जहां एक बार फिर से पदयात्रा को अपना हथियार बनाया है, तो शिवराज भी सड़क और रेल मार्ग के सहारे अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं।

### विदिशा से पांच बार सांसद

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट हाई प्रोफाइल सीट मानी जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी यहां से चुनाव लड़ चुके हैं। इसके अलावा पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज भी यहां से सांसद रह चुकी हैं। खुद शिवराज सिंह चौहान भी मप्र के मुख्यमंत्री बनने से पहले पांच बार विदिशा से सांसद रह चुके हैं। उन्होंने यहां से 1991, 1996, 1999 एवं 2004 में लोकसभा चुनाव जीता है।



### दिग्विजय के किले में घेराबंदी

इधर दिग्विजय सिंह राजगढ़ में कांग्रेस की तरफ से ताल ठोंकेंगे। राज्यसभा का कार्यकाल बाकी होने के बावजूद उन्होंने राजगढ़ से चुनाव लड़ने की हामी भरी। वह पैदल घूम-घूमकर लगातार लोगों से मिल रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के रोडमल नागर से है, जो कि पिछले दो चुनाव में यहां से सांसद चुनकर आ चुके हैं। ऐसे में दिग्विजय सिंह के चुनावी मैदान में उतरने से राजगढ़ का मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

**मध्य प्रदेश में अधिक से अधिक लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा और कांग्रेस, दोनों दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों दलों ने पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी चुनाव लड़ाया है, जिससे उनकी स्थिति और मजबूत हो सके।**